CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 26°C

मुजफ्फरनगर, मंगलवार 26 अगस्त 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 224 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद शुक्ल पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 | 2 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




शुभांशु शुक्ला का लखनऊ में ऐतिहासिक स्वागत पेज 2



मीराबाई चानू व देवरिया ने जीते गोल्ड खेल टाइम्स



नदियों और पहाड़ों ने अपना हिस्सा लेना शुरू किया सम्पादकीय



भारत-फिजी के बीच सात समझौतों पर हस्ताक्षर पेज 12

# ट्रम्प के टैरिफ वॉर पर पीएम मोदी ने किया पलटवार

## कहा: किसानों पर कोई आंच नहीं देंगे, कितना भी दबाव आए झेलने की ताकत बढ़ाते रहेंगे

**अहमदाबाद, वार्ता**



■ 27 अगस्त से अमेरिका भारत पर लगा रहा है 50 प्रतिशत टैरिफ

**प्रधानमंत्री मोदी** ने सोमवार को अहमदाबाद में कहा कि देश के छोटे उद्यमी हों, किसान हों, या पशुपालक हों, सभी के लिए, मैं बार-बार वादा करता हूं, आपका हित मोदी के लिए सर्वोपरि है।

उन्होंने ट्रम्प के टैरिफ का जिक्र करते हुए कहा कि मेरी सरकार छोटे उद्यमियों, किसानों और पशुपालकों पर कभी कोई आंच नहीं आने देगी। चाहे कितना भी दबाव आए, हम झेलने की अपनी ताकत बढ़ाते रहेंगे। अमेरिका भारत पर 27 अगस्त से 50 प्रतिशत टैरिफ लगा रहा है। उन्होंने अपनी स्पीच में ऑपरेशन सिंदूर, कांग्रेस का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि दुनिया ने देखा है कि हमने पहलगाम का बदला कैसे लिया। 22 मिनट में सब कुछ साफ कर दिया। गुजरात सुदर्शनधारी और चरखाधारी दो मोहन की धरती है। सुदर्शनधारी ने भारत को सेना के पराक्रम -इच्छाशक्ति का प्रतीक बनाया। चरखाधारी ने आत्मनिर्भर बनाया है। पीएम 25 और 26 अगस्त को गुजरात दौरे पर हैं। वे शाम 5 बजे अहमदाबाद पहुंचे और नरोडा से निकोल तक करीब 3 किमी लंबा रोड शो किया। उन्होंने हाथ हिलाकर लोगों को अभिवादन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, राज्यपाल देवव्रत आचार्य समेत कई नेता मौजूद रहे। उन्होंने 5477 करोड़ के विकास कार्यों की शुरुआत की। साबरमती से कटोसन रोड ट्रेन और कार लोडेड ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। पीएम मोदी ने कहा कि गुजरात की ये धरती, दो मोहन की धरती है। एक सुदर्शन चक्रधारी मोहन यानी हमारे द्वारकाधीश श्रीकृष्ण। दूसरे चरखाधारी मोहन यानी साबरमती के संत पूज्य बापू। भारत आज सुदर्शन चक्रधारी मोहन और चरखाधारी मोहन के दिखाए रास्ते पर चलकर निरंतर सशक्त होता जा रहा है। पहले आतंकी हमारा खून बहाते थे और दिल्ली में बैठी कांग्रेस सरकार कुछ नहीं करती थी। लेकिन आज आतंकवादियों और उनके आकाओं को हम छोड़ते नहीं, चाहे वो कहीं भी छुपे हों। दुनिया ने देखा है कि पहलगाम का बदला भारत ने कैसे लिया है। 22 मिनट ही सबकुछ साफ।

## सार्वजनिक नहीं की जाएगी पीएम मोदी की डीयू की डिग्री

■ सीआईसी का आदेश कोर्ट ने पलटा
■ विवि डिग्री दिखाने के लिए बाध्य नहीं

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बैचलर डिग्री सार्वजनिक नहीं होगी। दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) का आदेश पलट दिया। दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस सचिन दत्ता ने सोमवार को दिल्ली यूनिवर्सिटी (डीयू) की याचिका पर अपना फैसला सुनाया।

कोर्ट ने कहा कि विश्वविद्यालय डिग्री दिखाने के लिए बाध्य नहीं है। दरअसल सीआईसी ने 2016 में एक आरटीआई एक्टिविस्ट की याचिका पर दिल्ली यूनिवर्सिटी को 1978 में बीए की परीक्षा पास करने वाले सभी छात्रों के रिकॉर्ड सार्वजनिक करने का आदेश दिया था। पीएम मोदी ने भी इसी साल परीक्षा पास की थी। आरटीआई एक्टिविस्ट की ओर से पेश सीनियर एडवोकेट संजय हेगड़े ने दलील दी कि जो जानकारी मांगी गई है, वह हर विश्वविद्यालय सार्वजनिक करता है। इसे अक्सर नोटिस बोर्ड पर, विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर और कई बार अखबारों में भी छापा जाता है। इधर, डीयू की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पक्ष रखा और कहा कि महज जिज्ञासा को आरटीआई के जरिए सूचना मांगने का आधार नहीं मान सकते हैं। ये मामला 2016 में शुरू हुआ था, जब आरटीआई कार्यकर्ता नीरज कुमार ने डीयू से 1978 में बीए पास करने वाले छात्रों केनाम, रोल नंबर, अंक व पास फेल का ब्योरा मांगा था।

# छात्रों पर लाठीचार्ज बर्बरता और शर्मनाक: राहुल-प्रियंका

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ SSC अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज करना डरपोक सरकार की पहचान

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कर्मचारी चयन आयोग- एसएससी की परीक्षा में गड़बड़ी किए जाने का विरोध कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज को शर्मनाक करार देते हुए सोमवार को कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर यह अन्याय तथा बर्बरता है और इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता है।

राहुल गांधी ने कहा कि रामलीला मैदान में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे एसएससी अभ्यर्थियों और शिक्षकों पर बर्बर लाठीचार्ज- शर्मनाक ही नहीं, एक डरपोक सरकार की पहचान है। युवाओं ने सिर्फ़ अपना हक़ मांगा था- रोज़गार और न्याय। मिली क्या। लाठियां। उन्होंने कहा कि साफ़ है कि मोदी सरकार को न देश के युवाओं की चिंता है और न ही उनके भविष्य की। क्यों हो, ये सरकार जनता के वोटों से नहीं, वोट चुराकर सत्ता में आई है। पहले वोट चुराएंगे फिर परीक्षा चुराएंगे फिर नौकरियां चुराएंगे फिर आपका हक़ और आवाज़ दोनों कुचल देंगे! युवाओं, किसानों, गरीबों, बहुजनों और अल्पसंख्यकों – आपका वोट इन्हें चाहिए नहीं, इसलिए आपकी मांगे कभी इनकी प्राथमिकता नहीं होंगी। प्रियंका ने कहा कि एसएससी छात्रों पर पुलिस बल प्रयोग अमानवीय और शर्मनाक है।

## यूएपीए मामले में सलीम खान की जमानत बरकरार

**नई दिल्ली।** शीर्ष अदालत ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की उस अपील को खारिज कर दिया है जिसमें कर्नाटक उच्च न्यायालय द्वारा 'अल-हिंद' संगठन से संबंधों के लिए गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत आरोपी सलीम खान को जमानत देने के आदेश को चुनौती दी गई थी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ का तर्क है कि चूंकि अल-हिंद का यूएपीए के तहत प्रतिबंधित संगठन के रूप में नाम नहीं है इसलिए इसकी बैठकों में भाग लेना ही अधिनियम के तहत कोई अपराध नहीं माना जाएगा।

## दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता की सिक्योरिटी वापस ली गई

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को दी गई जेड प्लस सिक्योरिटी सोमवार को हटा ली गई। 4 दिन पहले उन पर हमले के बाद यह सिक्योरिटी दी गई थी। यह फैसला वापस क्यों लिया गया, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। अब फिर से उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी दिल्ली पुलिस को सौंपी गई है। इधर सीएम रेखा पर हमले के मामले में रविवार को दूसरी गिरफ्तारी हुई। पुलिस ने बताया कि मुख्य आरोपी राजेश भाई खीमजीभाई सकरिया के सहयोगी तहसीन सैयद को अरेस्ट किया गया है। दिल्ली सीएम आवास में 20 अगस्त की सुबह जनसुनवाई के दौरान रेखा गुप्ता पर हमला हुआ था। शिकायतकर्ता बनकर पहुंचे राजेश ने सीएम को कागज देते समय उनका हाथ खींचा था। हमले में रेखा के हाथ-कंधे, सिर पर चोटें आईं थीं।

## दिल्ली मेट्रो के किराए में बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने सोमवार से मेट्रो का किराया बढ़ा दिया है। डीएमआरसी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि दिल्ली मेट्रो सेवाओं के यात्री किराए में बदलाव किया गया है। सामान्य लाइनों पर एक रुपये से चार रुपये और एयरपोर्ट लाइन पर पांच रुपये तक की वृद्धि की गई है। इस इजाफे के बाद शून्य से दो किलोमीटर के बीच की छोटी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों को अब 11 रुपये देने होंगे। इस बढ़ोतरी से पहले न्यूनतम किराया 10 रुपये था। लेकिन 32 किलोमीटर से ज्यादा की सबसे लंबी दूरी तय करने वालों को 64 रुपये देने होंगे। मेट्रो रेल सेवा किराए में बढ़ोतरी 2004 में, उसके बाद 2005 और 2009 में हुई थी। साल 2017 में भी मई और अक्टूबर में किराए में संशोधन हुआ था।

## यमुनोत्री हाईवे लैंडस्लाइड से बंद

**नई दिल्ली।** उधर उत्तराखंड में यमुनोत्री नेशनल हाईवे लैंडस्लाइड की वजह से बंद हो गया है। यह भूस्खलन बाणस के पास हुआ, जिससे यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया है। वहीं बिहार के पटना में सोमवार सुबह मूसलाधार बारिश हुई। इससे कई इलाकों में 2 से 3 फीट तक पानी भर गया है। वहीं झारखंड में हो रही बारिश के कारण नालंदा में नदियों का जलस्तर बढ़ने बाढ़ के हालात हैं।

# दिव्यांगों का मजाक उड़ाने पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

## पांच कॉमेडियंस को अपने यूट्यूब चैनलों पर माफी जारी करने का निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को समय रैना सहित पांच हास्य कलाकारों को दिव्यांगजनों के बारे में असंवेदनशील चुटकुले बनाने पर अपने यूट्यूब चैनलों और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर माफ़ी जारी करने का निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने यह आदेश एसएमए क्योर फाउंडेशन की एक याचिका पर दिया। इस याचिका में समय रैना, विपुल गोयल, बलराज परमजीत सिंह घई, सोनाली ठक्कर और निशांत जगदीश तंवर के आपत्तिजनक चुटकुलों को चिन्हित किया गया था। संगठन ने अदालत से हास्य के नाम पर दिव्यांगजनों का मज़ाक उड़ाने से रोकने के लिए दिशा-निर्देश भी मांगे थे। पीठ ने कहा कि हालांकि इन हास्य कलाकारों ने खेद व्यक्त किया है, लेकिन माफ़ी की मात्रा उससे हुए नुकसान के अनुरूप होनी चाहिए। न्यायमूर्ति कांत ने टिप्पणी करते हुए कहा कि पश्चाताप की मात्रा, अपमान की मात्रा से ज्यादा होनी चाहिए। अदालत ने यह भी कहा कि वह अगली सुनवाई में हास्य कलाकारों को दिए जाने वाले दंड पर फैसला करेगी। भारत के महान्यायवादी, आर. वेंकटरमणी ने अदालत को सूचित किया कि ऐसी चिंताओं के समाधान के लिए मसौदा दिशा-निर्देश, रिकॉर्ड में रखे जाएंगे, साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि हास्य पर 'पूरी तरह से रोक' लगाना संभव नहीं है। अदालत ने कहा कि हास्य जीवन का एक अभिन्न अंग है, लेकिन यह गरिमा की कीमत पर नहीं आ सकता। जब हास्य सामुदायिक स्तर पर संवेदनशीलता का उल्लंघन करता है, तो यह समस्या की बात है। न्यायमूर्ति बागची ने कहा कि प्रभावशाली लोगों को याद रखना चाहिए कि वे अपने बोलने की क्षमता का व्यवसाईकरण कर रहे हैं, और इसका इस्तेमाल भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए नहीं होना चाहिए। न्यायमूर्ति कांत ने हास्य कलाकारों से कहा कि वे अपने मंचों का उपयोग विकलांगता अधिकारों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए भी करें। इस मामले की सुनवाई यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया और आशीष चंचलानी के इंडियाज़ गॉट लेटेंट विवाद में उनके खिलाफ दर्ज कई प्राथमिकियों को एक साथ करने के लिए दायर याचिकाओं के साथ हुई। न्यायालय ने दोहराया कि यह मुद्दा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता से कहीं आगे जाता है, क्योंकि इसमें संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत दिव्यांगजनों के सम्मान का अधिकार शामिल है।

## चुनाव विशेषज्ञ संजय कुमार को सुप्रीम राहत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव विशेषज्ञ संजय कुमार को सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिए महाराष्ट्र की मतदाता सूची से जुड़ी गलत जानकारी फैलाने के आरोप में चुनाव आयोग की ओर से दर्ज कराई गई दो एफआईआर के सिलसिले में गिरफ्तारी से सुरक्षा प्रदान की। सीजेआई गवई और न्यायमूर्ति अंजारिया की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा और वकील सुमीर सोढ़ी की इस दलील पर गौर किया कि चुनाव विशेषज्ञ की ओर से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने के बावजूद एफआईआर दर्ज की गई हैं। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि नोटिस जारी करें। इस बीच कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी। सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ डेवलपिंग सोसाइटीज में लोकनीति के सह-निदेशक संजय ने अपने खिलाफ दर्ज दो एफआईआर को रद्द करने की मांग करते हुए अदालत का दरवाजा खटखटाया है।

# बुलंदशहर में कंटेनर ने ट्रैक्टर-ट्रॉली में मारी टक्कर, नौ मरे, 42 घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**




**बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर जिले के अरनिया क्षेत्र में सोमवार को तेज रफ्तार कंटेनर की टक्कर से ट्रैक्टर-ट्रॉली पर सवार नौ श्रद्धालुओं की मृत्यु हो गई जबकि 42 अन्य घायल हो गए जिनमें दो की हालत अब भी नाजुक बनी हुई है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि अलीगढ़ जिले के सीमावर्ती घटाला गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 34 पर रात करीब सवा दो बजे तेज़ रफ्तार कंटेनर ट्रक ने श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मार दी। इस हादसे में आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य ने उपचार के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, ट्रैक्टर-ट्रॉली कासगंज जिले के सोरो थाना क्षेत्र के रफयादपुर गांव से लगभग 60 श्रद्धालुओं को लेकर जा रही थी। यह समूह राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले में गोगामेड़ी मंदिर में धार्मिक यात्रा के लिए जा रहा था। घटाला गांव के पास पहुंचे, तेज़ रफ्तार कंटेनर ट्रक ने वाहन के पिछले हिस्से में टक्कर मार दी, जिससे श्रद्धालु अलग-अलग दिशाओं में गिर गए। इस हादसे में करीब 42 लोग घायल हो गए, जबकि नौ की मृत्यु हो गई। पुलिस ने घायलों को कैलाश खुर्जा, सीएचसी जटिया व सीएचसी मुनि अस्पताल में प्राथमिक उपचार के लिए भेजा, जिसमें गम्भीर घायलों को हायर सेंटर रेफर किया गया है।

वर्तमान में 10 घायलों का मेडिकल कॉलेज अलीगढ़ व 10 घायलों का जिला अस्पताल बुलन्दशहर तथा अन्य 22 घायलों का कैलाश अस्पताल खुर्जा में इलाज चल रहा है। घायलों में दो की स्थिति गम्भीर बनी हुई है एवं अन्य सभी घायलों की स्थिति सामान्य है। घटना करने वाला ट्रक संध्या पत्नी संदीप निवासी फरीदाबाद हरियाणा के नाम पर पंजीकृत है, जिसको कब्जे पुलिस में लिया जा चुका है, जो कि धान की भूसी लादकर जा रहा था। मृतकों में ट्रैक्टर चालक ईयू बाबू (40), रामबेटी (65),चांदनी (12), घनीराम (50), मोक्षी (40), शिवांश (06) योगेश (50), सोरेन सिंह (45) और विनोद (45) शामिल हैं। उपचार के दौरान नेम सिंह की मृत्यु हो गई।

## बुलंदशहर हादसे से सीएम योगी दुखी पीड़ित परिजनों को मिलेगी मदद

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में सोमवार को हुए सड़क हादसे में हुई जनहानि पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक संवेदना व्यक्त की है जबकि घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। योगी ने प्रत्येक मृतक के परिजन को दो-दो लाख रुपये व हर घायल को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही घायलों का उपचार सरकार के खर्चे पर किया जाएगा।

# फैसले की गलत व्याख्या से न्यायपालिका की स्वतंत्रता को नुकसान

**नई दिल्ली, वार्ता**




■ गठबंधन प्रत्याशी रेड्डी पर शाह की टिप्पणी, रिटायर्ड 18 जजों ने दुर्भाग्यपूर्ण बताया
■ गृहमंत्री ने कहा था- सलवा जुडूम के खिलाफ जजमेंट न होता, तो नक्सलवाद खत्म हो गया होता

विपक्ष के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी पर गृहमंत्री अमित शाह की टिप्पणी की रिटायर्ड जजों ने आलोचना की है। शाह ने रेड्डी पर नक्सलवाद का समर्थन करने का आरोप लगाया है, जिसे पूर्व जजों ने दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। कहा कि उपराष्ट्रपति पद का सम्मान करना ही बुद्धिमानी होगी।

सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के रिटायर्ड जजों के समूह में पूर्व जज जस्टिस कुरियन जोसेफ, जस्टिस मदन बी लोकुर और जस्टिस जे चेलमेश्वर समेत 18 जज शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सलवा जुडूम फैसला स्पष्ट या परोक्ष रूप से नक्सलवाद या उसकी विचारधारा का समर्थन नहीं करता। उन्होंने कहा कि उपराष्ट्रपति पद को अभियान भले ही वैचारिक हो, लेकिन इसे शालीनता और गरिमा के साथ चलाया जा सकता है। किसी भी उम्मीदवार की तथाकथित विचारधारा की आलोचना करने से बचना चाहिए। दरअसल अमित शाह ने 22 अगस्त को केरल में कहा था, सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज सुदर्शन रेड्डी वही व्यक्ति हैं जिन्होंने नक्सलवाद की मदद की। उन्होंने सलवा जुडूम पर फैसला सुनाया। अगर सलवा जुडूम पर फैसला नहीं आता, तो नक्सली चरमपंथ 2020 तक खत्म हो गया होता। गृह मंत्री अमित शाह ने 22 अगस्त को केरल में मनोरमा न्यूज कॉन्क्लेव 2025 को संबोधित किया। रिटायर्ड जजों के समूह ने बयान जारी कर कहा एक उच्च राजनीतिक पदाधिकारी की ओर से सुप्रीम कोर्ट के फैसले की पूर्वाग्रहपूर्ण गलत व्याख्या से जजों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ने की आशंका है। इससे न्यायपालिका की स्वतंत्रता को नुकसान पहुंच सकता है। बयान पर हस्ताक्षर करने वालों में सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज एके पटनायक, जस्टिस अभय ओका, जस्टिस गोपाल गौड़ा, जस्टिस विक्रमजीत सेन, जस्टिस कुरियन जोसेफ, जस्टिस मदन बी लोकुर, जस्टिस जे. चेलमेश्वर, सीनियर एडवोकेट संजय हेगड़े और प्रो. मोहन गोपाल शामिल हैं। बीते चार दिनों में अमित शाह विपक्ष के उपराष्ट्रपति उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी और उनके सलवा जुडूम पर दिए जजमेंट को लेकर 2 बयान दे चुके हैं।

# गौतम गंभीर को राहत नहीं

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर रोक लगाने से दिल्ली हाईकोर्ट का इन्कार

दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को पूर्व भारतीय क्रिकेटर और टीम इंडिया के मौजूदा हेड कोच गौतम गंभीर, उनकी संस्था (गंभीर फाउंडेशन) और परिवारजनों के खिलाफ चल रही ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही को रोकने से इन्कार कर दिया।

जस्टिस नीना बंसल कृष्णा ने गौतम गंभीर की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि अदालत 29 अगस्त को इस मामले को विस्तार से सुनेगी। बता दें कि गौतम गंभीर ने एफआईआर को रद्द करने और 9 अप्रैल को दिए गए उस आदेश को वापस लेने की अपील की थी, जिसमें ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर लगी रोक को हटा दिया गया था। इस मामले की सुनवाई के दौरान जब गौतम गंभीर के वकील ने उनके राजनीतिक और क्रिकेट करियर का जिक्र किया, तो अदालत ने सख्त लहजे में कहा कि आप बार-बार नाम और पहचान गिनवा रहे हैं, जैसे यह अदालत में कोई असर करेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### मतदाता के अधिकार की लड़ाई आगे बढ़ाते रहना होगा: खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को कहा कि बिहार में इंडिया गठबंधन की चल रही 'वोटर अधिकार यात्रा' को लोगों का भरपूर समर्थन मिल रहा है और मतदाताओं के अधिकार के लिए हमें अपनी लड़ाई को आगे बढ़ाते जाना है। खड़गे ने यहां कांग्रेस संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत झारखंड, ओडिशा, पंजाब और उत्तराखंड के नवनियुक्त पार्टी पर्यवेक्षकों की बैठक में कहा कि मतदाताओं के अधिकारों के लिए पार्टी को अपनी लड़ाई आगे बढ़ाते रहने के साथ ही लोगों को संदेश देते रहना होगा। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री, पूर्व मुख्यमंत्री गोविंद वल्लभ पंत, पूर्व मुख्यमंत्री गुंडू राव, मंत्री धर्म सिंह, जिला अध्यक्ष के पद पर रहे हैं।

# जवानों ने आतंकियों को कर्म देखकर मारा

**जोधपुर, वार्ता**



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राजस्थान के जोधपुर में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले के आतंकियों को हमारे जवानों ने उनका धर्म पूछकर नहीं, उनका कर्म देखकर मारा। इस ऑपरेशन में हमारी सेनाओं ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया और तय किए टारगेट पर सटीक हमला किया है।

रक्षा मंत्री ने इस ऑपरेशन को नए भारत की पहचान बताया। उन्होंने कहा कि इस ऑपरेशन सिंदूर की सबसे बड़ी विशेषता थी कि आक्रमण के लिए जो टारगेट तय किया था, हमारी सेना ने उसी लक्ष्य पर सटीक हमला किया। मैं तो यहां तक कहना चाहूंगा कि ऑपरेशन

**■ पहलगाम में धर्म पूछकर मारा था: राजनाथ**

सिंदूर के दौरान हमारी सेनाओं को सभी सीमावर्ती क्षेत्रों से पूरा समर्थन मिला। जोधपुर में रक्षा एवं खेल अकादमी के उद्घाटन के दौरान राजनाथ सिंह ने कहा कि एक सुरक्षित और मजबूत राष्ट्र के निर्माण के लिए रक्षा, शिक्षा और खेल का समन्वय अत्यंत आवश्यक है। शिक्षा ज्ञान प्रदान करती है, जबकि रक्षा से सुरक्षा सुनिश्चित होती है।

# शुभांशु शुक्ला का लखनऊ में ऐतिहासिक स्वागत

**शाह टाइमस ब्यूरो**

**लखनऊ।** अंतरिक्ष यात्री व ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का सोमवार को उनके गृह नगर लखनऊ में गर्मजोशी से स्वागत किया गया। एक्सओम मिशन-4 के सदस्य शुभांशु सोमवार सुबह अमौसी हवाई अड्डा पहुंचे, जहां उनका स्वागत उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने किया।

लखनऊ एयरपोर्ट से सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस तक हजारों छात्र छात्राएं और अन्य अन्तरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला 'शुक्स' की स्वागत यात्रा में शामिल हुए। आसमान की तरफ लहराते झंडे, पुष्पवर्षा और गगनभेदी नारों से 39 वर्षीय अन्तरिक्ष यात्री का अभूतपूर्व स्वागत देखने लायक था। शुभांशु सीएमएस के छात्र रहे हैं। समारोह की शुरुआत एयरपोर्ट से हुई, जहां सीएमएस प्रबंधक प्रो. गीता गांधी किंगडन के नेतृत्व में छात्रों ने बैंड प्रस्तुति दी और अपने गौरवशाली पूर्व छात्र का माल्यार्पण किया। इसके बाद खुले वाहन पर निकलने वाली शोभायात्रा शहर की सड़कों से गुजरी, उनके पीछे हजारों की



अमौसी हवाई अड्डे पर सीएम योगी, डिप्टी सीएम बृजेश पाठक व शुक्ला के पिता व माता तथा अन्य ने अंतरिक्ष यात्री व ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का स्वागत किया।

उल्लसित भीड़ 'जय हिन्द और जय जगत' के नारे लगाती चल रही थी। जी-20 चौराहे पर तो स्वागत समारोह का दृश्य बेहद रोमांचक हो गया, जब हजारों लोगों की तालियों के बीच शुमांशु विनम्रता से हाथ हिलाकर अभिवादन कर रहे थे। भव्य शोभायात्रा का समापन सी. एम.एस. गोमती नगर एक्सटेंशन शाखा पर हुआ। जहां 3000 की संख्या में बच्चों ने परेड निकालकर उनका स्वागत किया। इस दौरान शुभांशु शुक्ला भी बच्चों का अभिवादन स्वीकार करते नजर आए। परेड कार्यक्रम के बाद शुभांशु शुक्ला ने स्कूल के बाहर प्लांटेशन भी किया। सीएमएस आडिटोरियम में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान प्रो. गीता किंगडन ने अपना स्वागत उद्बोधन दिया। प्रो-गांधी किंगडन ने कहा कि शुभांशु की उपलब्धि केवल स्कूल की नहीं बल्कि हर भारतीय की है। उन्होंने सचमुच विद्यालय के आदर्श वाक्य 'जय जगत' की भावना को साकार किया है। हमें उन पर असीम गर्व है और हम उनके गगनयान मिशन समेत समस्त अन्तरिक्ष कार्यक्रमों की अभूतपूर्व सफलता की कामना करते हैं। इसके बाद स्कूली बच्चों ने देशभक्ति गानों पर रंगारंग प्रस्तुति दी। इस दौरान शुभांशु शुक्ला और उनके पिता शंभु दयाल शुक्ला, माता आशा शुक्ला, पत्नी कामना मिश्रा का प्रो गीता किंगडन, संस्थापिका भारती गांधी ने मंच पर स्वागत किया। एयरपोर्ट पर स्वागत के लिए पहुंचे यूपी के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि अपनी जन्मभूमि लखनऊ आगमन पर वायु सेवा के जांबाज़ ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का हार्दिक स्वागत और अभिनंदन है। उत्तर प्रदेश के लिए आज अतिविशेष और महत्वपूर्ण दिन है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि शुभांशु शुक्ला ने जिस प्रकार से हमारे देश का मान-सम्मान बढ़ाया है। अंतरिक्ष में भारत की ताकत के प्रतीक के रूप में हैं।


### सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय विदेश मंत्रालय को निर्देश दिया

# गायब रूसी मां और बच्चे को लेकर अनुरोध पत्र भेजें

**नई दिल्ली, वार्ता**

उच्चतम न्यायालय ने भारतीय विदेश मंत्रालय को निर्देश दिया है कि वह गायब हुई एक रूसी महिला और उसके बच्चे का पता लगाने के लिए रूसी दूतावास को प्राथमिकी और संबंधित दस्तावेजों के साथ एक नया अनुरोध पत्र भेजे।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने रूस को भारत के साथ हस्ताक्षरित कानूनी सहायता संधि का उल्लेख करते हुए कहा कि रूसी दूतावास को अपने द्विपक्षीय दायित्वों की याद दिलानी चाहिए। इस संधि में कहा गया है कि दोनों पक्षों को आपराधिक मामलों में यथासंभव व्यापक कानूनी सहायता देनी चाहिए। न्यायालय ने अपर सॉलिसिटर जनरल



(एएसजी) ऐश्वर्या भाटी से यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि मॉस्को स्थित भारतीय दूतावास राजनयिक माध्यमों का सक्रिय रूप से उपयोग करे। विदित हो कि इस घटना में एक रूसी महिला अपने भारतीय पति के साथ चल रहे अपने पांच साल के बच्चे की कस्टडी विवाद के बीच कथित तौर पर बच्चे के साथ भारत से चली गई थी।

### भूस्वामियों को झुग्गी झोपड़ियों के पुनर्विकास का पहला अधिकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि महाराष्ट्र झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्र अधिनियम, 1971 के तहत अधिसूचित भूमि के पुनर्विकास का पहला अधिकार भूस्वामी को है और राज्य ऐसी जमीन के अधिग्रहण के लिए तब तक आगे नहीं बढ़ सकता, जब तक भूस्वामी का अधिकार खत्म न कर दिया जाए। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने मुंबई के कुर्ला में अधिग्रहण से संबंधित एक विवाद का निपटारा करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि एसआरए को भूस्वामी को झुग्गी-झोपड़ी पुनर्वास योजना के लिए प्रस्ताव करते हुए नोटिस जारी करना आवश्यक है।

### 'एस्ट्रोनॉमी' पर नहीं 'एस्ट्रोलॉजी' पर विश्वास करती है भाजपा : सपा

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को उनके अंतरिक्ष अभियान की सफलता पर बधाई देते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तंज कसा और कहा कि भाजपा 'एस्ट्रोनामी (खगोल विज्ञान) के बजाय एस्ट्रोलाजी यानी ज्योतिष विज्ञान पर विश्वास करती है।

पार्टी कार्यालय पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में यादव ने केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के एक बयान का हवाला देते हुए कहा कि बीजेपी वाले कह रहे हैं कि पहले अंतरिक्ष यात्री भगवान हनुमान जी थे। हमारे सभी भगवान ही अंतरिक्ष में रहते हैं। भाजपा हर बात का श्रेय लेने की कोशिश करती है, लेकिन दुख इस बात का है कि शुभांशु भाजपा के सदस्य नहीं है।

# एक भी मतदाता का शपथ-पत्र मूल रूप में प्राप्त नहीं हुआ : यूपी चुनाव आयोग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** यूपी में वर्ष 2022 में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में 18,000 वोट हटाए या काटे जाने के समाजवादी पार्टी के आरोपों पर राज्य निर्वाचन आयोग ने एक बार फिर स्पष्टीकरण जारी किया है। आयोग का कहना है कि एक भी शपथ पत्र मूल रूप में नहीं मिला है, स्कैन की गईं कॉपियां जरूर मिलीं हैं, जिनमें से कुछ की जांच पूरी हो चुकी है और कुछ की जारी है।

सोशल मीडिया साइट एक्स पर राज्य निर्वाचन आयोग ने सपा मीडिया सेल की एक पोस्ट का जवाब देते हुए लिखा कि 18 हजार शपथ पत्रों के साथ की गई शिकायत का जो उल्लेख बार बार किया जा रहा है, उसके संबंध में यह स्पष्ट किया जाता है

**■ सपा की शिकायतों पर दिया स्पष्टीकरण**

कि एक भी मतदाता का शपथ पत्र मूलरूप में प्राप्त नहीं हुआ है। ईमेल के माध्यम से समाजवादी पार्टी द्वारा जो शिकायत की गई है उसमें लगभग 3919 अलग अलग नाम के व्यक्तियों के शपथ पत्रों की स्कैन कॉपी अवश्य प्राप्त हुई हैं। राज्य निर्वाचन आयोग ने लिखा कि शिकायत 33 जिलों के 74 विधानसभा क्षेत्रों से संबंधित है। 5 विधानसभा क्षेत्रों से संबंधित शिकायत की जांच पूर्ण हो चुकी है और एक्स के माध्यम से आम जनता के समक्ष जांच के निष्कर्ष को प्रस्तुत भी किया जा चुका है।

सोमवार को सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक पोस्ट में सपा के मीडिया सेल द्वारा लिखा गया- 2022 का पूरा विधानसभा चुनाव, सभी उपचुनाव भाजपा सत्ता की मिलीभगत, इशारे पर लूटे गए और धृतराष्ट्र की भांति चुनाव आयोग भाजपाई बेइमानी के मूक समर्थन में बेइमानियों में संलिप्त रहा।

**नवंबर-22 में बने शपथ पत्र, मर चुके उससे पहले**

अभी तक जिन पांच विधानसभा क्षेत्रों की जांच सम्पन्न हुई है, उनमें यह पाया गया है के ऐसे कतिपय व्यक्तियों के नाम से माह नवम्बर 2022 में शपथ पत्र बने हैं, जिनकी मृत्यु वर्ष 2022 से कई साल पूर्व हो चुकी थी। कतिपय व्यक्तियों ने अपने नाम से बने शपथ पत्र की स्कैन कॉपी को दिखाने पर ऐसा कोई भी शपथ पत्र देने से स्पष्ट इन्कार कर दिया है। कानूनन गलत साक्ष्य दिया जाना एक अपराध माना जाता है।

## अर्थ व्यापार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81635.91 |
| निफ्टी | 24967.75 |
| सोना रु. | 100345 (प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)) |
| चांदी रु. | 116533 (प्रति किलो) |



# लिवाली से शेयर बाजार में लौटी तेजी

**मुंबई।** सूचना प्रौद्योगिकी और ऑटो कंपनियों में लिवाली से घरेलू शेयर बाजारों में सप्ताह के पहले दिन सोमवार को तेजी लौट आई।

पिछले कारोबारी दिवस की गिरावट के बाद बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स आज 329.06 अंक (0.40 प्रतिशत) की बढ़त में 81,635.91 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचकांक भी 97.65 अंक यानी 0.39 प्रतिशत चढ़कर 24,967.75 अंक पर बंद हुआ। आईटी सेक्टर में जबरदस्त लिवाली के कारण सुबह से ही बाजार में तेजी रही। सेंसेक्स 194.21 अंक की बढ़त के साथ 81,501.06 अंक पर खुला और पूरे दिन हरे निशान में रहा। इस दौरान यह नीचे 81,364.86 अंक और ऊपर 81,799.06 अंक तक गया। निफ्टी-50 सूचकांक भी 79.05 अंक ऊपर 24,949.15 अंक पर खुला। इसका दिवस का निचला स्तर 24,894.35 अंक और उच्चतम स्तर



25,021.55 अंक रहा। एनएसई में निफ्टी आईटी सूचकांक 2.37 फीसदी चढ़ा। रियलिटी, धातु, ऑटो, फार्मा, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद सेक्टरों के सूचकांकों में भी तेजी रही। वहीं, सार्वजनिक बैंकों, वित्तीय सेवाओं और एफएमसीजी सेक्टरों के सूचकांक गिरावट में रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 20 के शेयर हरे निशान में बंद हुए। इंफोसिस का शेयर 3.03 प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ। टीसीएस में 2.85 प्रतिशत, एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 2.55 और टेक मलहद्रा में 1.32 प्रतिशत की तेजी रही। टाटा मोटर्स, सनफार्मा, मारुति सुजुकी, टाइटन, टाटा स्टील और बजाज फाइनेंस के शेयर भी बढ़त के साथ बंद हुए। सबसे अधिक 0.76 प्रतिशत की गिरावट बीईएल के शेयर में रही। एशियन पेंट्स का शेयर 0.39 फीसदी, भारती एयरटेल का 0.38 और आईसीआईसीआई बैंक का 0.21 प्रतिशत फिसल गया। ज्यादा शेयरों पर आधारित निफ्टी.100 सूचकांक में 0.37 फीसदी की तेजी रही। मझौली कंपनियों में निवेशकों की लिवाली कम रही और छोटी कंपनियों में वे बिकवाल रहे। निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक 0.16 प्रतिशत की बढ़त में रहा। वहीं, निफ्टी स्मॉलकैप 100 सूचकांक में 0.04 प्रतिशत गिर गया। एशियाई शेयर बाजारों में तेजी रही। जापान का निक्केई 0.41 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 1.94 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 1.51 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। जर्मनी का डैक्स 0.29 प्रतिशत नीचे कारोबार कर रहा था जबकि ब्रिटेन का एफटीएसई सूचकांक 0.13 फीसदी ऊपर था।

### चांदी1.16 लाख प्रति किलो सोना 1,00,345 प्रति 10 ग्राम

**मुंबई।** सोमवार को चांदी ने ऑलटाइम हाई बनाया है। आज एक किलो चांदी की कीमत 2,627 रुपए महंगी होकर 1,16,533 रुपए हो गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम सोने का भाव 987 रुपए चढ़कर 1,00,345 रुपए पर पहुंच गया है।

देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,660 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,200, एक किलो चांदी की कीमत 1,21,000 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,510 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,050 व एक किलो चांदी की कीमत 1,21,000 रुपये थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,510 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,050 व एक किलो चांदी की कीमत 1,21,000 रही। चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,510 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,050 व एक किलो चांदी की कीमत 1,31,000 रही। मार्केट एक्सपर्ट केडिया कमोडिटी के अनुसार 2025 के आखिर तक एक किलो चांदी की कीमत 1.30 लाख रुपए तक पहुंच सकती है। मनीकंट्रोल का अनुमान है कि चांदी में 34 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो सकती है, जिससे कीमत 1,46,000 प्रति किलोग्राम तक जा सकती है।

# भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती और उम्मीद का प्रतीक बनी हुई है: आरबीआई गवर्नर

**मुंबई, वार्ता**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने सोमवार को कहा कि देश की अर्थव्यवस्था मजबूती और उम्मीद का प्रतीक बनी हुई है और आने वाले वर्षों में हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होंगे। श्री मल्होत्रा ने यहां उद्योग मंडल फिक्की और भारतीय बैंक संघ (आईबीए) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन 'फिबैक' के उद्घाटन के मौके पर कहा कि देश ने स्वतंत्रता के बाद काफी प्रगति की है। हमने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, बुनियादी ढांचा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, रक्षा प्रशासन, वित्त आदि क्षेत्रों में प्रगति की है। उन्होंने कोरोना महामारी, अमेरिका द्वारा लगाये गए आयात शुल्क और मौजूदा भू-राजनैतिक परिस्थितियों का जिक्र करते हुए कहा, हभारतीय अर्थव्यवस्था कई गुना बढ़ी है। यह मजबूती और उम्मीद का प्रतीक बनी हुई है। पिछले कुछ वर्षों में अभूतपूर्व चुनौतियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था की उपलब्धियां अभूतपूर्व हैं। हम आने वाले वर्षों में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने वाले हैं। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि राजकोषीय घाटा 9.2 प्रतिशत से घटकर चालू वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.4 प्रतिशत पर रहने की उम्मीद है। सेवा क्षेत्र के निर्यात में जारी मजबूती के कारण चालू खाते का घाटा पिछले वित्त वर्ष में जीडीपी के 0.6 प्रतिशत पर रहा था। देश का विद. ेशी मुद्रा भंडार 15 अगस्त 2025 को समाप्त सप्ताह में 695 अरब डॉलर था जो 11 महीने के माल आयात बिल के भुगतान के लिए पर्याप्त है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए रिजर्व बैंक तीन बातों पर फोकस कर रहा है। पहला, वित्तीय स्थिरता को बढ़ावा देना।

# उम्मीद: सुप्रीम कोर्ट जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करेगा: उमर

**श्रीनगर।** मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को उम्मीद जतायी कि उच्चतम न्यायालय जम्मू.कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए हस्तक्षेप करेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार अभी तक कोई फैसला नहीं ले पायी है, लेकिन हमें अब भी उम्मीद है कि कम से कम सुप्रीम कोर्ट तो ऐसा करेगा।

श्री अब्दुल्ला जम्मू.कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग वाली याचिकाओं पर सुनवाई की तारीख पूर्व निर्धारित तिथि से पहले करने से उच्चतम न्यायालय के इनकार पर पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। श्री अब्दुल्ला ने श्रीनगर में संवाददाताओं से कहा कि हम यह भी चाहते हैं कि इस फैसले में और देरी न हो। हम 10 महीने से ज्यादा समय से सरकार में हैं, और पहले दिन से ही हम राज्य के दर्जे के पक्ष में हैं। उन्होंने कहा कि उनके मंत्रिमंडल का पहला फैसला राज्य का दर्जा देने की मांग वाला एक प्रस्ताव पारित करना था, जिसे बाद में उन्होंने प्रधानमंत्री को सौंप दिया। उन्होंने कहा कि जब मैं पहली बार मोदी जी से मिला तो सबसे पहले मैंने कैबिनेट का प्रस्ताव उनके हाथों में थमा दिया। हम इंतज़ार कर रहे हैं, लेकिन हमें अपने इंतज़ार का कोई फ़ायदा नहीं मिला है। उच्चतम न्यायालय 10 अक्टूबर से पहले मामले की सुनवाई के लिए तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि हम थोड़ा और इंतज़ार करेंगे। लेकिन हमें अब भी उम्मीद है कि जहां केंद्र सरकार ने यह फैसला नहीं लिया है, कम से कम उच्चतम न्यायालय तो ज़रूर लेगा।

**बिकाऊ है।**

एक औद्योगिक भूखण्ड क्षेत्र 50850 वर्ग मीटर मय बाऊड्री औद्योगिक क्षेत्र ग्राम गगनोली तहसील लक्सर जिला हरिद्वार।

शीघ्र सम्पर्क करें-
9837333111, 9917200010

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

**स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है**
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

**काम कोर्स उदास क्यों?**
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

**Cipzer**
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

**वैधानिक सूचना**
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# बाइकों की जोरदार भिड़ंत में 2 युवकों की मौत

## दुष्यंत और जुनैद के परिजनों में कोहराम, शव पीएम हाउस भेजे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** दो बाइकों की आपसी जोरदार भिड़ंत में दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गयी। घटना को लेकर दोनों मृत युवकों के परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और परिजनों को सांत्वना दी।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव विज्ञाना का रहने वाला लगभग 23 वर्षीय जुनैद अहमद पुत्र इरफान बीती रविवार की देर रात के समय अपनी मोटर साइकिल से किसी काम के लिए अपने भाई मुनीर अहमद के साथ बुढ़ाना जा रहा था। तब बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के ही गांव जौला निवासी लगभग 24 वर्षीय दुष्यंत कुमार पुत्र मनोज कुमार भी अपनी बाइक से ही बुढ़ाना कस्बे से अपनी दुकान के लिए बर्फ की सिल्ली लेकर अपने घर जा रहा था। तभी तेज रफ़्तार दोनों बाइकों की जोरदार भिड़ंत बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के बुढ़ाना वाया कांधला मार्ग पर एक स्कूल के पास हो गयी। जिसमें दोनों बाइक चालक सड़क पर गिरकर दूर तक घिसटते हुए चले गये और दोनों की बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी। इस घटना में तीनों युवक सडक पर गिरकर घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही बुढ़ाना पुलिस और दोनों युवकों के परिजन भी मौके पर पहुंच गए थे। गंभीर अवस्था में दोनों घायल युवकों को कस्बे की सीएचसी में भर्ती करवाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने जुनैद को मृत घोघषित कर दिया जबकि जिला चिकित्सालय में ले जाते समय दुष्यंत कुमार की भी रास्ते में मौत हो गई। उधर घायल मुनीर को जिला चिकित्सालय के लिए लिए रैफर कर दिया। मृतक जुनैद व दुष्यंत के शवों का पंचनामा भरने के बाद पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस घटना से दोनों परिवार शोक में डूबे हैं वहीं दोनों ही मृतकों के गांव विज्ञाना व गांव जौला में इस घटना को लेकर शोक व्याप्त है। घायल मुनीर की हालत में कुछ सुधार है। उधर दोनों शवों का धार्मिक रीति रिवाज के अनुसार अलग अलग स्थानों पर अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## कुत्ते के काटने से दो माह बाद छात्र की मौत

**बुढ़ाना।** लगभग दो महीने पहले ही एक छात्र को एक आवारा पागल कुत्ते ने काट खाया था। इलाज ना कराने की दशा में छात्र की हड़क उभरने से मौत हो गयी। इस घटना को लेकर परिजनों में चीख पुकार मच गयी। गांव में भी शोक व्याप्त है। बताया जाता है कि बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव चंधेडी निवासी डाक्टर सुरेश उपाध्याय उर्फ सुक्का का लगभग 15 वर्ष का बेटा शिवा बुढ़ाना कस्बे के एक कालेज का नौवीं कक्षा का छात्र था। लगभग 2 महीने पूर्व गांव के ही एक आवारा पागल कुत्ते ने शिवा को काट खाया था। तब शिवा ने कोई इलाज नहीं कराया था। उधर ग्रामीणों ने पागल कुत्ते को घटना के एक दो दिन बाद ही मार दिया था।

बीती शनिवार को शिवा जब कालेज पहुंचा तो उसको चक्कर आ गये और वो बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा। सूचना मिलने पर परिजन शिवा को समीपवर्ती एक हॉस्पिटल में ले गये थे। जहां पर चिकित्सकों ने उसको गंभीर हालत में चंडीगढ़ एम्स के लिए रैफर कर दिया। तब हस्पताल ले जाते समय रास्ते में बीते रविवार की देर रात छात्र शिवा ने दम तोड दिया था। तब परिजनों में जबरदस्त कोहराम मच गया। आज सोमवार की सुबह लगभग 11 बजे सैंकड़ों ग्रामीणों की मौजूदगी मे नम आंखों से छात्र शिवा का अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस घटना को लेकर ग्रामीणों में भारी शोक व्याप्त है। इस घटना की सूचना बुढ़ाना पुलिस को नहीं दी गयी है। शिवा का एक भाई और 1 बहन थी जो अपने दोनों भाई-बहन में सबसे छोटा था।

# बिना डिग्री के दो डॉक्टरों पर गलत ऑपरेशन करने का आरोप

**कोर्ट के आदेश पर सिविल लाइन थाने में तीन पर मुकदमा दर्ज**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सिविल लाइन पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर दो डॉक्टरों सहित तीन के खिलाफ मुक. दमा दर्ज किया है। एक पीड़ित ने कोर्ट में वाद दायर कराते हुए आरोप लगाया कि बना डिग्री के ही अस्पताल में उसकी पत्नी का ऑपरेशन करा दिया गया और ऑपरेशन के बाद उसकी पत्नी के फेफडों में पानी आने के कारण हालत गंभीर हो गई है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला निवासी अमजद सैफी पुत्र अब्दुल हमीद ने न्यायालय में एक शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसकी पत्नी सगुफ्ता लिविर की बीमारी से पीड़ित थी और उसने अपनी पत्नी को डॉक्टर अम्मार हुसैन और डॉक्टर शमीम आजम के यहां दिखाया था। इनकी सलाह के बाद दुर्बीन विधि से ऑपरेशन होना बताया गया। पीड़ित का कहना है कि विश्वास करते हुए डॉक्टर अम्मार हुसैन और डॉक्टर शमीम आजम पर विश्वास करते हुए अपनी पत्नी का ग्लैक्सी अस्पताल में भर्ती कराया और 21 अगस्त के बाद 23 अगस्त को इसकी पत्नी का ऑपरेशन करा दिया गया। पीड़ित ने कोर्ट में यह भी जानकारी दी कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में जानकारी करने पर उसको मालूम हुआ कि जिस संगम पैथोलोजी लैब से उसकी पत्नी के टैस्ट कराए गए है वह रजिस्ट्रर्ड नहीं है और बिना किसी अनुमति के ही फर्जी तरीके से संगम लैब को चलाया जा रहा है। पीड़ित का आरोप है कि गलत जांच रिपोर्ट आने के कारण उसकी पत्नी की हालत खराब हो गई, क्योकि गलत जांच के आधार पर गलत ही ऑपरेशन किया गया। पीड़ित का कहना है कि उसके फेफडों में पानी भर गया है और डॉक्टर अम्मार हुसैन तथा ग्लैक्सी अस्पताल के मालिक पर भी कोई डिग्री न होने का आरोप लगाया है और बताया कि उनके पास कोई डिप्लोमा भी नहीं है। पीड़ित ने शिकायती पत्र में यह भी आरोप लगाया कि उसकी पत्नी का ऑपरेशन पैसा हडपने की नियत से कराया गया है। और दोनो ही डॉक्टरों ने उससे दो लाख पांच हजार रूपये हडप लिए है पीड़ित ने आरोप लगाया कि वह पुलिसके पास शिकायत लेकर पहुंचा था, लेकिन जब कोई सुनवाई नहीं हुई तो उसने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। ग्लैक्सी अस्पताल सिविल लाइन क्षेत्र में स्थित है जहां कोर्ट ने सिविल लाइन पुलिस को मुक. दमा दर्ज करने के आदेश दिए है। सिविल लाइन पुलिस ने इस मामले को दर्ज कर लिया है।



मुजफ्फरनगर: अग्निवीर भर्ती के दौरान युवाओं की बायोमैट्रिक जांच करते सेना के जवान।



मुजफ्फरनगर: अग्निवीर भर्ती में आए युवकों की जांच करते सेना के अधिकारी।

# अग्निवीर बनने को दौड़े बुलंदशहर के युवा

**दलालों पर सेना की नजर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अग्निवीर भर्ती रैली में युवाओं का जोश निरंतर देखने को मिल रहा है। आज बुलन्द शहर के युवाओं ने हिस्सा लिया। 1241युवाओं ने दौड़ और अन्य प्रक्रिया में हिस्सा लिया।

चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम मैदान में आयोजित अग्निवीर भर्ती के अवसर पर सैन्य भर्ती अधिकारियों ने रैली स्थल का दौरा कर संपूर्ण व्यवस्था का निरीक्षण किया। भर्ती रैली को सुचारू रूप रो संपन्न कराने के लिए आर्मी भर्ती कार्यालय (ए.आर.ओ.) मेरठ में स्थानीय सैन्ग प्राभिकरण और नागरित प्रशासन के सहयोग ने व्यापक एवं सुव्यवस्थित प्रबंध किए हैं।

इसमें किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी की कोई संभावना नहीं है। उन्हों ने उम्मीदवारों को कोवनी देते हुए कहा कि वे किसी भी दलाल या एजेंट के बहकावे में न आएं। यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति संपर्क करता है तो तुरंत भर्ती संगठन को सूचित करे।

## दोस्तों पर युवक को नहर में फेंकने का आरोप

**मुजफ्फरनगर।** मंडी क्षेत्र के गांव कूकडा से लापता युवक की मौत की खबर ने परिवार में कोहराम मचा दिया। गंभीर बात यह है कि युवक की मौत के जिम्मेदार उसके दोस्तों को ही बताया जा रहा है दोस्तों पर युवक को नहर में फेंकन का आरोप लगा है जहां पुलिस ने मामले में पूछताछ शुरू कर दी।

कूकड़ा निवासी परिजनों ने अपने बेटे निखिल के 13 अगस्त को गायब होने की रिपोर्ट नई मंडी कोतवाली में दर्ज कराई थी। पुलिस उसे तभी से तलाश रही थी। नई मंडी कोतवाली पुलिस ने बताया कि जांच पड़ताल में आया कि निखिल ने अपने दोस्तों के साथ शराब पी थी। वह बीमार रहता था। वहां किसी बात पर दोस्तों ने मारपीट की। तब उसे दौरा पड़ गया। उसकी मौत हो गई। उसके दोस्त घबरा गए। इसके बाद उसके शव को दोस्त खतौली नहर पर ले गए। उसकी बाइक को भी वहां ले जाया गया। पुलिस ने बताया कि हिरासत में लिए गए दोनों युवकों का कहना है कि उन्होंने बाइक व शव नहर में फैंक दिया था। इसके बाद वह चले आए थे। नई मंडी कोतवाली पुलिस ने बताया कि दोनों युवकों से अभी पूछताछ की जा रही है। शव व बाइक बरामद करने के प्रयास किए जा रहे है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा। मामला हत्या का भी हो सकता है।

## ट्रक की टक्कर से रिक्शा चालक की मौत, बहनोई घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शामली रोड पर ट्रक चालक ने रिक्शा में टक्कर मारकर चालक व पीछे बैठे उसके बहनोई को गंभीर रूप से घायल कर दिया।

घटना के बाद मौके पर इकट्ठा भीड ने पुलिस की मदद से घायलो को अस्पताल पहुंचाया जहां युवक की मौत हो गई और उसका बहनोई घायल हुआ है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मिमलाना रोड निवासी 22 वर्षीय आसिफ पुत्र अशरफ शादी विवाह में रोटी पकाने का काम करता था। गत शाम आसिफ अपने बहनोई फैसल निवासी खालापार के साथ शामली से वापस लौट रहा था। साले-बेहनोई किसी काम से शामली गए थे जैसे ही वह पिनना के निकट पहुंचे तो अचानक ही तेज गति से आए ट्रक ने रिक्शा को टक्कर मार दी। इस समय रिक्शा को आसिफ चला रहा था और उसका बेहनोई फैसल पीछे बैठा हुआ था। इस हादसे में दोनो ही घायल हो गए।

ग्रामीणों की भीड की सूचना पर स्थानीय चौकी की पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की छानबीन करते हुए घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। पुलिसने नाम पते ज्ञात कर इसकी जानकारी दोनो के परिवार वालों को दी जिस समय परिवार के लोग यहां पहुंचे तो आसिफ की मौत हो चुकी थी। इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया और पुलिस ने कार्यवाही करते हुए शव का पोस्टमार्टम करा दिया है।

# प्रधानमंत्री आवास में मंत्री कपिल ने पकड़ी धांधली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत भोपा रोड पर बनाए गए 224 आवासों की गुणवत्ता पर उठ रहे सवालों का सच जानने पहुंचे प्रदेश सरकार में स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने निरीक्षण किया तो यहां जो खामियां सामने आई, उन्हें देखकर मंत्री भी हैरान रह गए। खामिया मिलने पर उन्होंने मौके पर ही एमडीए अधिकारियों को तलब कर लिया। सूचना मिलते ही एमडीए की उपाध्यक्ष कविता मीणा तथा सचिव कुंवर बहादुर सिंह निरीक्षण स्थल पर पहुंचे। मंत्री ने स्वयं उन्हें निर्माण कार्य में मिली खामियों का सच दिखाया और उनसे जवाब तलब किया तो वह बगले झांकने लगे।



प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना में इस तरह की लापरवाही देख मंत्री कपिल देव अग्रवाल भड़क उठे और गरीबों को आवास उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण द्वारा बनाए गए मकानों के निर्माण में मानकों की घोर अनदेखी की गई है। लाल ईटों की जगह पीली ईंटों का प्रयोग किया गया था, वहीं दीवारों में लगाए गए सीमेंट का मसाला इतनी कमजोर क्वालिटी का था कि मामूली चोट पर ही वह झड़ने लगा। आरोपों और सबूतों सामने आने पर अधिकारी बगले झांकने लगे। मंत्री ने कड़ी नाराजगी जताते। मंत्री ने मौके पर ही जिलाधिकारी को पत्र लिखकर पूरे प्रकरण की जांच के लिए समिति गठित करने के निर्देश दिए। उन्होंने साफ कहा कि इस मामले में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्राथमिकता वाली योजनाओं में से एक है। इसका मकसद समाज के गरीब व जरूरतमंद लोगों को पक्का मकान उपलब्ध कराना है। इस योजना में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान भाजपा के कई पदाधिकारी और स्थानीय नेता भी मौजूद रहे।

## जिला परिषद बाजार में औषधि विभाग की छापेमारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सहायक आयुक्त औषधि सहारनपुर मण्डल दीपा लाल के नेतृत्व में बनाई गई चार टीमों ने जिल परिषद सहित दवाईयों की कई एजेंसी व स्टोरों पर पहुंचकर छानबीन की। इस दौरान सहायुक आयुक्त ने सभी दुकानों के सेल-पर्चेस के कागजात की छानबीन की। चैक करने के बाद टीम वापस लौट गई है।

बता दे कि विगत दिवस आगरा में दवाई की एजेंसी व मेडिकल स्टोरों पर छापेमारी के दौरान कुछ दवाईयां पकडी गई थी। वहां के व्यापारी दवाईयों से संबंधित कुछ कागजात दिखाने में असक्षम रहे थे ऐसी लोगों में चर्चा है। सोमवार को सहायक आयुक्त औषधि सहारनपुर मण्डल दीपालाल सहारनपुर टीम के साथ जनपद मुजफ्फरनगर में पहुंची। उन्होने जनपद के ड्रग इस्पेक्टर को भी साथ लिया और जिला परिषद पहुंचकर दवाईयों के साथ सेल-पर्चेस के कागजात चैक किए। यह कार्यवाही भी आगरे से जोड से देखी जा रही है, हालांकि यहां के व्यापारियों की एजेंसियों पर की गई छानबीन में अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका कि यहां पर कोई खामियां पाई गई है। फिलहाल इस छानबीन को एक रूटीन चैकिंग बताया जा रहा है, हालांकि दिनभर सहायक एसिस्टेंट कमिश्नर दीपालाल और उनकी टीम छानबीन में लगी रही और उन्होने एसआर मेडिकल, जगदीश, अन्न मेडिकल सहित करीब एक दर्जन एजेंसी व मेडिकल स्टोरों पर छानबीन की। कार्यवाही के बाद टीम वापस लौट गई है।



मुजफ्फरनगर: अस्पताल वाले नाले की सफाई शुरू करातीं चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप।

# पुलिस कप्तान का ऑपरेशन चक्रव्यूह

## 67 गिरफ्तार, दर्जनभर लम्बित विवेचनाओं का निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा द्वारा जनपद में चलाए गए ऑपरेशन चक्रव्यूह के अन्तर्गत 24 घंटे में लम्बित विवेचनाओं का निस्तारण कराया गया वहीं ग्यारह वांछित की गिरफ्तारी के साथ 56 एनबीडब्ल्यू के आरोपियों को गिरफ्तारकर जेल भेजा है।

बता दे कि जनपद में एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने ऑपरेशन चक्रव्यूह चला रखा है। उनकी तैनाती को जनपद में भी सौ दिन बिते है और उनके द्वारा कई अभियान चलाए गए है इसी के साथ अपने-अपने थानों की लम्बित विवेचनाओं का निस्तारण करते हुए वारंटियों को गिरफ्तार किया है। 24 अगस्त को जनपद पुलिस ने 60 विवेचनाओं का निस्तारण किया और अलग-अलग मुकदमों में फरार चल रहे ग्यारह लोगों की गिरफ्तारी की गई। एसएसपी का ऑपरेशन चक्रव्यूह अभियान में 56 एनबीडब्ल्यू के आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया। जनपद में की गई कार्यवाही के दौरान नई मंडी पुलिस ने भी बारह विवेचनाओं का निस्तारण करते हुए चौदह एनबीडब्ल्यू के आरोपियों की गिरफ्तारी की है।



ऑपरेशन चक्रव्यूह में जनपद की पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए

### मानसून के लास्ट में पालिका ने ली नालों की सुध

**मुजफ्फरनगर।** इस साल भारी बरसात के कारण शहर के कई मौहल्लों में जल भराव की समस्या विकराल रूप से सामने आई मानस. ूनी सीजन समाप्त होने से पहले चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप पूरे संसाधन और लाव लश्कर के साथ जनता के बीच उतरी नजर आई। अस्पताल से निकल रहे नाले की सफाई कार्य का शुभारंभ कराने के साथ ही पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने तली झाड़ सफाई के निर्देश ठेकेदार को दिये पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने बताया कि हनुमानपुरी और रामलीला टिल्ला में जलभराव के लिए जो बात सामने आई, उसमें अस्पताल से लद्दावाला की ओर जाने वाले नाले में निकासी अवरुद्ध हो जाना भी एक कारण रहा। इसमें निर्माण, जलकल और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से सफाई कार्य के लिए समन्वित कार्ययोजना मांगी गई, जिसके आधार पर पालिका के निर्माण विभाग से कार्य शुरू कराया गया है। बताया कि करीब 600 मीटर के इस नाले की तली झाड़ सफाई कार्य सोमवार से प्रारम्भ कराया गया है, इस पर पालिका द्वारा करीब 6 लाख से अधिक का व्यय किया जा रहा है। ईओ डॉ प्रज्ञा सिंह, विभागीय अधिकारी और ठेकेदार को सख्त निर्देश दिये।

### लापता चाऊमीन विक्रेता की बरामदगी की मांग

**मुजफ्फरनगर।** सिविल लाइन थाने के मोहल्ला धर्मपुरी निवासी शिवम मालवीय चौक के पास चाऊमीन का ठेला लगाता था। वह 15 अगस्त से लापता है। उसका अभी तक सुराग नही लगा है। सोमवार को परिजन एसएसपी एसएसपी संजय कुमार वर्मा से मिले। भाई रवि ने कहा कि उसके भाई का एक युवती से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। इसकी जानकारी युवती के भाई को लग गई थी। उसके भाई को 15 अगस्त को घर से बुलाया गया। तभी से वह लापता है। सिविल लाइन पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## सैनिक के साथ हुई घटना से राष्ट्रीय सैनिक संस्था में आक्रोश

**ज्ञापन देकर शासन से ठोस कार्यवाही की मांग**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भूनी टोल प्लाजा पर सैनिक कपिल के साथ हुए हमले की कड़ी निंदा करते हुए राष्ट्रीय सैनिक संस्था के पदाधिका. रियों ने सोमवार को जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपकर इस घटना पर आक्रोश व्यक्त किया और सरकार से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन में संस्था ने कहा कि सैनिकों एवं पूर्व सैनिकों के सम्मान के साथ किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार देशहित के विरुद्ध है। संस्था ने मांग की कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए ठोस नियम बनाए जाएं। उनकी मुख्य मांगें रही कि कम्पनी पर लगाए गए 20 लाख रुपये जुर्माने की राशि पीड़ित सैनिक कपिल के परिवार को दी जाए। देश भर के प्रत्येक टोल प्लाजा पर पूर्व सैनिकों की नियुक्ति की जाए। जहां पूर्व सैनिकों की नियुक्ति संभव न हो, वहाँ कर्मचारियों की नियुक्ति से पहले उनकी पुलिस जांच अनिवार्य की जाए। देश के

सभी मौजूदा टोल कर्मचारियों की आपराधिक पृष्ठभूमि की जांच कराई जाए, ताकि टोल प्लाजा पर होने वाले दुर्व्यवहार की घटनाओं पर रोक लग सके। राष्ट्रीय सैनिक संस्था के जिलाध्यक्ष ने कहा कि सैनिकों का मान-सम्मान सर्वोपरि है और उनकी सुरक्षा से कोई समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संस्था ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से इस मुद्दे पर तुरंत संज्ञान लेने की भी मांग की गई।

# दस दिवसीय गणेश उत्सव की शहर में खास तैयारी

**गणेश आयोजन के लिए सज गए है कई स्थानों पर पण्डाल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** 27 अगस्त से गणेश महोत्सव की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। शहर के बाजारों में गणपति महाराज की आकर्षक मूर्तियों की दुक. ानों पर भारी भीड़ देखी जा रही है। रंग-बिरंगे गणेश प्रतिमाओं से बाजार गुलजार हो उठे हैं और श्रद्धालु उत्साहपूर्वक अपनी-अपनी पसंद की मूर्तियां खरीद रहे हैं।

शहर के मुख्य बाजार, नवीन मंडी, सर्राफा बाजार, साकेत कॉलोनी और अन्य इलाकों में गणपति बप्पा की छोटी से लेकर विशाल प्रतिमाएं सजाई गई हैं। इनमें पर्यावरण अनुकूल मूर्तियां भी लोगों को आकर्षित कर रही हैं। दुक.



ानदारों का कहना है कि इस बार लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है और प्रतिमाओं की बिक्री तेजी से बढ़ रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि गणेश महोत्सव केवल धार्मिक आस्था का पर्व ही नहीं बल्कि सामा. जिक

और सांस्कृतिक समरसता का प्रतीक भी है। इस बार विभिन्न सामा. जिक एवं धार्मिक संगठनों द्वारा शहर के अलग-अलग हिस्सों में गणपति स्थापना और भव्य कार्यक्रमों की तैयारी की जा रही है। गणपति की प्रतिमाओं को रंग-बिरंगे फूलों, झालरों और लाइटिंग से सजाने की योजना बनाई गई है। वहीं भजन संध्याएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम और शोभायात्रओं के आयोजन की तैयारियां भी तेजी से चल रही हैं। नगरवासी श्गणपति बप्पा मोरिया, मंगल मूर्ति मोरया के जयघोष के साथ 27 अगस्त से महोत्सव की शुरुआत करेंगे और 10 दिनों तक श्रद्धा-भक्ति का वातावरण पूरे शहर में देखने को मिलेगा। उधर, नगर में आयोजित होने वाले विभिन्न गणेश उत्सव कार्यक्रमों में एक भव्य कार्यक्रम मेरठ रोड़ स्थित ताराचन्द पेट्रोल पम्प के निकट 27 अगस्त से आरम्भ होगा।

## शराब माफियाओं के खिलाफ हिंदू युवा वाहिनी का प्रदर्शन



**मुजफ्फरनगर।** हिंदू युवा वाहिनी के संगठन मंत्री प्रहलाद पाहुजा और जिलाध्यक्ष नवीन जांगिड़ के नेतृत्व में सोमवार को कार्यकर्ताओं ने शराब माफियाओं के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए जिलाधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि शहर में निर्धारित समय से पहले शराब की दुकानें खोली जाती हैं और रात 10 बजे के बाद भी अवैध रूप से देसी व विदेशी शराब की बिक्री जारी रहती है।

हिंदू युवा वाहिनी ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्व पर भी शराब की दुकानों को खुले रखने से स्वतंत्रता दिवस का अपमान हुआ है। प्रहलाद पाहुजा ने आरोप लगाया कि इस अवैध बिक्री की जानकारी कई बार आबकारी विभाग को दी गई, लेकिन कार्रवाई न होने से शराब माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। वाहिनी ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही शराब माफियाओं पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन बड़ा आंदोलन करेगा और आबकारी विभाग के कार्यालय पर ताला बंदी भी की जाएगी। इस दौरान हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय पर शराब माफिया मुर्दाबाद आबकारी विभाग मुर्दाबाद और हिंदू युवा वाहिनी जिंदाबाद के नारे लगाए। प्रदर्शन के दौरान हिंदू युवा वाहिनी के दर्जनों कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

## खतौली में स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर सम्पन्न

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** भारत धारा नेचुरल पफार्मिंग प्रोडयूसर कम्पनी लिमिटेड के तत्वावधान में आयोजित मुफ्त स्वास्थ्य परामर्श एवं चिकित्सा शिविर तथा रक्तदान शिविर का सोमवार को आवास विकास कॉलोनी में विधिवत समापन हुआ।

समापन समारोह में स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने आए लोगों ने आयुर्वेद और आधुनिक चिकित्सा तकनीक के संयोजन की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन अजय जनमेजय ने किया। अध्यक्षता शिविर संचालक ओमपाल सिंह व कर्णवीर प्रधान ने संयुक्त रूप से की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम टिटौड़ा के प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष ओमबीर सिंह तथा विशिष्ट अतिथि धीरज अहलावत बबलू उपस्थित रहे। अध्यक्षीय संबोधन में ओमपाल सिंह ने कहा कि भारत धारा के संस्थापक राजीव कुमार व अमित कुमार द्वारा शुरू की गई यह मुहिम आज खतौली से निकलकर नागपुर तक पहुंच चुकी है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि निकट भविष्य में पूरे देश में भारत धारा के कार्यक्रमों की गूंज सुनाई देगी। साथ ही शिविर को सफल बनाने में सहयोग देने वाले खतौलीवासियों का आभार व्यक्त किया।

समारोह में शिविर के कर्मठ कार्यकर्ताओं व पत्रकारों का सम्मान किया गया। मंच पर उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों में अंकित प्रधान पलड़ी, सुरेन्द्र सिंह ढ्डसिंचाईढ़ विभागढ्ढ़, मिंटू सैनी, शान जैदी,



अवनीश छोकर, संजीव राणा, योगेन्द्र मोतला, रवि प्रजापति सहित अन्य सम्मानित लोग मौजूद रहे। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने स्वास्थ्य परामर्श लिया और रक्तदान कर समाजसेवा का संदेश दिया।

### तीन बच्चों की मां को बहका कर ले गया दूसरे सम्प्रदाय का युवक

**भोपा।** थाना क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति ने अपने गांव के गैर सम्प्रदाय के युवक व उसके परिजनों पर पत्नी को बहका कर ले जाने का आरोप लगाया है। साथ घर में रखी हजारों रुपए की रकम व लाखों रुपए की कीमत के गहने भी ले जाने का आरोप है। थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक व्यक्ति ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह दूसरे प्रदेश में रहकर मजदूरी कार्य करता हैं। बीच-बीच में अपने परिवार के पास भी आता रहता है। बीते 19 अगस्त को उसके बच्चों ने फोन कर उसे बताया कि उनकी मम्मी घर पर नहीं है। जब वह शाम तक नहीं लौटी तो वह भी गांव लौट आया। पीड़ित का कहना है कि जानकारी के बाद पता चला कि उसकी पत्नी को गांव का ही दूसरे समुदाय का युवक मोहम्मद तालिब अपने ही परिवार के माता इमराना, भाई साकिब, चाचा मौसम के सहयोग से उसकी पत्नी को भाग कर ले गया है।

### दो दिन पूर्व मिले घायल युवक की अस्पताल में मौत

**छपार।** दो दिन पूर्व पुलिस को हाइवे किनारे एक युवक गंभीर घायल अवस्था में मिला था जिसे पुलिस ने जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया वहां उसकी मौत हो गई।शनिवार को पुलिस को सूचना मिली कि बरला में हाइवे ओवरब्रिज के पास पेट्रोल पंप के पास एक 35 वर्षीय युवक गंभीर घायल अवस्था में पड़ा है। पुलिस ने उसे उठाकर उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया वहां दो दिन बाद सोमवार को उसकी मौत हो गई।युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम के बाद 72 घंटे के लिए शव मोर्चरी में रखा जायेगा जिससे उसकी शिनाख्त हो सके।

## पुस्तक को उपयोगी बनाने में कार्य पुस्तिका का महत्व समझाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** सोमवार को बीईओ किरण यादव की अध्यक्षता में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान तथा एनसीईआरटी पाठ्य पुस्तकों पर आधारित शिक्षक प्रशिक्षण का आयोजन हुआ।

जिसमें एआरपी नरेश कुमार, संजीव कुमार, रविशंकर, अमीर अहमद, क्षमा जांगिड़ द्वारा प्रशिक्षण की शुरुआत कर प्रार्थना सभा की गई। दिवस 5 के सत्र प्रारंभ हुए। दिवस 4 के दोहराव के बाद आधार भूत व प्रारंभिक चरणों में क्या अधिक महत्वपूर्ण है भारतीय ज्ञान प्रणाली या भारत के ज्ञान को समझाया गया और प्रतिभागियों से उनके बारे में चर्चा की गई। कक्षा 1 से 3 तक के अंग्रेजी पाठड्क्रमों में भारतीय ज्ञान प्रणाली को कैसे शामिल किया गया है। कार्य पुस्तिका बच्चों के लिखने की कला में किस प्रकार से उपयोगी हैं तथा पुस्तक को उपयोगी बनाने में कार्य पुस्तिका के महत्व की विस्तृत चर्चा कर समझाया गया। सभी एआरपी द्वारा प्रशिक्षण को बड़ी मेहनत के साथ दिया गया। बीईओ ने प्रशिक्षण कक्षाओं का निरीक्षण कर प्रतिभागियों से प्रश्न उत्तर के माध्यम से प्रशिक्षण की गुणवत्ता का परीक्षण किया। प्रतिभागियों द्वारा जवाब देने की स्थिति में बीईओ ने सबकी प्रशंसा की। यहां ओमपाल,



राजकुमार, सुधीर, बबलू, प्रिया, सलीम, दीपक, राम ज्योति, आबाद, दीपक, प्रवेश, सचिन, मोहित, रितु, सतीश, चित्रसेन, अमित, अजीत, अनुराधा, अमित, सोनम, डिंपल, गुलफाम, सतीश, जगपाल, संजीव, कोमल, राखी, सरू, दीपा, सुरेखा आदि ने भाग लिया।

## मसीही पब्लिक स्कूल में मतदान केंद्र बनाने की मांग

**बुढाना।** चंधेडी रोड पर स्थित मसीही पब्लिक स्कूल में सपफीपुर पटी के दर्जनों लोगों ने मतदान केंद्र बनाने की मांग को लेकर सोमवार को समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय सचिव हारुण अली सिद्दीकी के नेतृत्व में बुढ़ाना तहसीलदार महेंद्र सिंह यादव को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है विकास खंड बुढाना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सफीपुर पटी का एक बूथ जिसकी भाग संख्या 114 और 115 है। जो कि ग्राम पंचायत चुनाव के निर्वाचन में सपफीपुर रोड व कांधला रोड पर स्थित प्राईमरी पाठशाला नंबर तीन में लगता है जबकि हमारे क्षेत्र चंधेडी रोड के दोनो साईड पर करीब 25 सौ मतदाताओं में से सैंकडो लोग अपने मत अधिकार का प्रयोग ज्यादा दूरी होने पर नही कर पाते क्योंकि यहां से वर्तमान में मतदेय स्थल की दूरी करीब 2 किलोमीटर है। जहां महिलायें व वृद्ध मतदान स्थल तक नहीं पहुंचते। इस विषय में हमारे द्वारा पूर्व में आईजीआरएस के माध्यम से अवगत कराया जा चुका है मगर अब तक भी कोई कार्यवाही नहीं हुई। वर्तमान में चंधेडी रोड पर मसीही पब्लिक स्कूल है जो इस्लामियां मदरसे के पीछे है। जहां सब सुविधायें हैं। यहां मतदानस्थल लगाया जाना सही होगा ताकि सब लोग निष्पक्ष व भयमुक्त होकर पास होने के कारण अपने मत डाल सकें। इसलिए मसीही पब्लिक स्कूल में ही मतदान स्थल बनाया जाए। ज्ञापन देने वालों में आरिफ सिद्दीकी, इदरीश, अली शेर, यासीन, आशिक अली, साजिद, आसिपफ समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



## ब्राह्मण समाज की बैठक देवी मंदिर पर आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानसठ।** स्थानीय देवी मंदिर में ब्राह्मण समाज के गणमान्य लोगों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य समाज की एकजुटता को मजबूत करना और भविष्य की रणनीति पर विचार-विमर्श करना था।

रविवार की देर शाम ब्राह्मण समाज की कस्बे में स्थित देवी मंदिर देवी में एक बैठक हुई । जहां बैठक की अध्यक्षता कृष्ण अवतार शर्मा ने की तथा संचालन पंडित अरविंद पाराशर के द्वारा किया गया । इस बैठक में मुख्य रूप से ब्राह्मण समाज को एकजुट संगठित करने आपसी सद्भाव समाज में उत्पन्न बुराइयों को दूर करने और समाज के उत्थान हेतु सभी वक्ताओं ने अपने अपने विचार रखें उसके उपरांत बैठक में सर्वसम्मति से पंडित चंद्र मुकुट शर्मा को अध्यक्ष पंडित चंद्रपाल शर्मा को सचिव पंडित राजेश कुमार शर्मा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंडित कौशलेंद्र शर्मा को कोषाध्यक्ष व पंडित ब्रह्म प्रकाश शर्मा को मीडिया प्रभारी पद हेतु नामित किया गया है और निर्णय लिया गया कि शीघ्र ही कार्यकारिणी का गठन एक सप्ताह के अंदर किया जाएगा।

इस बैठक में मुख्य रूप से वरिष्ठ ब्राह्मण सदस्यों की अधि. कता रही सभी ने मिलकर युवा पीढ़ी को भी साथ लेकर संगठन को सुचारू रूप से चलाने हेतु विचार रखा गया। बैठक के दौरान, समाज के वर्तमान मुद्दों पर गहनता के साथ मंथन किया गया। उपस्थित सदस्यों ने इस बात पर जोर दिया कि समाज को संगठित होकर सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक क्षेत्रों में आगे बढ़ना होगा। युवाओं को जोड़ने और उन्हें सही मार्गदर्शन देने पर विशेष ध्यान देने का निर्णय लिया गया, ताकि वे समाज की प्रगति में सक्रिय योगदान दे सकें।

नवनियुक्त अध्यक्ष चंद्र मुकुट शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा, मैं समाज के सभी सदस्यों का आभारी हूं जिन्होंने मुझ पर विश्वास जताया है। मेरा प्रयास रहेगा कि हम सभी को एक मंच पर लाकर समाज के उत्थान के लिए काम करें। हमारी प्राथमिकता शिक्षा, रोजगार और आपसी सद्भाव को बढ़ावा देना होगी। बैठक में अनेक प्रमुख सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किए और नए नेतृत्व को पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस दौरान, उन्होंने सभी को एकजुट होकर समाज हित में काम करने की शपथ दिलाई। बैठक का समापन समाज की प्रगति और समृद्धि की कामना के साथ हुआ। तथा अंत में नवनियुक्त ब्रहामण समाज के अध्यक्ष को पटका पहनकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान मुख्य रूप से, मुक. ेश शर्मा, कौशलेंद्र शर्मा, ऋषिपाल शर्मा, चन्द्र पाल शर्मा, दीपक शर्मा आषिश शर्मा, राकेश शर्मा एडवोकेट, लक्ष्मीकांत शर्मा एडवोकेट , राजेश शर्मा, नितिन शर्मा, अमित शर्मा उर्फ काका, नारायण शर्मा, विमल शर्मा, बालकिशन शर्मा, अनुज शर्मा, लक्ष्मी प्रसाद, विजयकांत शर्मा, आदि मौजूद रहे।

## लुहसाना के दंपत्ति फिल्मों में कर रहे एक्टिंग

**( नसीम कुरैशी )**

**बुढ़ाना।** ओमप्रकाश कश्यप और उनकी धर्मपत्नि सीमा दोनों ही दंपत्ति एक्टिंग करने में बहुत माहिर हैं।

उनकी ये एक्टिंग फिलहाल उनको देहाती फिल्मों की और खींच लाई। अब उनका सपना किसी भी एक बालीवुड फिल्म में आने का यह गया है लेकिन सही प्लेटफार्म नहीं मिल पा रहा है। शादी के बाद से ही दोनों में एक्टिंग के गुण हैं यह उनको एक साथ रहते हुए पता चला तो दोनों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। दोनों ने शुरु शुरु में सोशल मीडिया पर अपनी एक्ट की छोटी छोटी वीडियो क्लिप वायरल करनी शुरु कर दी तो उनकी एक्टिंग की चर्चा चारों और होने लगी और उन पर फिर देहाती सोंग के आफर आने लगे तो उन्होंने रील्स बनाने के साथ साथ देहाती सोंग्स में भी एक्टिंग की। बर्थडे, काली चुनरी



और परी सोंग उनका हिट सोंग हैं जबकि वे देहाती फिल्म फर्ज, गुनाह, लाचार पिता, हूर की परी और बलिदान सहित कई देहाती फिल्मों में काम कर अपनी एक्टिंग का लोहा मनवा चुके हैं। दंपति के एक्ट से उनके पड़ोसी और रिश्तेदार बहुत सी खुश हैं और उनको अब किसी बालीवुड फिल्म में देखने के इच्छुक हैं। दोनों पति पत्नि ओमप्रकाश और सीमा के सोशल मीडिया पर लगभग 50 हजार फोलोवर्स हैं। दोनों पति पत्नि भी अब बालीवुड से आने वाले किसी आफर की तलाश में हैं। दंपति के 2 बच्चे हैं। दोनों के नाम से इनका यूटड्ूब पर एक चौनल है। जिसमें इनकी एक्टिंग देखी जा सकती है। कला निकेतन में भी दोनों ने काम किया है।

### बाइक सवार मां-बेटे के साथ आरोपियों ने सरेराह की मारपीट

**मोरना।** बच्चे की छठी कार्यक्रम से वापस घर लौट रहे बाइक सवार मां-बेटे पर करीब दो दर्जन युवकों ने रास्ते में रोककर हमला कर दिया। शोर-शराबा होने पर आरोपी फरार हो गये। थाना पुलिस को बताया गया कि गांव छपार के होली चौक निवासी ललिता पुत्र कपिल के साथ रविवार को ककरौली क्षेत्र के गांव कम्हेड़ा आयोजित बच्चे की छठी कार्यक्रम में आये थे।रविवार शाम डीजे बजने के दौरान गांव निवासी एक युवक के साथ कपिल की कहासुनी हो गई थी। युवक ने उसे अंजाम भुगतने की धमकी दी। सोमवार दोपहर मां-बेटा बाइक द्वारा गंगनहर पटरी मार्ग से अपने घर लौट रहे थे। कमहेड़ा-जौली गंगनहर पटरी मार्ग पर खड़े करीब एक दर्जन युवकों ने उन्हें रोक लिया और हाथापाई व मारपीट करने लगे। शोर-शराबा होने पर आरोपी फरार हो गये।

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र मो. समीर मेरे व मेरे अन्य परिवार के सदस्यों के कहने सुनने से बाहर हैं। गलत संगत में पड़ गया है। इसलिए मैंने इससे सम्बन्ध विच्छेद कर इसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। ये अपने कृत्य व लेनदेन का स्वयं जिम्मेदार होगा।

**मो. रईस पुत्र हासिम**
**निवासी- ग्राम लुहारी खुर्द**
**थाना चरथावल**
**जिला मुजफ्फरनगर।**

### तहसील में भाकियू का हंगामा :

## न्यायालय के आगे खाट डालकर दिया धरना

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** जहां लोग न्याय पाने की आस लेकर आते हैं, वहीं न्यायालय की मर्यादा को ताक पर रखकर रविवार को भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के नेताओं ने तहसील परिसर को धरना स्थल बना डाला।

तहसीलदार और नायब तहसीलदार के कोर्ट के ठीक सामने खाट डालकर धरने पर बैठ गए। प्रशासनिक अधिकारी तमाशबीन बने रहे और कोर्ट का कामकाज पूरी तरह प्रभावित हो गया।

कोर्ट न लगने से सैकड़ों वादकारी और अधिवक्ता घंटों परेशान रहे। लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिला। न्यायालय के नियमों और गरिमा को ठेस पहुंचने पर पीड़ित वादकारियों ने शासन और उच्चाधिकारियों से भाकियू नेताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई। जनता ने खुले शब्दों में कहा कि न्यायालय एक लक्ष्मण रेखा है, जहां अनुशासन और मर्यादा सर्वोपरि होती है। लेकिन तहसील में हुए इस हंगामे ने न्यायालय की गरिमा को तार-तार कर दिया। लोग इस बात से खफा दिखे कि शासन और प्रशासन की नाक के नीचे न्यायालय के कार्य को ठप कर दिया गया और अधिकारी मूकदर्शक बने बैठे रहे। वादकारियों और अधिवक्ताओं ने कहा कि योगी और मोदी सरकार को इस मामले पर तत्काल कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि भविष्य में कोई भी संगठन न्यायालय की गरिमा को ठेस पहुंचाने की हिम्मत न कर सके।

## भाकियू का तहसील में अनिश्चितकालीन धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) ने सोमवार को तहसील परिसर में खाट-मच्छरदानी डालकर अनिश्चितक. ालीन धरना शुरू कर दिया। इस दौरान किसान नेताओं ने तहसील प्रशासन पर भ्रष्टाचार, अभद्रता और रिश्वतखोरी के गंभीर आरोप लगाए। साथ ही बिजली विभाग द्वारा जबरन लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों का विरोध करते हुए चेतावनी दी कि यदि विभाग ने जबरन मीटर लगाने की कोशिश की तो मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। भाकियू नेताओं ने बुढ़ाना और बुआड़ा मार्ग के अंडरपास में जलभराव की समस्या को लेकर भी जमकर हंगामा किया। उनका कहना था कि बारिश के मौसम में पानी भरने से आए दिन हादसे हो रहे हैं, लेकिन इंजीनियरिंग विभाग इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं कर पाया है। किसानों ने प्रशासन पर लापरवाही



का आरोप लगाया और कहा कि टूटी सड़कों व अंडरपास में जलभराव से ग्रामीण और नागरिक दोनों परेशान हैं।

इसके अलावा जल निगम द्वारा गांवों में तोडी गई सडके सही कराने,खतौली तहसील में भ्रस्टाचार समाप्त करने ,खसरा खतौनी में गडबड, लेखपाल राजीव लोचन द्वारा रिश्वत लेना आदि समस्याओ को लेकर धरना दिया गया। धरने में एनसीआर उत्तर प्रदेश प्रभारी कपिल सोम,अशोक घटायन प्रदेश उपाध्यक्ष, श्यामपाल चौयरमैन, दीपांकर चौहान, ललित त्यागी, जुल्फिकार छोटा,प्रमोद अहलावत, संजीव राठी, रंधोल राठी,विदेश मोतला, अंकुश प्रधान आदि मौजूद रहे धरने की अध्यक्षता सुखलाल सिंह नंगली एवं संचालन प्रमेन्द्र ढाका एवं सचिन चौधरी ने संयुक्त रूप से किया।

## निर्माण में घटिया सामग्री को लेकर उप जिलाधिकारी को शकायती पत्र सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानसठ।** कस्बा निवासी एक व्यक्ति ने नगर पंचायत द्वारा वार्ड नंबर 13 मे घटिया सामग्री से सड़क निर्माण के कारण बने ग्ढे के चलते मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त होने व हाथ में चोट लगे को लेकर उप जिलाधिकारी से शिकायत की ओर सड़क निर्माण का पेमेंट रुकवाने व सख्त कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है ।

सोमवार को कस्बे के एक सोशल वर्कर नवाब अली पुत्र आमिर अली मोहल्ला जन्ताबाद वार्ड नम्बर 13ने उप जिलाधिक. ारी जानसठ जयेंद्र सिंह कों एक शिकायती पत्र देकर नगर पंचायत पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि कस्बे के जन्ताबाद वार्ड नम्बर 13 में जोहड वाला रास्ता है जो नगर पंचायत के द्वारा सीसी का बनवाया गया है शिकायत कर्ता का आरोप है कि जब वह उस रास्ते से निकाल कर जा रहा था सड़क में बने गड्ढे के कारण उसकी बाइक का पहिया

गढ्ढे में गिरने से बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और हाथ में चोट लग गई है, उनका कहना था कि सड़क को बने दो महीने भी नहीं हुए और वह गढ्ढों में परिवर्तन हो रही है नवाब अली ने योगी सरकार से नगर पंचायत की इस घोर लापरवाही और घटिया सामग्री लगाकर सड़क निर्माण की जांच कराए जाने की मांग की है।

**NAME CHANGED**

I, MAUHAMMAD IKRAM S/o MANGTA R/O- Village Bhopa P/s Bhopa, DISTT. MUZAFFARNAGAR (U.P) Have changed my name to HAFIJ MAU IKRAM.

### दस्तावेज लेखक की मृत्यु पर अधिवक्ताओं ने जताया शोक

**बुढ़ाना।** सोमवार के दिन बार एसोशिएशन बुढ़ाना की एक आवश्यक बैठक बार एसोसिएशन बुढ़ाना के अध्यक्ष विनोद कुमार त्यागी एडवोकेट की अध्यक्षता मे बार एसोसिएशन बुढ़ाना के कार्यालय में सम्पन्न हुई। जिसका संचालन बार एसोसिएशन बुढ़ाना के महासचिव एडवोकेट ओमपाल सिंह मलिक डुंगर ने किया। जिसमे राजेन्द्र कुमार शर्मा दस्तावेज लेखक के आकस्मिक निधन पर उनकी आत्मिक शान्ति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया गया कि आज सभी अधिवक्ता समस्त न्यायालयो मे न्यायिक कार्यो से विरत रहेंगे लेकिन बेल इंजंक्शन खुले रहेंगे। शोक व्यक्त करने वाले अधिवक्ताओं में मुख्य रूप से जाकिर अली, रविंद्र कुमार, मौहम्मद मियां रिजवानी, आबाद कुरैशी, अलीम सिद्दीकी, अचल कुमार, प्रशांत शर्मा और योगेश सैनी सहित अन्य सभी अधिवक्ता हैं।

## भाकियू तोमर का गढी बिजलीघर पर धरना प्रदर्शन

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन (तोमर) के युवा जिला प्रभारी आकिल राजपूत के नेतृत्व मे गढी बिजली घर धरना प्रदर्शन किया और 9 सूत्रीय मांगों को लेकर गढी एसडीओ को चीफ साहब के नाम ज्ञापन सौंपा गया आज आकित राजपूत द्वारा पहले से घोषणा कि गयी थी कि किसान और आमज़न कि समस्याओं को लेकर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा आज उसी तरज पर संगठन ने धरना प्रदर्शन किया और बिजलीघर पर भारतीय किसान यूनियन ढ्डतोमरढ्ढ़ने भारी हंगामा किया और ैक्० को घंटो धूप मे बैठाया और उसके मजबूत आश्वासन के बाद धरना समाप्त किया आज के धरने मे मुख्य मांग इस तरीके से रही सबसे पहले तो स्मार्ट मीटर का विरोध किया गया धरने मै मौजूद किसानो ने कहा है कि ये मीटर हम अपने घरो मे बिल्कुल भी



लगने नही देगे और बिजली के बिलो मे भारी गडबड है उन्हे ठीक कराया जाऐ और बिजली घरो मे किसानो का शौषण ना किया जाऐ और जिस तरीके से कही बिजली का तार टूट जाता है वो बिना सुविधा शुल्क के नही जुडता है और जब किसा गांव का ट्रांसपफार्मर खराब हो जाता है तो 7-8 दिन लगते बदलने मे लगते है और उसके बाद भी सुविधा शुल्क लिया जाता है उसके बाद बदलते है इस तरीके सै जोरो शोरो से मुद्दे उठाये गये। इस मौके पर जमीर मुस्तफा , मेहरबान, शाहरुख, मोनू, राजीव शर्मा, छोटा, शिराजूदीन, राजू राणा, इरशाद, रागिब, नौशाद अल्वी, नौशाद अब्बासी मौजूद रहे।

## तेज हवा से गिरा विशालकाय यूकेलिप्टिस का पेड़, बड़ा हादसा टला, जीटी रोड पर घंटों रहा जाम

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** सोमवार की सुबह तिंगाई गांव के समीप जीटी रोड पर उस समय अफरा-तफरी मच गई जब तेज हवाओं के चलते हाइवे किनारे खड़ा विशालकाय यूकेलिप्टिस का पेड़ अचानक सड़क पर आ गिरा। गनीमत रही कि उस दौरान कोई वाहन उसकी चपेट में नहीं आया।

अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। पेड़ गिरते ही वहां से गुजर रहे वाहनों में हड़कंप मच गया और जीटी पर लंबा जाम लग गया। घटना में विद्युत विभाग को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है।

बताया गया कि पेड़ हाई वोल्टेज लाइन पर गिरा, जिससे कई बिजली के पोल टूट गए और आपूर्ति बाधित हो गई। सूचना मिलते ही भंगेला पुलिस मौके पर पहुंची और वन विभाग की टीम को बुलाकर पेड़ को हटवाया। काफी मशक्कत के बाद सड़क को साफ कराया गया और यातायात व्यवस्था सुचारू हो सकी। इस दौरान घंटों तक वाहन चालक परेशान होकर जाम में फंसे रहे।

### गर्भवती को मारपीट कर किया घायल

**मोरना।** क्षेत्र के गांव युसुफपुर में महिला के साथ मारपीट कर घायल करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव युसुफपुर निवासी महिला तबस्सुम ने थाने पर मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह गर्भवती है। शनिवार की शाम वह घर के बाहर खड़ी हुई थी तभी गांव निवासी आधा दर्जन से अधिक आरोपियों ने मुझे मेरी मां व मेरी बहन के साथ अकारण ही गाली गलौज की।विरोध करने पर आरोपीयों ने मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने मेरे पेट में लात मारी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी शोर सुनकर आसपास के ग्रामीणों ने पीड़ितों की जान बचाई। पीड़िता ने आरोपियों से जान को खतरा जताते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

**NAME CHANGED**

I, MAUHAMMAD AMIR ANSARI S/o HAFIJ MAU IKRAM R/O- Village Bhopa P/s Bhopa, DISTT. MUZAFFARNAGAR (U.P) Have changed my name to MAU AMIR ANSARI.

**सूचना**

मैने अपना नाम MOHAMMAD NAUSHAD से बदलकर Mohd Naushad S/0 Mohd Aslam रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

**पता-124/3, खालापार**
**नार्थ मुजफ्फरनगर**

# नगर पालिका खतौली पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप

## मेला छड़ियान ठेके को लेकर उठे सवाल

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** नगर पालिका परिषद खतौली एक बार फिर विवादों में घिर गई है। इस बार मामला मेला छड़ियान के ठेके से जुड़ा है, जिसमें प्रशासनिक और वित्तीय अनियमितताओं के गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

स्थानीय नागरिकों ने उपजिलाधिकारी को प्रेषित पत्र में आरोप लगाया है कि ठेके को आपसी साठगांठ कर निजी लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से दिया गया है।

वार्ड 10 के सभासद मनोज कुमार ने मुख्यमंत्री, नगर विकास मंत्री, मंडलायुक्त सहारनपुर और जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर को मेला छड़ियान को लेकर शिकायती पत्र भेज कर कहा कि इस वर्ष का मेला ठेका पिछले साल की तुलना में करीब 8 से 9 लाख रुपये कम राशि में दिया गया है। यही नहीं, ठेका ऐसे ठेकेदार को सौंपा गया है, जिसे न केवल पूर्व में ब्लैकलिस्ट किया गया था बल्कि मेला आयोजन का कोई अनुभव भी नहीं है।

पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि ठेके के वितरण कार्य में कुछ सभासद और उनके परिजन सीधे तौर पर शामिल हैं। आरोप है कि ठेका प्रक्रिया के दौरान ही कुछ सभासद पतियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिकायत में कहा गया है कि ठेका हो जाने के बावजूद पालिका प्रशासन की ओर से अब तक मेले के तहत होने वाले धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की घोषणा नहीं की गई है। जबकि नियमों के अनुसार, मेले की आय से ही इन कार्यक्रमों का आयोजन होना चाहिए।

मेला स्थल पर लगाए जा रहे झूलों और अप्पू घर को लेकर भी गंभीर आपत्तियां जताई गई हैं। पत्र में कहा गया है कि वर्षा ऋतु के कारण स्थल की जमीन गीली और पानी से भरी हुई है, ऐसे में झूले नियमों और मानकों के विपरीत लगाए जा रहे हैं। इससे किसी भी समय दुर्घटना हो सकती है। मामले को गंभीर बताते हुए उपजिलाधिकारी खतौली से तत्काल जांच और कार्रवाई की मांग की गई है।

# भाकियू नेता ने हाथों से चित्र बनाकर एसडीएम को किया भेंट



**बुढ़ाना।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के युवा नेता बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला मंडी निवासी आर्टिस्ट अदनान खान ने आज सोमवार के दिन बुढ़ाना एसडीएम श्रीमति अपूर्वा यादव को उनका हुबहू चित्र अपने हाथों से बनाकर भेंट किया।

मिली जानकारी के अनुसार आर्टिस्ट अदनान खान ने एसडीएम को हाथ से बनाई उनकी खुद की तस्वीर भेंट की। जिस पर एसडीएम ने अदनान खान के हुनर की सराहना की। आर्टिस्ट अदनान ने बताया कि अब तक वह कई अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को उनकी हूबहू तस्वीर अपने कर कमलों द्वारा बनाकर भेंट कर चुका है। वह बचपन से ही चित्र बनाने की प्रैक्टिस करता रहा है। पहले वह मिटी से चित्र बनाया करता था। इसके बाद कैनवास, मैटल, फाइबर और अन्य मटेरियल से चित्र बनाता है। अब तक उसको शाबाशी ही मिली है बस कोई पुरुस्कार मिले वह इस इंतजार में है। एसडीएम अपूर्वा यादव ने कहा कि वर्तमान समय में जहां लोग प्रिंटिंग मशीनों के माध्यम से सुंदर छायाचित्र बना रहे हैं वहीं दूसरी ओर अदनान मिट्टी व कैनवास पर अपनी हस्तकला द्वारा महापुरुषों, देवी देवताओं व राजनीतिज्ञों के छाया चित्र बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। भाकियू नेता ने एसडीएम को बुढ़ाना आगमन पर शुभकामनाएं दी और कुछ सामाजिक मुद्दों पर भी बात की।

## संक्षिप्त समाचार

### भाकियू नेता पर जमीन हड़पने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप

**खतौली।** नगर के मोहल्ला मिठूलाल निवासी फैजान पुत्र अब्दुल हक ने भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के नेता जुल्फकार उर्फ छोटू पर जमीन हड़पने और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित पफैजान ने सोमवार को एसडीएम खतौली राजकुमार भारती को शिकायती पत्र सौंपा। पत्र में आरोप लगाया कि भाकियू नेता उसकी जमीन पर कब्जा करने का प्रयास कर रहा है। विरोध करने पर आरोपी नेता ने न केवल गाली-गलौच की, बल्कि उसे गोली मारने की धमकी भी दी। फैजान ने कहा कि आरोपी भाकियू नेता पर पहले से ही खतौली कोतवाली में संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज है। उसने एसडीएम से अपनी जान-माल की सुरक्षा की गुहार लगाते हुए आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इस मामले पर एसडीएम राजकुमार भारती ने शिकायत की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### मारपीट की योजना बनाते दस गिरफ्तार

**मोरना।** मोबाइल फोन पर देख लेने की धमकी मिलने के बाद झगड़े की योजना बनाकर देर रात सड़क पर खड़े एक पक्ष के दस युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जबकि दर्जनों फरार हो गये। ककरौली थाना क्षेत्र के बेहड़ा सादात चौराहे पर खड़े युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मौके से एक कार, दो बाइक, चार डंडे, एक चमड़े की बेल्ट व बाइक के साइलेंसर की एक लोहे की पटी बरामद की। युवकों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना भोपा क्षेत्र के मोरना निवासी अमूल ने पुलिस को बताया कि क्षेत्र के ही गांव भेड़ाहेड़ी निवासी सोहित के साथ फोन पर उसकी बहस हो गई थी। सोहित ने उसे देख लेने की धमकी दी थी। दोनों पक्षों के युवकों के बीच झगड़ा करने के लिए बेहड़ा सादात चौराहे पर आना तय हो गया। करीब बीस युवकों को साथ लेकर अमूल बेहड़ा सादात चौराहे से पहले स्थित कॉलेज के पास पहुंचा। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मौके पर जाकर झगड़ा करने आये दस युवकों को पकड़ लिया। जबकि दर्जनों युवक मौका देखकर फरार हो गये। थाना पुलिस ने बताया कि पकड़े गए भोपा क्षेत्र के मोरना निवासी अमूल, विपिन, हरिओम, दीपक, छछरौली निवासी तुषार, ककरौली के चौरावाला निवासी प्रशांत, शिवांग, अंश, अनुज, गाजियाबाद के थाना बापूधाम निवासी शिवा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। उनके पास से चमड़े की बेल्ट, चार डंडे, बाइक के साइलेंसर की लोहे की पटी, एक कार व दो बाइक बरामद की गई हैं। कार व बाइकों को सीज किया गया है।

### 15 वर्षों से उपेक्षा का शिकार कॉलोनी के दिन बहुरे

**जानसठ।** नगर पंचायत के वार्ड 13 मोहल्ला जन्नताबाद की एक बस्ती पिछले 15 वर्षों से उपेक्षा का शिकार थी, यहां 15 वर्षों से सरकारी एक ईंट भी नहीं लग पाई थी और कच्चे रास्ते व पानी की निकासी ना होने के कारण कॉलोनी वासियों का जीवन नारकीय हो गया था, कॉलोनी वासी कहते हैं कि यहां जनप्रतिनिधि आते थे और लंबे चौड़े वायदे करकर चले जाते थे, लेकिन अब 15 वर्षों के बाद जानसठ नगर पंचायत द्वारा कॉलोनी का चहुंमुखी विकास कराया जा रहा है। नगर पंचायत जानसठ, वार्ड 13 के सभासद मौ.अहसान के प्रस्ताव पर चेयरमैन डॉ. आबिद हुसैन ने वार्ड 13 में सड़क निर्माण का कार्य शुरू करा दिया जिससे कॉलोनी वासियों ने राहत की सांस ली है। सभासद मोहम्मद अहसान का कहना है कि जानसठ नगर पंचायत के वार्ड 13 जन्नताबाद की बस्ती लगभग 15 वर्षों से थी उपेक्षा का शिकार थी, 15 वर्षों से यहां के कच्चे रास्ते और पानी की निकासी न होना एक बड़ी समस्या थी, चेयरमैन डॉ. आबिद हुसैन के नेतृत्व में वार्ड 13 में अब सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। जिससे वार्ड वासी काफी राहत महसूस कर रहे हैं।

# सेवा समर्पण वेलफेयर ट्रस्ट की कार्यकारिणी का विस्तार

**मुजफ्फरनगर।** सेवा समर्पण वेलफेयर ट्रस्ट की राष्ट्रीय अध्यक्ष रेनू चौधरी की अध्यक्षता में सेवा समर्पण वेलफेयर ट्रस्ट की एक बैठक आज गांधी कॉलोनी स्थित संपर्क कार्यालय पर हुई। बैठक मे राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सीमा गोयल ने काफी समय से सक्रिय रूप से कार्य कर रही सुनीता मलिक को प्रदेश प्रभारी व नेहा गोयल को जिला अध्यक्ष, पिंकी चौधरी जिला उपाध्यक्ष, अनुराधा गोयल जिला महामंत्री मुजफ्फरनगर बनाया गया वहीं राष्ट्रीय अध्यक्ष रेनू चौधरी ने अपना वक्तव्य रखते हुए कहा कि भारत सरकार द्वारा महिलाओं को हर फील्ड में प्राथमिकता दी जा रही है मगर उसके बावजूद भी महिलाओं पर अत्याचार बंद नहीं हो रहे हैं कहीं महिलाओं को दहेज के नाम पर जलाया जा रहा है तो कहीं महिलाओं को जिहादियों द्वारा अपना शिकार बनाकर उनका धर्मांतरण किया जा रहा है हम सभी बहनों को साथ मिलकर अपनी बहन बेटियों को जागरूक करना होगा और लगातार छोटी-छोटी नुक्कड़ सभाये कर धरातल पर कार्य करते हुए संगठन को और विस्तार देना होगा।

इस दौरान मुख्य रूप से डॉक्टर प्रीति चौधरी, राष्ट्रीय सचिव सीमा गोयल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेश गौतम, मंजू शर्मा, संदीप चौधरी ,आशा सिंह आदि मौजूद रहे।

# 27 अगस्त को नई मंडी का भ्रमण करेंगे भगवान गणपति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** श्री गणपति खाटू श्याम मंदिर भरतिया कालोनी में 27 अगस्त से 6 सितम्बर तक भगवान श्री गणपति का जन्मोत्सव बडी धूमधाम के साथमनाया जाएगा।

मंदिर परिसर मे पत्कारों से वार्ता करते हुए समाजसेवी भीमसैन कंसल, अशोक गर्ग, अनिल गोयल, संजय मित्तल आदि ने संयुक्त रूप से बताया कि 27 अगस्त दिन बुध वार को सवेरे 4 बजे बाबा का अभिषेक होगा। तथा प्रातः 10 बजे से गणपति रथ यात्र निकाली जाएगी। शोभा यात्र मंदिर से शुरू होकर गुड मंडी, राजवाहारोड, मुनीम कालोनी से होते हुए नई मन्डी बडे डाकखाने के सामने से निकलकर गौशाला रोड से नन्दी स्वीटस के बराबर मे होते हुए पुरानी मन्डी,पीठ बाजार, बिन्दल बाजार से होते हुए वकील रोड चौडी गली से गउशाला रोड से होकर भोपा पुल के पास वकील रोड से नई मन्डी बिजली घर होते हुए वापिस मंदिर परिसर पर समाप्त होगी। शोभायात्रा में भगवान गणपति जी स्वर्ण रथ पर सवार होकर भक्तों को दर्शन देने के लिए पधारेंगे । रथयात्र मे खाटू श्याम जी का विशाल रथ, 12 झॉकिया, 4 बैण्ड व 2 ढोल, 2 ताशे, 2 रथ, आतिशबाजी और डीजे आकर्षण रहेंगे। राष्ट्रभक्त शिवाजी महाराज की झॉकी विशेष आकर्षण का केन्द्र रहेगी। मंदिर परिसर में 28 अगस्त से 4 सितम्बर तक शाम को विशेष कार्यकम होंगे। पांच सितम्बर



को हवन पूजन होगा। तथा 6 सितम्बर को मॉ गंगा के तट हरिद्वार पर गणपति विर्सजन होगा। मंदिर समिति सदस्यों ने नगरपालिका से अपील की है कि वो नगर को स्वच्छ बनाने मे विशेष सहयोग दें। प्रेसवार्ता मे चाचा जे.पी.गोयल, कैलाश चन्द ज्ञानी, सोमप्रकाश कुच्छल, अम्बरीश सिंघल, विनोद राठी, बिजेन्द्र रानो, विकास अग्रवाल, प्रतीक कंसल, रजत राठी, नीरज गोयल, अमित गोयल, नवीन अग्रवाल, रजत गोयल, शुभम तायल, अंकित अग्रवाल, नवनीत गुप्ता, विशाल गर्ग, यश गर्ग आदि मौजूद रहे।

# ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र पर रक्तदान शिविर का आयोजन



**मुजफ्फरनगर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय माउंट आबू राजस्थान के स्थानीय गांधीनगर सेवा केंद्र पर संस्था की पूर्व प्रमुख राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि जी के 18 में स्मृति दिवस पर वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम का उद्घाटन कपिल देव अग्रवाल जी राज्य मंत्री कौशल विकास उत्तर प्रदेश सरकार एवं अंजू अग्रवाल पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद तथा वरिष्ठ भाजपा नेता श्री मोहन पायल एवं विशाल गर्ग एवं सत्ता शर्मा अरोड़ा द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि कपिल देव अग्रवाल ने रक्तदान को महादान एवं जीवन दान बताया तथा दुर्घटना एवं आपदा के समय रक्त द्वारा जीवन बचाने के महत्व को समझाया तथा अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया तथा संस्था द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर की भरपूर सराहना की इस अवसर पर पूर्व चिकित्सा अधीक्षक एवं नगर के प्रमुख वरिष्ठ फिजीशियन डॉक्टर एमएमएल गर्ग ने बताया 18 से 60 वर्ष का व्यक्ति रक्तदान कर सकता है शरीर में रक्त की पूर्ति 3 माह में हो जाती है उन्होंने शरीर दान एवं अंगदान के लिए भी लोगों को जागरूक किया तथा लोगों के मन में रक्तदान की बहुत सी भ्रांतियां को भी दूर करने के लिए समझाया। इस अवसर पर सेवा केंद्र प्रभारी बीके बबीता दीदी ने बताया कि संस्था द्वारा यह कार्यक्रम पूरे भारत में आयोजित कर एक लाख यूनिट ब्लड एकत्रित करने का लक्ष्य रखकर विश्व कीर्तिमान स्थापित करना है। यह कार्यक्रम संस्था के समाज सेवक विभाग द्वारा आयोजित किया जा रहा है स्थानीय स्तर पर इस कार्यक्रम के लिए सर्वोदय चेरिटेबल ब्लड सेंटर भोपाल रोड का सहयोग रहा है तथा स्थानीय स्तर पर 100 यूनिट ब्लड रक्तदान का लक्ष्य रखा गया है। इस कार्यक्रम में कृष्ण गोपाल मित्तल, प्रदेश उपाध्यक्ष व्यापार मंडल जगदीश बालियान, अध्यक्ष जाट महासभा सुनील तायल,सत्य प्रकाश रिशु अपनी गरिमा में उपस्थित से लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया तथा अपने अनेक सहयोगियों द्वारा रक्तदान भी कराया। सभी रक्तदाताओं को संस्था के तरपफ से प्रमाण पत्र मेडल उपहार एवं अल्पाहार प्रदान किया गया इस कार्यक्रम में संस्था के सभी भाई बहनों का पूरे दिन सहयोग रहा रक्तदान का कार्यक्रम सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक जारी रहा।

# चर्चित खसरे का तहसीलदार ने किया स्थलीय निरीक्षण

**बुढ़ाना।** कस्बे के चर्चित खसरा नंबर 2777 का आज सोमवार के दिन बुढ़ाना तहसीलदार महेंद्र सिंह यादवघ ने तहसील कर्मियों और नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी आलोक रंजन यादव को साथ लेकर एसडीएम बुढ़ाना श्रीमति अपूर्वा यादव के निर्देश पर स्थलीय निरीक्षण किया। चार दिन पूर्व भाजपा नेता आदेश त्यागी ने इस खसरे की शिकायत एसडीएम से की थी और उन्हें बताया था कि बुढ़ाना कस्बे में स्थित खसरा संख्या 2777 जो सरकारी भूमि है उस पर कुछ भूमाफियाओं ने काफी दिनों से अवैध कब्जा किया हुआ है।घ यह भूमि कस्बे में नगर पंचायत बुढ़ाना द्वारा बनाए जा रहे रोडवेज बस अढे के पास लगभग 30 बीघे है। जिसकी कीमत करोड़ों रुपए मे है। इस भूमि पर अब्दुल आदि भू माफियाओ ने अवैध कब्जा किया हुआ हैं। इन व्यक्तियों ने सरकारी, अन्य जमीनों और तालाबों आदि पर भी अवैध कब्जे किए हुए हैं। ये व्यक्ति योजना बनाकर सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे करते हैं। पहले तो कुछ दिनों तक अवैध कब्जे करके ये भू-माफिया वहां पर चारदीवारी बनाते हैं। अगर जमीन आबादी से बाहर की है तो उस पर ये खेती करने लगते हैं। जिससे सबको यकीन हो जाए कि ये जमीन इन्हीं की है और इसके बाद उसी जमीन को सीधे साधे व्यक्ति को बेचकर करोड़ों रुपये की धन राशि वसूलते हैं। कस्बे की भोली भाली जनता इनके चंगुल में फंसती है। तहसीलदार ने भूमाफियाओं के विरुद्ध जांच के बाद कार्यवाही की बात कही है। इस दौरान नायब



तहसीलदार अमन सिंह, बुढ़ाना नगर पंचायत के वरिष्ठ लिपिक सतीश पंवार, लेखपाल ओमप्रकाश और पुलिस बल मौजूद रहा।

# ई-रिक्शा चोर को लोगों ने दबोचा, पुलिस के हवाले किया

**शाहटाइम्स, संवाददाता**

**खतौली।** नगर में चोरी की वारदातों को अंजाम देने आए ई-रिक्शा चोर को सोमवार को लोगों ने रंगे हाथ पकड़ लिया। गुस्साई भीड़ ने आरोपी की धुनाई करने के बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया।

पुलिस चोर से सख्ती से पूछताछ कर रही है। गौरतलब है कि 11 अगस्त को कस्बे के सद्दीकनगर निवासी इस्लामुद्दीन पुत्र नसीर अहमद की ई-रिक्शा घर के बाहर से चोरी हो गई थी।

इस्लामुद्दीन मेहनत-मजदूरी कर रिक्शा चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता है। उस दिन वह देर शाम काम करके घर पहुंचा और खाना खाने के लिए रिक्शा को बाहर खड़ा कर अंदर चला गया। कुछ देर बाद बाहर आया तो रिक्शा गायब मिली। घटना के बाद पीड़ित ने कोतवाली में अज्ञात चोर के खिलाफ तहरीर दी थी।

वहीं, रिक्शा चोरी की वारदात पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी, जिसके आधार पर पुलिस चोर की तलाश में जुटी थी। इसी बीच सोमवार को आरोपी दोबारा नगर में चोरी करने आया। सीसीटीवी फुटेज से पहचान होने पर लोगों ने उसे दबोच लिया और मौके पर उसकी पिटाई कर दी। इसके बाद उसे पुलिस को सौंप दिया गया। कोतवाली पुलिस ने बताया कि पकड़े गए चोर से सख्ती से पूछताछ की जा रही है। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए चोर ने अपना नाम असलम निवासी लिसाड़ी गेट मेरठ बताया है। जल्द ही चोरी हुई ई-रिक्शा की बरामदगी कर ली जाएगी।

# दूधली में म्हाड़ी मेले का मंत्री ने किया शुभारंभ



**मुजफ्फरनगर।** ग्राम दूधली के प्रसिद्ध जाहरवीर गोगा महाड़ी के अवसर पर कपिल देव अग्रवाल, सुरेश राणा एवं सुभाष चौहान पहुँचे।

जनपद मुज़फ्फरनगर के चरथवाल थाना क्षेत्र के गांव दूधली में कौशल विकास मंत्री कपिल देव अग्रवाल एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा और कैमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष सुभाष चौहान का गांव में पधारने पर ग्राम प्रधान शोभित पुंडीर एवं उत्तर प्रदेश पुलिस के रिटायर्ड सब इंस्पेक्टर बृजपाल सिंह ने शहीद स्मारक पर पहुंचने पर सभी को फूल मालाए पहना कर जोरदार स्वागत किय । कौशल विकास मंत्री कपिल देव अग्रवाल एवं भाजपा के नेताओं ने शहीद स्मारक पर शहीदों को फूल मालाए पहना कर दी सादर पूर्वक श्रद्धांजलि दी।

# मूर्ति स्थापना के बाद हुआ भंडारे का आयोजन

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव चंधेडी में सोमवार की सुबह गांव के मंदिर में संत शिरोमणि रविदास के मूर्ति की स्थापना करने के बाद भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। यहां पर भव्य भंडारे में सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

गांव के प्रदीप कुमार ने संत गुरु रविदास की जीवनी पर प्रकाश डाला व महान संत के दिखाए मार्ग पर चलने की बात मौजूद लोगों से कही और बताया कि रविदास का जन्म भारत के वर्तमान उत्तर प्रदेश में वाराणसी के पास सर गोबर्धनपुर गाँव में हुआ था। उनके जन्म स्थान को अब श्री गुरु रविदास जन्म स्थान के रूप में जाना जाता है। उनके जन्मदिन को रविदास जयंती के रूप में मनाया जाता है और महत्वपूर्ण मंदिर रविदास मंदिर है। माता कलसी उनकी माता थी और उनके पिता संतोख दास थे।



उनके माता पिता चमड़े का काम करने वाले चमार समुदाय से थे जो एक अछूत जाति थी जबकि उनका मूल व्यवसाय चमड़े का काम था उन्होंने अपना अधिकांश समय गंगा के तट पर आध्यात्मिक गतिविधियों में बिताना शुरू कर दिया था। इसके बाद उन्होंने अपना अधिकांश जीवन सूफी संतों, साधुओं और तपस्वियों की संगति में बिताया। रविदास का विवाह लोना देवी से कर दिया गया। इस दौरान यहां पर सभी ग्रामीणों ने संत के दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

### बिजली मिस्त्री के साथ मारपीट की घटना के बाद रोष

**मोरना।** भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी निवासी राजीव अपनी दुकान पर इलेक्ट्रॉनिक सामान की मरम्मत करता है। राजीव ने बताया कि शाम के समय कस्बा निवासी दुसरे संप्रदाय का युवक दुकान पर पहुंचा और घर का पंखा सही से नहीं चलने की शिकायत की। राजीव ने उसे पंखा लाने को कहा ताकि दोबारा ठीक किया जा सके। आरोप है कि इसी बात पर युवक ने गाली-गलौज शुरू कर दी।विरोध करने पर आरोपी धमकी देकर चला गया और थोड़ी देर बाद अपने भाईयों के साथ वापस आया। आरोपियों ने मिलकर राजीव के साथ मारपीट की और दुकान में तोड़फोड़ कर दी। हंगामा बढ़ता देख आसपास के लोगों ने बीच-बचाव कर राजीव की जान बचाई। वहीं घटना को लेकर हिन्दू संगठनों में रोष व्याप्त हो गया है।

# अन्तर्राष्ट्रीय शैक्षिक सम्मेलन उदयपुर में प्रवेन्द्र दहिया का सम्मान

**मुजफ्फरनगर।** उदयपुर अनन्ता में हुए विद्या वैभव अन्तर्राष्ट्रीय शैक्षिक सम्मेलन में प्रवेन्द्र दहिया प्रधानाचार्य, होली चाइल्ड पब्लिक इण्टर कॉलेज, जडौदा, मुजफ्फरनगर एवं रीटा दहिया को ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की नवाचार एवं उश्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने पर विद्या वैभव अन्तर्राष्ट्रीय शैक्षिक सम्मेलन के डायरेक्टर श्रुतिधारा आर्य, राष्ट्रीय स्तर के शिक्षाविद कुलभूषण कैन, डॉ0 धीरज मेहरोत्रा, तेजेन्द्र पाल सिंह ओबराय, प्रमोद शर्मा द्वारा सम्मानित किया गया।

अन्तर्राष्ट्रीय शैक्षिक सम्मेलन का शुभारम्भ उदयपुर के श्रीजी हूजुर डॉ0 लक्ष्यराज सिंह मेवाड, राजकुमारी जान्हवी कुमारी, भूटान के शिक्षाविद जमतशो, रिटायर्ड जनरल मेजर प्रमोद सहगल, रिटायर्ड लेफ्टिनेट सुरेन्द्र कुलकर्नी, मोरिसस शिक्षाविद मधुकर नारेन, श्रीलंका शिक्षाविद थेरेस अशांथी लकमली, हरदीप बक्शी ने किया।

सम्मेलन में श्रीजी डॉ0 लक्ष्यराज सिंह मेवाड ने बताया कि मेवाड का इतिहास संघर्ष, साहस और हजार सालों की दूरदर्शिता की मिसाल है। मैंने अपनी टीम के साथ 40 मिनट में 21 हजार 58 पौधों का बीजोरोपण कर गिनिज ऑफ वल्ड रिकॉर्ड बनाया है, मैं समाजसेवा एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में सात बार वल्ड ऑपफ रिकॉर्ड प्राप्त किया है, इसी सन्दर्भ में हमें विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करके ग्लोबल वार्मिंग की समस्या के प्रति जागरूक करना है और अपने राष्ट्र के प्रति विद्यार्थियों में देशप्रेम की भावना जाग्रत करना शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

श्रुतिधारा आर्य ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय शैक्षिक सम्मेलन देश-विदेशों के शिक्षाविदों के विचारों एवं नवाचारों को राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय एवं शिक्षकों तक पहुंचाना एवं जो शिक्षक राष्ट्र निर्माण में शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है, उन्हें सम्मानित करके हमें गर्व की अनुभूति होती है।

विद्या वैभव अन्तर्राष्ट्रीय शैक्षिक सम्मेलन में देश-विदेश के शिक्षाविदों




ने स्कूलों में प्रोद्योगिकी अपनाने, सतत विकास लक्ष्यों को शिक्षा में शामिल करने, विद्यार्थियों के हित में नई टैक्नोलॉजी को अपनाने और शिक्षा में उसका एकीकरण करने, शिक्षा के लिए स्थायी भविष्य, विद्यार्थियों में मानसिक स्वास्थ्य को सुधारने और विद्यार्थियों के अन्दर सांस्कृतिक मूल्यों का समावेश करने, शिक्षा को विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिए कैसे आनंदमय करने पर अपने बहुमूल्य विचार प्रदान करें, जिसमें कहा गया कि आज के समय में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को नई -नई तकनीकों को अपनाकर ही वे अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्र को शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति की ओर ले जा सकते है।

# भाजपा उपाध्यक्ष के यहां पहुंचे पूर्व मंत्री सुरेश राणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** भाजपा ज़िला उपाध्यक्ष नितिन मलिक के गांव गढ़ी सखावतपुर के समीप स्थित प्रतिष्ठान पर उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा पहुंचे। जहां पर पूर्व कैबिनेट मंत्री ने सभी का हाल चाल जाना और भारतीय जनता पार्टी के द्वारा चलाए जा रहे अभियान को गति देने और उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार की लाभकारी योजनाओं को जनता तक विस्तृत रूप से पहुंचाने के लिए योजनाओं पर चर्चा की। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से भाजपा के पूर्व बुढ़ाना मण्डल अध्यक्ष भारत ठाकुर, भाजपा सोशल मीडिया संयोजक शाहिद असलम, पंकज नगवा, संजय, राजा, सुनील और बलजीत सिंह आदि भाजपाई उपस्थित रहे। इससे पूर्व सुरेश राणा बुढ़ाना में मृतक मोनू के आवास पर



भी पहुंचे और परिजनों को सांत्वना देते हुए सरकार से हरसंभव मदद देने का आश्वासन दिया। उन्होंने पीड़ित परिवार को कहा कि उनकी इस मामले मे अधिकारियों से बात हुई है।

जल्द से जल्द बाकी आरोपी पकड़े जाएंगे। उन्होंने बताया कि योगी शासन में कोई भी आरोपी बच नहीं सकता। चाहे वो कितनी ही पहुंच वाला ही क्यों ना हो क्योंकि अपराधी अपराधी होता है। सरकार की हमदर्दी पीडित परिवार के साथ है। इस दौरान यहां पर खटीक समाज के कई जिम्मेदार लोग उपस्थित रहे।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।



# खानपुर निवासी राहुल ने खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स में जीता कांस्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र का नाम रोशन करते हुए थाना भवन क्षेत्र के गांव खानपुर निवासी रोइंग खिलाड़ी राहुल चौधरी पुत्र अशोक चौधरी ने खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। श्रीनगर के प्रसिद्ध डल लेक में 21 से 23 अगस्त तक आयोजित प्रतियोगिता में राहुल ने 1000 मीटर रोइंग डबल स्कल इवेंट में कांस्य पदक अपने नाम किया। राहुल चौधरी इससे पहले भी कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में गोल्ड और सिल्वर मेडल जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं। वर्तमान में वह आर्मी रोइंग नोड, पुणे में कड़ी मेहनत और लगन के साथ अभ्यास कर रहे हैं। सोमवार को जब राहुल चौधरी अपने गांव खानपुर लौटे तो परिवारजन एवं गांववासियों ने उनका फूल मालाओं और मिठाइयों से जोरदार स्वागत किया। इस दौरान ग्रामीणों में गजब का उत्साह देखने को मिला और सभी ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।राहुल की इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार और गांव खानपुर में खुशी की लहर है, बल्कि पूरे थानाभवन क्षेत्र और शामली जिले का गौरव भी बढ़ा है। ग्रामीणों और खेल प्रेमियों का कहना है कि राहुल की सफलता से क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों को भी प्रेरणा मिलेगी।

# 15 हजार की रिश्वत लेते श्रम प्रवर्तन अधिकारी गिरफ्तार



पीड़ित



रिश्वत के आरोप में गिरफ्तार अधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सोमवार को सहारनपुर से आई एंटी करप्शन टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए श्रम प्रवर्तन अधिकारी सुरेश प्रकाश गौतम को 15 हजार रूपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। आरोपी अधिकारी मृतक श्रमिकों की सहायता राशि दिलाने के नाम पर बुजुर्ग से पैसे वसूल रहा था। गिरफ्तारी के बाद एंटी करप्शन टीम ने उसे थाना आदर्श मंडी पुलिस को सौंपते हुए मुकदमा दर्ज कराया और जेल भेज दिया।

कांधला क्षेत्र के गांव असदपुर जिड़ाना निवासी 67 वर्षीय सुबेदीन पुत्र स्व। मनफुल्ला के दो बेटे श्रमिक थे। उसका बड़ा बेटा जमील अहमद (49 वर्ष) 2 अगस्त 2021 को बीमारी से चल बसा था। इसके बाद छोटा बेटा मोहसिन अहमद (26 वर्ष) 7 जुलाई 2022 को सड़क दुर्घटना में मौत का शिकार हो गया। दोनों पुत्रों की मृत्यु के बाद पीड़ित पिता सुबेदीन ने श्रमिक सहायता राशि के लिए श्रम विभाग में आवेदन किया। शासन से जमील अहमद की सहायता राशि स्वीकृत हो चुकी थी, लेकिन मोहसिन अहमद की फाइल अब तक शासन को नहीं भेजी गई। सुबेदीन का कहना है कि वह पिछले तीन वर्षों से कार्यालय के चक्कर काट रहा था, लेकिन उसे टालमटोल कर परेशान किया जा रहा था। आरोप है कि श्रम प्रवर्तन अधिकारी सुरेश प्रकाश गौतम ने सहायता राशि दिलाने और फाइल शासन को भेजने के लिए चार दिन पूर्व सुबेदीन से 20 हजार रूपए की मांग की थी। काफी मिन्नतों के बाद आरोपी ने सौदा 15 हजार रूपए में तय किया। इसके बाद पीड़ित सीधे सहारनपुर स्थित एंटी करप्शन टीम के पास पहुंचा और पूरी जानकारी दी। एंटी करप्शन टीम ने सोमवार को योजना बनाकर कार्रवाई की। आरोपी ने सुबेदीन को मुजफ्फरनगर रोड स्थित बनत बाईपास के एक होटल में रूपए लाने के लिए बुलाया। जैसे ही अधिकारी ने रिश्वत की रकम ली, टीम ने उसे मौके पर ही दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद एंटी करप्शन टीम ने आरोपी को थाना आदर्श मंडी ले जाकर पूछताछ की और उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। इसके बाद रिश्वतखोर अधिकारी को जेल भेज दिया गया।

# पुत्रवधु से दुष्कर्म करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव निवासी महिला की तहरीर पर एसपी के आद. ेश पर पुलिस ने महिला के ससुर पर दुष्कर्म सहित गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने एसपी राम सेवक गौतम को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि 9 जुलाई को पीड़िता अपने घर पर अकेली थी। पीड़िता का पति घर से बाहर गया हुआ था और बच्चे टड्ूशन पढ़ने के लिए गए थे। आरोप है कि इसी बीच पीड़िता का ससुर सुरेंद्र पाल पीड़िता के घर पहुंचा और पीड़िता को अकेली देखकर कहने लगा कि मैंने तुम्हारे पति पर झूठा मुकदमा दर्ज कराया था। जिसके में कोर्ट में ब्यान कर मुकदमा खत्म करा दूंगा, इसके बदले तुम्हें मुझे खुश करना होगा। आरोप है कि पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपी ससुर ने पीड़िता के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म करते हुए पीड़िता के पति और बच्चों को जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता का आरोप है कि पीड़िता के ससुर ने किसी को भी घटना के बारे में बताने पर बच्चों सहित पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी थी और मौके से फरार हो गया था। पीड़िता ने मामले की शिकायत स्थानीय पुलिस से की तो आरोप है कि स्थानीय पुलिस ने मामले में कोई कार्रवाई नहीं की थी। पीड़िता ने मामले में एसपी रामसेवक गौतम को शिकायत कर कार्रवाई की मांग की थी। एसपी रामसेवक गौतम ने स्थानीय पुलिस को मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजने के आदेश दिए थे। पुलिस ने एसपी के आदेश पर आरोपी ससुर पर गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर दिया गया है। शीघ्र ही आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

## एक नजर

### आर्ट प्रतियोगिता में दिखाया अपना हुनर




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारतीय विद्यार्थी संगम द्वारा सोमवार को शहर के हिमगिरी पब्लिक स्कूल में आर्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे 50 बच्चों ने भाग लिया और बहुत सुंदर-सुंदर पेंटिंग बनाई। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में मनीष भटनागर रहे। जिसमें शगुन सैनी प्रथम ,नाजिम द्वितीय एवं खुशी पाल तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। बाकी बच्चों सभी बच्चों को शान्तुना पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर राजीव बंसल, सत्र संयोजक अनुज जैन, अध्यक्ष अनुराग जैन, सचिव मनीष भटनागर, कोषाध्यक्ष वैभव संगल, कार्यक्रम संयोजक रामनिवास सैनी, ऋषभ जैन मौजूद रहे।

### गणित मेला में विजयी छात्रों का सम्मान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में विभागीय वैदिक गणित मेला में विजई छात्रों को सम्मान समारोह आयोजित किया गया। गत 24 अगस्त को जनपद सहारनपुर स्थित स्टार पेपर मिल सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलिज में विभागीय वैदिक गणित मेला का आयोजन हुआ जिसमें सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलिज, शामली के तरूण वर्ग में छात्र देवांश, अभिनव पांचाल एवं पार्थ भारद्वाज ने प्रतिभाग करके अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान तथा किशोर वर्ग में छात्र अनन्त वर्मा, देव वशिष्ट, लक्ष्य ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया व प्रदर्श प्रतियोगिता में दीपक मलिक ने तृतीय स्थान तथा प्रयोग प्रतियोगिता में आर्यन ने भी तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय पहंचने पर छात्रों का सामूहिक रूप से प्रधानाचार्य के द्वारा मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। नीटू कुमार, पुष्पेन्द्र कुमार, ब्रजपाल सिंह, कुलदीप कुमार, सचिन कुमार, सुभाष चन्द, प्रदीप कुमार उपस्थित रहे।

### बिना नंबर प्लेट दौड़ते डंपर बने जानलेवा, केरटू व अहमदगढ़ के पास हुआ बड़ा हादसा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** करनाल-शामली रोड पर अहमदगढ़ के पास मैरिज होम के समीप सोमवार की दोपहर एक बड़ा हादसा हो गया। यमुना की ओर से आ रहा रेत से भरा डंपर, जिसकी पीछे नंबर प्लेट नहीं थी और आगे की नंबर प्लेट के नंबर भी मिटाए गए थे, ने पीछे से पूराल से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रैक्टर बीच से टूटकर बिखर गया। गनीमत रही कि ट्रैक्टर चालक जसविंदर निवासी भटिंडा, पंजाब मामूली रूप से घायल हुआ और उसकी जान बच गई। डंपर अरशद पुत्र बांदा निवासी गंदराव का बताया जा रहा है, जबकि इसे कादिर पुत्र जाबिर हसन चला रहा था, जो हादसे में सुरक्षित है। सूचना पर अहमद गढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और डंपर को कब्जे में ले लिया। हादसे के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि बिना नंबर प्लेट के रेत से भरे डंपर खुलेआम सड़कों पर फर्राटा भर रहे हैं, लेकिन प्रशासन और ट्रैफिक पुलिस इन पर कोई सख्त कार्रवाई नहीं कर रही। लोगों का कहना है कि अगर डंपर मौके से भाग जाता, तो उसकी पहचान करना बेहद मुश्किल होता। ग्रामीणों ने प्रशासन से ऐसे बेकाबू डंपरों पर सख्त रोक लगाने और ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार की मांग की है।

### दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में मामा भांजा घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**





**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव सुन्ना निवासी शादाब पुत्र मीर हसन अपने भांजे अनस निवासी हरसोली थाना शाहपुर जनपद मुजफ्फरनगर के साथ बाइक पर सवार होकर किसी कार्य से कस्बे में आया था। कार्य समाप्त कर दोनों मामा भांजे बाइक पर सवार होकर वापस अपने गांव सुन्ना लौट रहे थे। जैसे ही दोनों बाइक सवार बुढ़ाना मार्ग स्थित रेलवे फाटक के निकट पहुंचे तो बुढ़ाना की ओर से आ रहे बाइक सवार से आमने-सामने की टक्कर हो गई। आमने-सामने की टक्कर में बाइक सवार सादाब और अनस गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि दूसरा बाइक सवार अपनी बाइक को मौके से लेकर फरार हो गया। राहगीरों ने मामले की सूचना 108 एंबुलेंस को दी। सूचना पर 108 एंबुलेंस ने मौके पहुंच कर दोनों घायलों को कस्बे के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने दोनों घायलों की हालत को गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। जहां पर शादाब की हालत चिंताजनक बनी हुई है।

# प्री प्राइमरी विंग में बताई मौसम की प्रकृति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** नगर के लिटिल स्टार पब्लिक स्कूल में प्री प्राइमरी विंग में ऋतुओं से संबंधित है एक्टिविटी का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों को ऋतुओ के विषय में जानकारी दी गई और ऋतु के अनुसार सब्जी और फल के उपयोग के विषय में बताया गया और साथ ही साथ भारतीय संस्कृति में ऋतु के महत्व के विषय में बताया।

इस प्रोग्राम में कक्षा प्ले और नर्सरी के लिए बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस कंपटीशन रखा गया और बच्चे वर्षा ऋतु के अनुसार अंब्रेला, रेनबो, क्लाउड आदि के गेटअप में आए और




सभी के मन को मोह लिया। कक्षा केजी और फर्स्ट के बच्चों ने ऋतु के ऊपर कविताएं और ज्ञानवर्धक कहानियां सुनाई।

इस प्रोग्राम में क्लास नर्सरी से अभिमन्यु ने प्रथम स्थान, तृषा ने द्वितीय तथा स्थान सूर्यांश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, क्लास प्ले से आवांश ने प्रथम स्थान, पर्व ने द्वितीय स्थान तथा श्रद्धा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया प्रोग्राम के अंत में स्कूल की प्रधानाचार्य मती पूजा राणा ने बच्चों को भारतीय संस्कृति में ऋतुओं के महत्व के विषय में जानकारी दी और बताया कि सभी ऋतुओं का भारतीय संस्कृति में क्या विशेष महत्व है, इस कार्यक्रम में विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# मेजर ध्यानचंद जयंती पर होगी हॉकी प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** क्रीडा अधिकारी अश्वनी कुमार ने बताया कि खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशानुसार जिला खेल कार्यालय शामली द्वारा हॉकी के जादूगर स्वर्गीय मेजर ध्यानचंद जी का जन्मदिवस 29 अगस्त को खेल पर्व के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर 14 वर्ष से कम आयु वर्ग के बालकों की हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रातः 9 बजे सेंट आरसी पब्लिक स्कूल शामली में होगा। प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों की टीमें भाग ले सकती हैं। टीम के खिलाड़ियों की आयु 28 अगस्त, 2025 तक 14 वर्ष से कम होना अनिवार्य है। विजेता एवं उपविजेता टीमों को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

## भवन कर श्रेणी में बदलाव की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिका. रियों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और जिलाधिकारी शामली अरविंद कुमार चौहान को पत्र भेजकर कस्बे के भवन कर निर्धारण में संशोधन की मांग की है। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ईश्वर दयाल कंसल, सचिन गोयल, कांत जैन और मोहनलाल चावला ने पत्र में बताया कि शासन द्वारा निर्धारित भवन कर श्रेणियां कस्बे की वास्तविक स्थिति से मेल नहीं खातीं। शासन के अनुसार सबसे छोटी श्रेणी 9 मीटर चौड़ी सड़क पर बने भवनों की है, जबकि कस्बे में अधिकांश भवन 1.5 से 3 मीटर और 6 मीटर चौड़ी गलियों में बने हुए हैं। कस्बे में केवल लगभग 10 प्रतिशत मकान ही 9 मीटर चौड़ी सड़कों पर बने हैं। व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इस व्यवस्था से कस्बे के लोगों पर भवन कर का भारी बोझ पड़ेगा और गरीब व मध्यम वर्ग समय से टैक्स अदा करने में असमर्थ रहेंगे। उन्होंने मांग की है कि भवन कर की श्रेणी को 3 मीटर और 6 मीटर सड़कों के अनुसार तय किया जाए। व्यापार मंडल का कहना है कि यदि संशोधन नहीं किया गया तो कस्बे की बड़ी आबादी पर आर्थिक संकट गहराने का खतरा है।

# सांसारिक सुख क्षणभंगुर, आत्मा का सच्चा हित धर्म में: विव्रत सागर जी

**शामली।** शहर के जैन धर्मशाला में मुनि 108 विव्रत सागर महाराज ने 51वें दिन के प्रवचन में कहा कि मनुष्य जीवन भर भौतिक साधनों की खोज करता रहता है, परंतु वे केवल क्षणिक सुख देते हैं। आत्मा का सच्चा कल्याण धर्म के मार्ग पर चलने और आत्मा को जानने में है। मुनिराज ने कहा कि भौतिक साधन भूख मिटाने, प्यास बुझाने, या गर्मी कम करने तक सीमित हैं। वे आत्मा का हित नहीं कर सकते, क्योंकि शरीर नश्वर है जबकि आत्मा अमर है। उन्होंने समझाया कि संसार में सुख का मार्ग तो है, पर उसकी कोई मंजिल नहीं। यह गधे और गाजर के विज्ञापन जैसा है, जहां गाजर हमेशा दो कदम आगे रहती है। व्यक्ति सुबह से शाम तक सुख की आस में दौड़ता रहता है, पर वास्तविक सुख नहीं मिलता। प्रतिकूल परिस्थितियों में भी उन्हें समता भाव बनाए रखना चाहिए। भगवान आदिनाथ और भगवान पार्श्वनाथ के जीवन से उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि महापुरुष भी प्रतिकूलताओं से अछूते नहीं रहे। स्त्री पर्याय में भी महान पुण्य निहित है। तीर्थंकरों को जन्म देने का सौभाग्य स्त्री पर्याय को ही प्राप्त होता है। अंजना का उदाहरण देते हुए कहा कि कठिनतम परिस्थितियों में भी उन्होंने धर्म का आश्रय नहीं छोड़ा। आज का चित्र अनावरण अरविंद जैन द्वारा, दीप प्रज्वलन अनीता जैन, रेखा जैन, पाद प्रक्षालन प्रदीप जैन, रेखा जैन, भूषण लाल जैन, संजीव जैन ने किया।

# 45 के कनेक्शन काटे, 68 हजार वसूले

## लंबे समय से बिजली बिल बकायादारों पर हुई कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** बिजली विभाग की ओर से बकाएदार उपभोक्ताओं पर शिकंजा कसते हुए रविवार को गढ़ी अब्दुला बिजलीघर के अंतर्गत ग्राम बुनटा में बड़े स्तर पर डिस्कनेक्शन अभियान चलाया गया। यह अभियान एसडीओ अनिल कुमार के नेतृत्व में संचालित किया गया। कार्रवाई के दौरान विभाग की टीम ने कुल 45 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए, जिन पर लंबे समय से बिजली बिल बकाया था। साथ ही मौके पर लगभग 68 हजार रूपए की बकाया राशि की वसूली भी की गई।

सूत्रों के अनुसार, अभियान के लिए पहले से ही सूची तैयार कर ली गई थी। इसमें ऐसे उपभोक्ता शामिल किए गए थे जो कई माह से बिजली बिल जमा नहीं कर रहे थे। एसडीओ अनिल कुमार ने टीम के साथ ग्राम बुनटा पहुंचकर कार्रवाई की शुरुआत की। अभियान के दौरान उपभोक्ताओं से अपील की गई कि वे समय से बिल जमा करें, अन्यथा उनके



खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

इस कार्रवाई में जेई विकेश कुमार, टीजी-2 गोविंद कुमार, लाइनमैन संदीप, ललित और मोहर सिंह सहित अन्य कर्मचारी शामिल रहे। टीम ने घर-घर जाकर बकाएदार उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटने का काम किया। वहीं मौके पर कुछ उपभोक्ताओं ने तुरंत बकाया जमा कराकर अपने कनेक्शन बहाल भी करवाए।

एसडीओ अनिल कुमार ने बताया कि विभागीय निर्देशों के अनुसार नियमित रूप से ऐसे अभियान चलाए जा रहे हैं। बकाएदार उपभोक्ताओं पर सख्त कार्रवाई करना जरूरी है ताकि समय पर बिजली बिल जमा करने की प्रवृत्ति विकसित हो सके। उन्होंने कहा कि जिन उपभोक्ताओं के पास बकाया है, वे जल्द से जल्द विभागीय कार्यालय में आकर अपनी राशि जमा कराएं।

ग्रामवासियों ने भी अभियान को देखते हुए कहा कि समय पर बिल भरना सभी की जिम्मेदारी है, क्योंकि बिजली विभाग से मिलने वाली सुविधा तभी सुचारू रूप से जारी रह सकती है। बिजली विभाग ने स्पष्ट कर दिया है कि बकाएदार उपभोक्ताओं को अब किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। आगामी दिनों में अन्य गांवों में भी इसी तरह के अभियान चलाए जाएंगे।

# शामली के छात्रों ने सहारनपुर में लहराया परचम

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** शहर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं की विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन कमला बाजोरिया सरस्वती शिशु मंदिर सहारनपुर में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में शिशु वर्ग में कक्षा 5 की तनु चौधरी लंबी कूद, रितिका डिस्कस थ्रो, सूर्यांश 100 मीटर, तथा लंबी कूद यश निर्वाल, डिस्कस थ्रो नीरव, 33 किलो कुश्ती में विराट, 400 मीटर दौड व ऊंची कूद तनु, प्रथम स्थान प्राप्त किया। तनु ने ऊंची कूद में यश गोला फेक में द्वितीय स्थान पर रहे। यह सभी छात्र-छात्राएं 30 से 31 अगस्त तक होने वाली प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता में नोएडा में प्रतिभा करेंगे। बाल वर्ग कक्षा 6 से 8 तक के छात्र-छात्राओं में आरजू ने 100 मीटर, 200 मीटर, लंबी कूद में प्रथम स्थान प्राप्त किया। हर्षिता ने 600 मीटर दौड़ में आदर्श कुमार ने 600 मीटर तथा डिस्कस थ्रो वंश ने गोला फेक में भवी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कुश्ती में रिहान अली ने, 38 किलो दीपांशु गौतम ने, 41 किलो कार्तिक ने, 44 किलो अंश शर्मा ने, 48 किलो अरमान ने, 57 किलो कार्तिक ने, 62 किलो प्रीत आर्य ने, 68 किलो देवांश ने, 75 किलो वजन में भार वर्ग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय समिति के अध्यक्ष चंचल गोयल, विवेक संगल, गौरव संगल ने सभी छात्र छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# शामली तेरी आवाज संगीत कार्यक्रम में बिखेरे अपने सुर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नारायण कुटुंब ट्रस्ट एवं नारायणी सेना के संयुक्त तत्वावधान में शामली तेरी आवाज का भव्य फाइनल राउंड शिव शक्ति वाटिका, शामली में आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ राजेंद्र गोयल वरिष्ठ चिकित्सक शामली एवं परम श्रद्धेय अरविंद दृष्टा महाराज अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक, ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर संयुक्त रूप से किया।

कार्यक्रम का सुंदर संचालन कथा व्यास आचार्य चंचल शर्मा ने किया। और बताया कि फाइनल राउंड में 15 चयनित प्रतिभागियों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। सभी अतिथियों का सम्मान किया। कार्यक्रम का निर्णायक मंडल ने पारदर्शी ढंग से




निर्णय सुनाया। सभी बच्चों की प्रस्तुति को देखकर जिसमें उत्तम नामदेव हरीश नामदेव और लाल सिंह लचक , जज के रूप में रहे प्रथम पुरस्कार . दिव्या सरस्वती बालिका विद्या मंदिर 2100, शील्ड एवं प्रमाणपत्र, द्वितीय पुरस्कार . शौर्य पवार , 1100, शील्ड एवं प्रमाणपत्र, तृतीय पुरस्कार आदित्य वर्मा 551, शील्ड एवं प्रमाणपत्र चतुर्थ पुरस्कार अदिति 251, शील्ड एवं प्रमाण-पत्र पंचम पुरस्कार अनंत नामदेव 201, शील्ड एवं प्रमाणपत्र इसके अतिरिक्त, प्रतियोगिता में शामिल शेष प्रतिभागियों को भी शील्ड एवं प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। नारायण कुटुंब ट्रस्ट व नारायणी सेना ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से बच्चों में कला और संस्कृति के प्रति उत्साह बढ़ता है।

**शामली।** शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की बालिका दिव्या अचल सिया व अदिति शर्मा ने गत दिवस शिव शक्ति वाटिका में नारायण कुटुंब ट्रस्ट एवं नारायणी सेवा द्वारा आयोजित शामली तेरी आवाज गायन प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। जिसमें बालिका दिव्या अचल सिया ने प्रथम स्थान व अदिति शर्मा ने चतुर्थ स्थान प्राप्त कर



विद्यालय का गौरव बढ़ाया। बालिका दिव्या अचल सिया को 2100 की धनराशि, प्रमाण पत्र, शील्ड पटका व माला पहनाकर सम्मानित किया गया। अदिति शर्मा को 251 रूपए, शील्ड व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय पहुंचने पर बालिका का भव्य स्वागत किया गया। प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार ने बालिक. ाओं को आशीष प्रदान करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर संजीव कुमार, संदीप कुमार, गीता रानी, कविता, उपासना, मोनिका, सुरभि अमित कुमार, रवि कुमार, कपिल कुमार, दिव्या, साक्षी, नीलम, रेनू, विकास कुमार, मोहित कुमार, अश्विनी कुमार आदि मौजूद रहे।

# उद्योग बंधुओं की समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण करें: डीएम





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** विकास भवन सभागार शामली में जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में आज जिला उद्योग बन्धु की बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में ऐजेण्डा बिंदु के अनुसार चर्चा करते हुए जिलाधिकारी ने उद्योग बंधु द्वारा बताई गई समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश। संबंधित अधिका. रियों को दिए।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा समीक्षा करते हुए हिण्डन नदी का स्वच्छ अविरल प्रवाह सुनिश्चित हेतु समीक्षा करते हुए प्रदूषण विभाग द्वारा की गई कार्रवाई के संबंध में अवगत कराया गया। समीक्षा में वित्तीय वर्ष 2025-26 एकल खिड़की योजना निवेश मित्र योजना की भी समीक्षा की गई। बैठक में नेप्स योजना में इकाइयों को लाभ दिलवाने के संबंध में आईटीआई के प्रधानाचार्य को निर्देश दिए। बैठक में समीक्षा करते हुए टिटौली ड्रेन के सम्बन्ध में सिंचाई को निर्देश दिए गए कि ड्रेन की सफाई के लिए स्थाई समाधान करें। इसके लिए जिलाधिकारी द्वारा निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए। इसी के साथ कैराना रोड पर होटल आर्किड के सामने स्थित रजवाहे को भी उद्यमियों की मांग पर सफाई कराने के निर्देश दिए। बैठक में पूर्वी यमुना नहर तक बंद सीवर लाइन की सफाई का एस्टीमेट जिला पंचायत बोर्ड बैठक में रखने के निर्देश AMA को दिए गए। बैठक में सिक्का में स्थित इकाइयों के लिए विद्युत विभाग को विद्युत व्यवस्था ठीक करने के निर्देश दिए गए। सुदर्शन व्हील्स इंडिया की सीटी पीटी जो एक वर्ष से ज्यादा से खराब है उसे विद्युत को ठीक करने के निर्देश दिए गए। आयोजित बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी, उपायुक्त उधोग जेस्मिन, सहित संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी एवं उद्योग बन्धु के रूप में, आशीष जैन, अनुज गर्ग,अंकित गोयल आदि उधोग बन्धु मौजूद रहे।

**शामली।** जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में आज विकास भवन के सभागार में व्यापार बन्धु की बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने व्यापार बन्धु की समस्याओं की बिंदुवार समीक्षा करते हुए व्यापार बंधुओं की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल अंकित गोयल ने शामली शहर में आईजीएल की लाईन डालने के कारण खराब हुई सड़कों को शीघ्रता से ठीक कराए जाने के संबंध में अधिशासी अधिक. ारी शामली को कड़े निर्देश दिए। बैठक में कांधला स्थित नेशनल इंटर कॉलेज से दा गोल्ड स्कूल तक सड़क निर्माण कराया जाने, कांधला स्थित दिल्ली बस स्टैंड के पास नाले का निर्माण कराया जाने, कांधला बस स्टैंड पर यात्री शैड बनवाए जाने उक्त सभी कार्यों को लेकर अधिशासी अधिकारी कांधला को निर्देशित किया गया।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा जनपद के अंदर झोलाछाप डॉक्टरों के बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे क्लिनिक, अल्ट्रासाउंड सेंटर पैथोलॉजी लैब पर अभियान चलाकर कार्रवाई के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी, उपायुक्त डॉ लोमेश, राज्य कर, अन्य विभागीय अधिकारी सहित व्यापार बन्धु उपस्थित रहे।

## अधीनस्थ कृषि सेवा संघ पदाधिकारियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सोमवार को अधीनस्थ कृषि सेवा संघ के पदाधिकारियों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपा। जिलसमें राजस्व विभाग के मूल कार्य खसरा पड़ताल की वर्तमान डिजिटल कॉप सर्वे प्रक्रिया से लेखपाल को मुक्त रखते हुए कृषि विभाग के प्राविधिक सहायकों को अनावश्यक ड्यूटी पर न लगाने की मांग की।

दिए ज्ञापन में उन्होने कहा कि कृषि भूमि और खसरा पड़ताल राजस्व विभाग के मूल कार्य एवं दायित्वों में शामिल है। जिसे विभाग के कर्मचारी लेखपाल द्वारा हमेशा से किया जाता रहा है। आयुक्त एवं सचिव राजस्व परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्रांक में पूर्णतया स्पष्ट किया गया है कि भूलेख खसरा का कार्य पूर्ण रूप से राजस्व विभाग का कार्य है। जिसे वर्तमान तकनीकी उन्नयन करते हुए डिजिटल कॉप सर्वे के माध्यम से लेखपाल द्वारा ही किया जाना है। शासन द्वारा लेखपाल की संख्या कम पड़ने और समय की बचत को ध्यान में रखते हुए आवश्यकता पड़ने पर प्राईवेट सर्वेयर, कृषि, विकास, उद्यान, गन्ना एवं पंचायतीराज आदि विभागों के समकक्ष क्षेत्रीय कर्मचारियों का सहयोग लिए जाने के निर्देश दिए गए। गत वर्ष इसी व्यवस्था के अनुरूप लेखपाल संवर्ग सहित आवश्यकतानुसार प्राईवेट सर्वेयर तथा अन्य विभागों के कार्मिकों द्वारा डिजिटल कॉप सर्वे का कार्य कराया गया।कहा कि कृषि विभाग उत्तर प्रदेश के नोडल विभाग होने का आधार बनाते हुए जनपद स्तर पर मुख्य सचिव के निर्देशानुसार लेखपाल संवर्ग ग्रेड पे-2000 को उसके मूल दायित्व से मुक्त करते हुए कृषि विभाग के तकनीकी प्राविधिक सहायक ग्रेड पे 2400 को अनावश्यक डड्ूटी लगाते हुए पंचायत सहायक, रोजगार सेवक, बीटीएम, एटीएम आदि संविदा कर्मी के समकक्ष दर्शाते हुए मनोबल कम करने और हतोत्साहित करने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही कृषि विभाग के माध्यम से किसानों के हितार्थ चल रही विभिन्न योजनाओं एवं कार्यकमों का कियान्वयन भी प्रभावित हो रहा है। उन्होने मांग की कि शासनादेश में दी गई व्यवस्था के बाबजूद अगर मूल विभाग राजस्व विभाग के लेखपाल संवर्ग को डिजिटल कॉप सर्वे से मुक्त रखा ही जाना है तो यह कार्य प्राईवेट सर्वेयर या अन्य संविदाकर्मी से ही कराए जाने और कृषक हित में कृषि विभाग के तकनीकी कार्मिकध्प्राविधिक सहायकों को भी मुक्त रखा जाए।

## मलकपुर पंचायत में विकास योजनाओं में लगाया गड़बड़ी का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** ग्राम पंचायत मलकपुर में विकास योजनाओं को लेकर गंभीर आरोप सामने आए हैं। एक ग्रामीण का आरोप है कि बीते पांच वर्षों के दौरान पंचायत को करोड़ों रूपए की सरकारी धनराशि मिली, लेकिन गांव में अपेक्षित विकास कार्य पूरे नहीं हो सके अल्पसंख्यक महिला विकास समिति के अध्यक्ष चौधरी अनीस ने बताया कि 01 मई 2021 से 20 जुलाई 2025 तक की पंचायत योजनाओं का विवरण सूचना का अधिकार अधि. नियम 2005 के तहत मांगा गया था। इस संबंध में पंचायत सचिव, खंड विकास अधिकारी कांधला, एडीओ और जिलाधिकारी शामली तक को आवेदन भेजे गए, किंतु आज तक किसी स्तर से कोई सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई। आरोप है कि गांव में सड़क, नाले-तालाब, शौचालय और पानी की टंकी जैसे बुनियादी कार्य अधूरे पड़े हैं। ग्राम प्रधान पर यह भी आरोप है कि उसने अपने चहेतों के घरों में ही समरसेबल लगवाए, जबकि अधिकांश ग्रामीण आज भी पानी की समस्या से जूझ रहे हैं।ग्राम प्रधान और सचिव पर सरकारी धन का दुरूपयोग करने के आरोप लगाए गए हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि बच्चों के लिए मिलने वाला मिड-डे मील और कोटे का अनाज भी सही तरीके से वितरित नहीं हुआ। समिति का आरोप है कि प्रधान और सचिव खुलेआम यह कहते हैं कि हजितनी आरटीआई लगा लो, हमारा कुछ नहीं बिगड़ेगा। समिति ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि पंचायत की पांच वर्षों की सभी योजनाओं का विशेष ऑडिट कराया जाए और दोषी प्रधान व सचिव के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर गबन की गई राशि सरकार के खाते में वापस कराई जाए। ग्रामीण का कहना है कि सरकारी योजनाएं गांव की तरक्की और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए आती हैं, किंतु भ्रष्टाचार के चलते उनका लाभ जनता तक नहीं पहुंच पा रहा है।

## कबड्डी में बालिकाओं ने की जोर-आजमाइश





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** क्रीड़ा भारती एवं जिला खेल विभाग शामली द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आयोजित खेल चेतना मेला में सोमवार को तीसरे दिन चौधरी रतन पौड़िया खेल परिसर ग्राम कनियान में बालिका कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ राजन कुमार व संतरेश देवी द्वारा फीता काटकर किया गया। प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में झिंझाना का मुकाबला राजकीय कन्या इंटर कॉलेज कांधला के बीच हुआ।

जिसमें रोमांचक मुकाबले में झिंझाना ने 30 -22 के स्कोर से कांधला की टीम पर विजय प्राप्त की। फाइनल मुकाबले में भारसी की बालिका टीम ने झिंझाना को 42- 36 के अंतर से हराकर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। मौके पर चौधरी धर्मवीर सिंह, तपन मलिक, क्रीडा अधिकारी अश्विनी त्यागी, संदीप पंवार, नितिन वर्मा, जितेंद्र सिंह, बाबूराम प्रधान, गौरव, सुभाष पंवार उपस्थित रहे। वही दूसरी ओर एयर राइफल एयर पिस्टल निशानेबा. जी प्रतियोगिता में एयर पिस्टल आईएसएसएफ वर्ग में अंकुर पाल 382 अंकों के साथ अपने वर्ग में बढ़त बनाए हुए है। एयर पिस्टल आईएसएसएफ जूनियर वर्ग में रचित चौधरी 380 अंकों के साथ बढ़त बनाए हुए है। एयर पिस्टल एनआर वर्ग में विश्वजीत सिंह 369 अंकों के साथ अपने वर्ग में आगे चल रहे हैं, एयर पिस्टल एनआर जूनियर बालि. का वर्ग में शगुन मलिक 367 अंक, एयर पिस्टल जूनियर बालक वर्ग में अनंत कपिल 360 अंकों के साथ बढ़त बनाए हुए है।

### कोतवाली के गेट पर भिड़े दो पक्ष, चार गिरफ्तार

**कैराना।** मलकपुर निवासी दो पक्षों के बीच में किसी बात को लेकर आपसी विवाद हो गया था। सोमवार को दोनों पक्ष शिकायत लेकर पुलिस के पास पहुंचे थे। इसी दौरान कोतवाली गेट पर खड़े दोनों पक्षों के कुछ लोग आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों के लोगो के बीच जमकर लात-घूसे चले। कोतवाली कस्बे के मुख्य मार्ग पर होने के कारण गेट के सामने राहगीरों की भीड़ इकठा हो गई। इसी बीच कोतवाली प्रांगण में मौजूद पुलिसकर्मियों की नजर गेट पर झगड़ रहे झगड़ालुओं पर पड़ी, जिस पर वह दौड़कर मौके पर पहुंचे। पुलिसकर्मी आपस में झगड़ रहे दोनों पक्षों के चार लोगो को पकड़कर कोतवाली में ले गए। बाद में पुलिस ने दोनों पक्षों के इरफान, रिहान, फुरकान व इरशाद का शांति भंग होने की आशंका के चलते भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-170 के तहत चालान करके समक्ष मजिस्ट्रेट एसडीएम कैराना के कोर्ट में पेश किया।

## एक नजर

### नशे के अंधकार से जीवन के उजाले के तहत 125 ग्राम चरस के साथ आरोपी गिरफ्तार



**चौसाना।** मंडल में मादक पदार्थों के खिलाफ जारी ऑफरेशन सवेरा अंधकार से जीवन उजाले की ओर में पुलिस ने 125 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पकडी गई चरस की कीमत हजारो मे बताई गई है। चौसाना क्षैत्र के गढी हसनपुर,जिजौला,भडी व कस्बे मे नशा का कारोबार धडल्ले से फैल रहा है। पुलिस की कार्यवाही से तस्करो मे हडकम्प मचा है।

सहारनपुर महानिरीक्षक के निर्देशन में ऑपरेशन सवेरा के तहत चौसाना पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस गंगोह सीमा के निकटवर्ती जंगल से एक आरोपी दिलशाद पुत्र मंगता निवासी मौहल्ला इलाही बक्स कस्बा व थाना गंगोह जिला सहारनपुर को 125 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह चरस के चौसाना के देहात क्षैत्र के गांवो मे सप्लाई करके बेचता है ।पुलिस ने मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। अब पुलिस आरोपी के सभी नशीले पदार्थो की खरीद बिक्री के लिंक को तलाशने मे जुटी है। यह कार्रवाई पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन सवेरा- नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओरशन के तहत की गई। चौकी प्रभारी खूब सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने यह कार्रवाई की। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है।

### अध्यापिका ने ड्यूटी हटवाने को दिया प्रार्थना पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** तहसील के गांव मानकपुर में प्राथमिक विद्यालय में तैनात अध्यापिका की लोकसभा व विधानसभा निर्वाचन कार्य हेतु बीएलओ में ड्यूटी होने के बावजूद भी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में बीएलओ में ड्यूटी लगा दी गई इस संबंध में अध्यापिका ने उप जिला अधिकारी को शिकायत कर डड्ूटी हटवाने की मांग की है गांव मानकपुर के प्राथमिक विद्यालय में मीनू चौधरी सहायक अध्यापिका के पद पर तैनात है अध्यापिका का आरोप है कि उसकी डड्ूटी लोकसभा व विधानसभा निर्वाचन कार्य हेतु 2021-22 से लगातार बीएलओ में लगाई जा रही है लेकिन फिर भी उसे त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव कार्य हेतु बीएलओ नियुक्त कर दिया गया इस संबंध में उन्होंने तहसीलदार को भी शिकायत की थी लेकिन डड्ूटी नहीं हटाई गई तीन जगह ड्यूटी होने के कारण शिक्षण कार्य प्रभावित होगा जबकि विद्यालय में छह विकल्प मौजूद है फिर भी उनकी डड्ूटी लगा दी गई इस संबंध में सहायक अध्यापिका मीनू चौधरी ने उप जिला अधिकारी संदीप त्रिपाठी को शिकायत कर ड्यूटी से मुक्त करने की मांग की है बता दे कि विद्यालय में 125 बच्चे अध्यनरत है तथा चार अध्यापक तैनात हैं।

### यूरिया खाद लेने लगी लंबी कतारें



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** बीपैक्स समिति पर यूरिया खाद लेने के लिए सुबह से ही लंबी कतारे लग गई सैकड़ो किसान खाद लेने पहुंचे घंटों लाइन में लगने के बाद भी कुछ किसान बिना खाद लिए वापस लौटे। यूरिया खाद को लेकर किसान परेशान है किसानों को खाद नहीं मिल पा रही है बी पैक्स समिति पर 500 बोरे खाद के आए थे सुबह से ही समिति पर यूरिया खाद लेने के लिए किसानो की लंबी लाइन लग गई बाद में समिति के कर्मचारियों ने 135 किसानों को खाद वितरित की लेकिन दर्जनों किसान बगैर खाद के वापस लौटे। इस संबंध में एडीओ सहकारिता मुकेश कुमार ने बताया कि समिति पर 500 बोरी यूरिया के आए थे जिन्हें 135 किसानों को दिया गया बाकी किसानों को खाद आने पर वितरित किया जाएगा।

## दो दिन पूर्व यमुना में डूबे राजस्थानी युवक का नहीं लगा सुराग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** दो दिन पूर्व यमुना नदी में डूबे राजस्थानी युवक का कोई सुराग नही लगा है। गाजियाबाद से पहुंची नेशनल डिजास्टर रिस्पांस फोर्स (एनडीआरएफ) की आठ सदस्ईय टीम ने डूबे युवक की तलाश में यमुना नदी में सर्च अभियान चलाया। हालांकि कई घंटे के सर्च अभियान के बाद भी नतीजा सिफर रहा।

विगत शनिवार को प्रात: करीब साढ़े 11 बजे राजस्थान राज्य के जनपद जयपुर की तहसील शाहपुरा के गांव गो. विंदपुरा बासडी निवासी रामेश्वर मीणा अपने दोस्तों के साथ में यमुना नदी पर अमावस्या का भोग चढ़ाने के लिए आया था। युवक व उसके दोस्त बॉर्डर पर स्थित ब्रिज के पार हरियाणा की ओर यमुना में भोग चढ़ा रहे थे। बताया गया है कि भोग चढ़ाने के पश्चात सेल्फी लेते वक्त युवक रामेश्वर पैर फिसलकर यमुना में जा गिरा। साथ खड़े दोस्तों ने यमुना में गिरते युवक को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह सफल नही हो सके। इसके बाद, युवक यमुना के गहरे पानी में समा गया। युवक के दोस्तों ने मामले की सूचना यूपी-हरियाणा सीमा पर स्थित कैराना कोतवाली की पुलिस चौकी पर दी, जिस पर वहां तैनात पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्राइवेट गोताखोरों को मौके पर बुलवाकर यमुना में डूबे युवक की तलाश में सर्च अभियान चलाया। हालांकि देर शाम तक भी युवक का सुराग नही लग सका था।

## सडक हादसे में वृद्ध की मौत



**शाहं टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** गांव जमालपुर निवासी वृद्ध को बाइक सवार युवकों ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वृद्ध की मौके पर मौत हो गई। बाइक सवार युवक मौका पाकर बाइक को घटना स्थल पर छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है। सोमवार की शाम गांव जमालपुर निवासी ब्रह्मपाल सिंह उम्र करीब 65 वर्ष गांव में ही परचून की दुकान से बीड़ी का मंडल लेने के लिए सड़क पार कर रहा था। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि गांव के प्राइमरी स्कूल के सामने झिंझाना की ओर से आ रहे बाइक सवार युवकों ने वृद्ध को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वृद्ध की मौके पर ही मौत गई। इसी बीच बाइक सवार युवक अपनी बाइक को मौके पर छोड़कर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भिजवा दिया है। मृतक व्यक्ति अपने पीछे पांच पुत्र तथा पत्नी को रोता बिलखता छोड़ गया है। मृतक खेत की मजदूरी का कार्य करता था। समाचार लिखे जाने तक पीड़ित परिवार की ओर से किसी के खिलाफ कोई तैयारी नहीं दी गई है।

## जहानपुरा में एक-दूसरे पर टूट पड़े दो पक्ष



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** गांव जहानपुरा में पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे व ईंट-पत्थर चले।

संघर्ष में दोनों पक्षों के आठ लोग घायल हो गए, जिनमें से सात लोगो को चिकित्सकों ने गम्भीर हालत के चलते जिला चिकित्सालय के लिए रेफर किया है। वहीं, पुलिस ने दोनों पक्षों के 16 नामजद समेत 24-26 लोगो के विरुद्ध एकराय होकर जानलेवा हमला करने समेत कई संगीन धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया है।

क्षेत्र के गांव जहानपुरा निवासी अफजाल व राशिद उर्फ आधा के बीच लंबे समय से रंजिश चली आ रही है। रविवार देर रात्रि दोनों पक्षों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इसके बाद, दोनों पक्षों के लोग लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से लैस होकर आमने-सामने आ गए और एक-दूसरे पर टूट पड़े। दोनों पक्षों की ओर से एक-दूसरे पर खूब ईंट-पत्थर बरसाए गए।

संघर्ष में दोनों पक्षों के कई लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। गांव में संघर्ष की सूचना पर पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में कोतवाली पुलिस भारी संख्या में गांव में पहुंची तथा घायलों को उपचार के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल में पहुंचाया। संघर्ष में एक पक्ष के मुसा. रिक, मुनव्वर, इखलाक व अफजाल तथा दूसरे पक्ष के शाहीन, मुज्जमिल, राशिद उर्फ आधा व अफसर घायल हुए है।

इनमें से चिकित्सकों ने मुनव्वर को छोड़कर शेष सभी को जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है। संघर्ष के दौरान दोनों पक्षों के बीच कई राउंड फायरिंग की भी सूचना है। हालांकि पुलिस फायरिंग से इनकार कर रही है। वहीं, मामले में हलका दारोगा अनेन्द्र सिंह की ओर से एक पक्ष के इखलाक, अफजाल, मुसा. रिक, मुनव्वर, परवेज व कादिर तथा दूसरे पक्ष के जावेद, सारिक उर्फ काला, अफसर, सागर, मुबारिक, राशिद उर्फ आधा, साहिल, रिजवान, मुसारिक, सारिक समस्त निवासीगण ग्राम जहानपुरा व 8-10 अज्ञात के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा-109(1), 190,191 (2), 191 (3), 115 (2), 352, 351 (2) व आपराधिक कानून अधि. नियम (संशोधन)-1932 की धारा-7 के तहत अभियोग पंजीकृत कराया गया है। उधर, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री का कहना है कि गांव जहानपुरा में दो पक्षों के बीच झगड़ा हुआ है। पुलिस की ओर से झगड़े में शामिल 16 नामजद व 8-10 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## एसडीएम के हस्तक्षेप के बाद ईओ व कर्मचारियों में हुआ समझौता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** नगर पंचायत में अधिशासी अधिकारी व कर्मचारियों के बीच चल रहे विवाद में तीसरे दिन उप जिला अधिकारी की मध्यस्थता में वार्ता हुई जिसमें दोनों पक्षों में समझौता हो गया बाद में नगर पंचायत अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी ने धरने पर पहुंचकर कर्मचारियों को समस्या दूर करने का आश्वासन दिया तथा धरना समाप्त कराया।

नगर पंचायत में अधिशासी अधिकारी देवकीनंदन पर कर्मचारियों ने मानसिक उत्पीड़न तथा समय पर वेतन, भत्ते व कार्य करने हेतु सामान व संसाधन उपलब्ध नहीं कराई जा रहे हैं का आरोप लगाते हुए कार्यालय पर तालाबंदी कर धरने पर बैठ गए थे तथा अधिशासी अधिकारी के स्थानांतरण की मांग कर रहे थे। सोमवार को उप जिला अधिकारी संदीप त्रिपाठी ने नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप चौधरी अधिशासी अधिकारी देवकीनंदन व कर्मचारियों को वार्ता हेतु बुलाया सभी पक्षों की वार्ता सुनने के बाद अधिशासी अधिकारी ने कर्मचारियों को समय पर वेतन भत्ते देने का आश्वा. सन दिया तथा अन्य समस्याएं सुलझाने के लिए सभी पक्ष बैठकर कार्य करेंगे सभी पक्षों में सहमति के बाद नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप चौधरी व अधिशासी अधिकारी देवकीनंदन ने कर्मचारियों के बीच पहुंचकर धरना समाप्त कराया।धरना प्रदर्शन में बृजेश कुमार पंकज कुमार पवन कुमार रमेश कुमार निक्की कुमार सोनू कुमार सिद्धार्थ आदि शामिल रहे।

## मूसलाधार बारिश से फसलें डूबीं, किसानों की बढ़ी चिंता





गांव दभेदी निवासी किसान साहब सिंह अपने खेत से पम्प द्वारा बारिश का पानी निकालते हुए।





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** मूसलाधार बारिश ने ग्रामीणों व किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। लगातार बारिश से गांव का जीवन अस्त-व्यस्त है। किसानों की खड़ी फसलें बारिश के पानी में डूबकर बर्बाद हो गईं, जिससे किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है।

क्षेत्र के गांव आमवाली, दभेड़ी बुजुर्ग, तिसंग, सिंगरा आदि कई गांवा. ,में लगातार मूसलाधार बारिश से खेतों में पंप लगाकर पानी निकाला जा रहा है। बारिश से खेत लबालब होने पर फसलें पानी में डूबने से नष्ट हो गई। इससे किसानों के अरमान भी पानी के साथ बह गए।

किसान साहब सिंह निवासी दभेड़ी ने बताया कि मैंने ठेके पर लगभग 15 एकड़ जमीन ली हुई। आढ़ती से लाखों का कर्ज लेकर फसलों पर लगा रखा है। एक एकड़ में लगभग 10 से 15 हजार रूपए का खर्च आ गया है। लगातार बारिश से आधी से ज्यादा फसल बर्बाद हो गई है। लगाई रकम डूब गई है, ऐसे में बच्चों की फीस के साथ घर के खर्चे, आढ़तियों का कर्ज सर पर है।

किसान ने सरकार से मुआवजे की मांग की।

किसान वीरेंद्र सिंह निवासी आमवाली ने बताया कि हमने इस बार 18 बीघा जमीन में उड़द लगाए थे। लगातार मूसलाधार बारिश से दो बार उड़द खराब हो गए। तीसरी बार फिर लगाए उसमे भी लगभग 60 फीसदी पौधे खराब हो गए। 18 बीघे में अब तक हजारों का खर्च आ गया। लागत भी वापिस निकलना मुश्किल है।

किसान मलूक सिंह गांव रामपुरा ने बताया कि मैंने 15 बीघा जमीन ठेके पर ली हुई है, जिसमे मैंने धान की फसल लगा रखी है। मेरे खेत की लगभग 60 फीसदी फसल बारिश की वजह से गिरकर बर्बाद हो गई है, और अभी भी लगातार बारिश हो रही है। हमने आढ़ती से लाखो का कर्ज ले रखा है। लाचारी से किसान दुखी है।

किसान रविंद्र सिंह का कहना है कि लगातार मूसलाधार बारिश से किसानों की धान व उड़द आदि फसल को ज्यादा नुकसान है। जिससे किसानों पर आर्थिक बोझ ओर बढ़ गया है। आढ़तियों से कर्ज लेकर फसल लगाई थी, लेकिन लगातार बारिश की वजह से हम किसान घाटे में चला गए। सरकार को बारिश की वजह से फसले बर्बाद हुई सर्वे करा उनकी आर्थिक मदद की जाए।

# पैसों के लेनदेन को लेकर गर्भवति महिला व किशोरी के साथ मारपीट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पैसों के लेनदेन को लेरक गर्भवति महिला व किशोरी के साथ मारपीट के दौरान महिला का गर्भ में बच्चे की मौत का आरोप लगाते हुए पीडित परिवार ने पुलिस को छह लोगों के खिलाफ तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई किये जाने की मांग की है।



गांव तैय्यबपुरा जटौल निवासी नूरमोहम्मद ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया हैं कि उसके भाई सद्दाम का गांव के ही सरफराज के साथ पैसों के लेनदेन का मामला चल रहा था। जिसमे 21अगस्त को मेरे भाई से आरोपी की कहासुनी हो गई थी। आरोप है कि इसी कहासुनी में आरोपी अपने साथ कई लोगों को साथ लेकर घर में घुसकर भाई के साथ मारपीट की। जब शोर-शराबे की आवाज सुनकर बहन आयशा, भूरी और साहिबा सद्दाम को बचाने आई तो आरोपियों ने उन्हें भी मारपीट कर घायल कर दिया। पीडित के मुताबिक जब उक्त घायलो का मेडिकल कराने के लिए सरकारी अस्पताल लेकर आए तो आरोपी एक बार फिर घर में घुस गए और उन्हें ना पाकर घर में मौजूद उसकी गर्भवति पत्नी शबनम एवं चाचा की 15 वर्षीय पुत्री सानिया के साथ अभद्रता करने लगे। जब उन्होंने विरोध जताया तो आरोपियों ने लात-घूसों से हमला कर उसकी पत्नी शबनम को घायल कर दिया। जबकि चाचा की बेटी के साथ अश्लील हरकतें की।

आरोप लगाया मारपीट के चलते उसकी गर्भवति पत्नी शबनम का 17 सप्ताह चार दिन के बच्चें की गर्भ में ही मौत हो गई। जिसका उपचार सहारनपुर स्थित जिला अस्पताल में चल रहा है। पीडित ने छह आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए

कोतवाली में तहरीर दी हैं। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में है। पूर्व में मुकदमा दर्ज किया जा चुका है। बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है जांच उपरांत आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## दलित व्यक्ति ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर गाली गलौच करने का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** अनुसूचित जाति के व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर कुछ लोगों पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली गलौज करने और जानलेवा हमले का प्रयास करने का आरोप लगाया है।

भीम आर्मी विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र लांबा के साथ तहरीर लेकर कोतवाली पहुंचे गांव चौंदाहेड़ी निवासी अनुसूचित जाति के सुखपाल ने गांव के ही दूसरे समाज के कुछ लोगों पर जातिसूचक शब्द कहने, गाली गलौज और जानलेवा हमला करने की कोशिश आरोप लगाया है। बताया कि रविवार रात करीब 8.30 बजे वह मजदूरी कर घर लौट रहा था। इसी दौरान उसके साथ गाली गलौज व मारपीट की गई। किसी तरह वह आरोपियों के चंगुल से बचकर भागा और अपनी जान बचाई। पीड़ित ने पुलिस से कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# रक्तदान शिविर का पालिका अधिशासी अधिकारी ने किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की गुज्जरवाड़ा शाखा के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें रक्तदाताओं ने 45 यूनिट रक्तदान किया।



प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की गुज्जरवाड़ा शाखा के तत्वावधान में सर्वोदय जनकल्याण समिति के सहयोग से आयोजित रक्तदान शिविर का उद्घाटन पालिका अधिशासी अधिकारी राजपति बैस ने करने के उपरांत कहा कि आपका रक्त किसी का बहुमूल्य जीवन बचा सकता है। इसलिए इससे बड़ा और कोई पुण्य कार्य नहीं हैं। उन्होने रक्तदान को महादान बताते हुए सभी से रक्तदान करते रहने का आह्वान किया।

केंद्र संचालिका ब्रह्मकुमारी सुधा बहन ने बताया कि ब्रह्मकुमारीज संस्थान की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्यतिथि विश्व बंधुत्व दिवस के रूप में मनाई जा रही है।

इसी उपलक्ष्य में जगह जगह रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र वितरित किये गए। इस मौके पर श्याम सिंह, भूपेंद्र सिंह, ओमपाल आदि मुख्य रूप से लोग शामिल रहे।

## ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात व्यक्ति की मौत

**देवबन्द।** ट्रेन की चपेट में आकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की पहचान के लिए प्रयास किये लेकिन मौके पर उसकी पहचान नहीं हो सकी।

सहारनपुर की ओर से आ रही इंटरसीटी एक्सप्रेस के पास हो जाने के बाद नूरपुर रेलवे फाटक से कुछ दूरी पर व्यक्ति का शव पड़ा हुआ मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने बताया कि मृतक की उम्र करीब 50 वर्ष है। शरीर पर सैंडो बनियान और पायजामा पहने हुए है जबकि हाथ पर कलावा बंधा हुआ था। वहां मौजूद लोगों से उसकी शिनाख्त के प्रयास किए गए, लेकिन उसकी पहचान नहीं हुई। पुलिस का अनुमान है कि व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हुई है।

## एसएसपी से की भाई के हत्यारोपितों की गिरफ्तारी की मांग

**रणखंडी गांव निवासी विष्णु ने एसएसपी को भेजा पत्र**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मनीष तिवारी को पत्र भेजकर भाई के हत्यारोपितों की गिरफ्तारी की मांग की है।

रणखंडी गांव निवासी विष्णु ने कहा है कि कि गांव के ही दिनेश और उसके पुत्र अंकित समेत पांच लोगों ने गत चार जुलाई को शराब में जहरीला पदार्थ मिलाकर उसके भाई लक्ष्मी शंकर को पिला दिया था। हालत बिगडने के बाद उसे पहले देवबंद में और बाद में मेरठ के एक अस्पताल में भर्ती कराया। जहां मेरठ मेडिकल में ही उसके भाई की सात जुलाई को मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में शरीर में जहर पहुंचने के चलते लक्ष्मी की मौत होने की पुष्टि हुई थी। 31 जुलाई को इस मामले में पुलिस ने आरोपितों पर हत्या का मामला दर्ज किया था। लेकिन अभी तक पुलिस ने आरोपितों को गिरफ्तार नहीं किया है। विष्णु ने बताया कि न्यायालय ने इस मामले का संज्ञान लिया तो पुलिस ने मृतक का बिसरा जांच के लिए अब प्रयोगशाला भेजा है। विष्णु का आरोप है कि राजनैतिक संरक्षण के चलते आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं हो पा रही है। पत्र में आरोपितों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की गई है।

# वांछित वारंटियों को किया गिरफ्तार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** वांछित वारंटियों की धरपकड़ अभियान के चलते कोतवाली पुलिस ने चार वांछित अभियुक्तो को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

कोतवाली पुलिस ने वांछित वारंटियों की धरपकड़ अभियान के चलते थाना मंगलौर के शेरपुर निवासी नकल उर्फ नकली पुत्र मंगू व कंवर पाल सिंह पुत्र राम सिंह तल्हेड़ी बुजुर्ग निवासी रविंद्र पुत्र राम भरोसे फुलासी गांव निवासी नावर पुत्र भुरा को गिफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## आवारा कुत्तों ने किशोरी व मदरसा छात्रों पर हमला कर किया घायल

**देवबन्द।** नगर में आवारा कुत्ते आए दिन लोगों पर हमलावर हो रहे हैं, लेकिन प्रशासन कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। सोमवार की रात मोहल्ला खानकाह में आवारा कुत्तो ने एक किशोरी और दो मदरसा छात्रों पर हमला कर दिया। इसमें वह घायल हो गए।

मोहल्ला खानकाह निवासी मो. अहमद की बेटी सदफ (10) रात करीब नौ बजे घर के बाहर खड़ी थी। इसी दौरान आवारा कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया। इस बीच एक मदरसा छात्र उसे बचाने लगा तो कुत्ते ने उस पर भी हमला कर दिया। इससे कुछ दूरी पर एक पान की दुकान पर खड़े एक अन्य मदरसा छात्र को भी कुत्ते ने काट लिया। तीनों को चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया। नगर में आवारा कुत्तो की संख्या से लगातार बढ़ रही है, अब यह लोगों पर हमलावर हो रहे हैं। नगरवासी पिछले लंबे समय से आवारा कुत्तो को पकड़वाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन प्रशासन कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। पूर्व में दो लोगों की कुत्ते के काटने से मौत भी हो चुकी है।

## किशोरी की इज्जत लूटने की कोशिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** समीपवर्ती ग्राम कासमपुर गढ़ी निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी 14 वर्षीय पुत्री 22 अगस्त को शाम चार बजे बाजार से स्कूल का सामान लेने के लिए गई थी। ग्राम के ही युवक मौहम्मद शाबान पुत्र मौहम्मद शाहिद खां व मौहम्मद फैज पुत्र नफीस अहमद उर्फ किल्लू ने उसकी नाबालिग पुत्री को पकड़ लिया और मौहम्मद शाबान के घर पर जबरदस्ती उठाकर ले गए। तीन घंटे तक बंधक बनाए रखा। इसी दौरान दोनों युवकों ने शराब पी रखी थी। उसकी नाबालिग बेटी के साथ बदतमीजी करते हुए अश्लील हरकतें की उसके गुप्त अंगों को छुआ। उसे धमकाते हुए उसके साथ बुरा काम करने की को. शिश की।

# रेलवे लाइन के पास पहुंचा गंगा का कटान

## रेलवे विभाग पीलर डाल कर गंगा की धार मोड़ने का कर रहा प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** सैकड़ों बीघा कृषि भूमि और कई बाग में कटान करने के बाद गंगा की धार रेलवे लाइन के समीप पहुंच गई है। रेलवे विभाग पीलर डालकर कटान को रो. कने का प्रयास कर रहा है।



उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में हो रही मूसलाधार बारिश मैदानी इलाकों में कहर बरपा रही है। अत्यधिक वर्षा के चलते गंगा में कई दिन से उफान आया हुआ है। नांगल क्षेत्र के गांव लालपुर सोजीमल में किसानों की सैकडों बीघा भूमि और आम के कई बाग कटान कर गंगा में समा चुका है। इसके साथ ही पानीपत से नजीबाबाद आने वाली तेल की भूमिगत पाइप लाइन भी गंगा कटान की भेंट चढ़ चुकी है। इस सब के बावजूद कई दिन से गंगा की धार लगातार कटान कर रही है। वह कटान अब बालावाली रेलवे स्टेशन के समीप जम्मूतवी कलकत्ता रेलवे लाइन के बिल्कुल समीप पहुंच चुका है, जिस कारण रेलवे विभाग की चिंता बढ़ गई है। रेलवे विभाग लाइन के समीप पीलर डालकर गंगा कटान को रोकने का प्रयास कर रहा है। अगर समय रहते कटान नहीं रुका तो यह रेलवे लाइन कभी भी गंगा कटान की भेंट चढ़ सकती है। जिससे सैकड़ों ट्रेन प्रभावित होने के साथ हजारों यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ेगी और रेलवे विभाग को भी लाखों का नुकसान होगा।

## सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी

**किरतपुर।** एडवोकेट अंकित कुमार वशिष्ठ के सोशल मीडिया एकाउंट से किसान मजदूर संगठन के संबंध में अभद्र भाषा का प्रयोग करने पर राजपूत समाज और किसान मजदूर संगठन में आक्रोश है। किसान मजदूर संगठन के पदाधिकारियों ने थाना प्रभारी को ज्ञापन देकर आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है।

किसान मजदूर संगठन (ठाकुर पूरन सिंह) के ब्लाक अध्यक्ष नरेन्द्र राजपूत के नेतृत्व में एक ज्ञापन थाना प्रभारी वीरेन्द्र कुमार को सौंपा। ज्ञापन में अवगत कराया गया है कि सोशल मीडिया पर एड. अंकित कुमार वशिष्ठ के नाम से संगठन के जिलाध्यक्ष नौबहार सिंह गहलौत एवं समस्त राजपूत समाज को लेकर एक अभद्र टिप्पणी की गई है। जिसमें समस्त राजपूत समाज की भावनाओं को ठेस पहुंची है। अंकित कुमार वशिष्ठ द्वारा सोशल मीडिया पर की गई टिप्पणी पर कार्यवाही की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में जितेन्द्र कुमार, राकेश कुमार, शेखर राजपूत, नरेन्द्र राजपूत आदि रहे।

# सरकारी खलिहान की भूमि पर कब्जा

## कार्रवाई न होने से ग्रामीणों में गुस्सा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नगीना तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत आशिकपुर भूरे उर्फ गोविंदपुर में सरकारी खलिहान की भूमि पर खुलेआम कब्जा कर लिया गया है। यह आरोप किसी मामूली व्यक्ति पर नहीं बल्कि गांव के राशन डीलर कृपाल सिंह पर लग रहा है, जो गांव में सरकारी राशन की सप्लाई करने वाला जिम्मेदार शख्स है। मगर जिम्मेदारी निभाने के बजाय उन्होंने खसरा नंबर 18 पर अवैध निर्माण कर डाला और अब वहां पशु व कृषि यंत्रों का अड्डा बना दिया है।



ग्रामीणों ने कई बार तहसील प्रशासन और अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन आज तक कागजी खानापूर्ति से आगे कोई कार्रवाई नहीं हुई। खसरा-खतौनी में साफ लिखा है कि यह भूमि खलिहान के नाम दर्ज है, यानी ग्रामीणों की साझा जमीन है। लेकिन मिलीभगत और दबाव के चलते आज यह जमीन कब्जेदार राशन डीलर का निजी गोदाम बन चुकी है।

उधर गांव में माहौल गर्म है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्द ही प्रशासन ने कार्रवाई नहीं की तो वे सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगे। यह मामला अब सिर्फ कब्जे का नहीं, बल्कि अधिकारियों की मिलीभगत, भ्रष्टाचार और लापरवाही का बन चुका है। खलिहान की भूमि अगर बचानी है, तो प्रशासन को अब दिखावटी नहीं बल्कि कड़ी कार्रवाई करनी होगी। वरना ग्रामीणों का गुस्सा बड़े आंदोलन में बदल सकता है।

### लेखपाल की भूमिका पर गंभीर सवाल

इस कब्जे के खेल में हल्का लेखपाल ललित जोशी का नाम भी सामने आया है। सूत्रों का कहना है कि उनकी मूक सहमति और संरक्षण के बिना इतना बड़ा कब्जा संभव ही नहीं था। जब उनसे फोन पर बात की गई तो उन्होंने खुद माना कि सरकारी भूमि पर अवैध खड़ंजा लगाया जा रहा है, मैंने हल्का पुलिस भेजी है। ग्रामीणों का कहना है कि सिर्फ पुलिस भेजना काफी नहीं है। इस पर उचित कार्रवाई कब होगी और अवैध कब्जा कब हटेगा।

## धर्मपुरा पंचायत ने परचम लहराया



### ग्राम प्रधान शौवीर सिंह को मिला विशेष सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** मेहनत और ईमानदारी से किए गए विकास कार्य हमेशा एक नई पहचान बनाते हैं। इसका उदाहरण पेश किया है ग्राम पंचायत धर्मपुरा ने, जिसे 15 अगस्त को दिल्ली में उत्कृष्ट विकास कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

इस उपलब्धि पर ग्राम पंचायत धर्मपुरा के प्रधान शौवीर सिंह का ग्रामवासियों और क्षेत्रीय प्रतिनिधियों की मौजूदगी में अभिनंदन किया गया। समारोह में प्रधान को अंगवस्त्र ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विधायक ने धर्मपुरा पंचायत को आदर्श पंचायत बताते हुए कहा कि यह पूरे जनपद के लिए प्रेरणा का स्रोत है। खंड विकास अधिकारी हल्दौर कुणाल रस्तोगी और ग्राम पंचायत सचिव मोहित कुमार ने भी ग्राम प्रधान की सराहना की। ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर अपने प्रधान का स्वागत किया और गर्व महसूस किया।

# मॉडर्न एरा बना फुटबॉल चैंपियन

## अंडर-16 फुटबॉल टूर्नामेंट में यूनिवर्सल को हराकर जीता खिताब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** ग्रेट इंडियन एकेडमी के मैदान में आयोजित अंडर-16 फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल रोमांच और जोश से भरपूर रहा। इस उत्कृष्ट आयोजन ने खिलाड़ियों को निखारने और उनकी प्रतिभा को मंच देने का काम किया। मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यूनिवर्सल स्कूल बिजनौर को हराकर ट्रॉफी अपने नाम की।



फाइनल मुकाबले में दर्शकों की भारी भीड़ और खिलाड़ियों के जोश ने मैदान का माहौल जीवंत बना दिया। निर्णायक क्षणों में मॉडर्न एरा ने बेहतर रणनीति और अनुशासन के दम पर जीत दर्ज की।

विजेता टीम को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। यूनिवर्सल स्कूल उपविजेता और हेमनपुर स्कूल तृतीय स्थान पर रहा। विद्यालय प्रबंधन समिति ने कहा कि ग्रेट इंडियन एकेडमी हमेशा से बच्चों को खेलों और शिक्षा दोनों में श्रेष्ठ मंच उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध रही है।

कार्यक्रम में अतिथियों ने खिलाड़ियों के जज्बे की सराहना करते हुए कहा कि यह आयोजन केवल खेल प्रतियोगिता नहीं बल्कि एकता, अनुशासन और टीम भावना का प्रतीक है।

## ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार घायल

**अफजलगढ़।** ग्राम खुशहालपुर निवासी मौहम्मद हनीफ (50 वर्ष) पुत्र अब्दुल शकूर बाइक द्वारा देर शाम खरीदारी कर अफजलगढ़ से अपने गांव जा रहा था। जैसे ही राजू पेट्रोल पंप के समय पहुंचा, तो विपरीत दिशा से तीव्र गति से आ रहे ट्रैक्टर चालक ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर पहुंची पीसीआर 112 पुलिस के कांस्टेबल बलविंदर सिंह व पवन कुमार ने घटना स्थल पर पहुंच कर घायल को अपने वाहन द्वारा सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां गंभीर अवस्था देखते हुए उसे हायर सेंटर रैफर कर दिया।

## वांछित के घर कुर्की का आदेश चस्पा

**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम सीरवासुचन्द निवासी पूर्व प्रधान पुत्र सरफराज अहमद अंसारी पुत्र रईस अहमद जसपुर (उत्तराखंड) में एक मुकदमे में वांछित चल रहा है। धारा 138 एनआई एक्ट के अंतर्गत न्यायालय द्वारा लगातार गैर जमानती वारंट जारी करने के बावजूद न्यायालय में उपस्थित न होने के कारण रितेश कुमार श्रीवास्तव द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश काशीपुर के आदेश पर गैर जमानती वारंट धारा 182 के अंतर्गत जमानतियों को नोटिस जारी कर उत्तराखंड पुलिस ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से अभियुक्त सरफराज अहमद अंसारी के निवास पर कुर्की करने के आदेश चस्पा कर गांव में मुनादी कराई।

## विधायक राम अवतार सैनी ने किया उद्घाटन

**नूरपुर।** क्षेत्र के गांव कुंडा बलिदान में इंडियन आटा प्लांट का उद्घाटन सपा विधायक राम अवतार सैनी ने फीता काट कर किया। सपा विधायक राम अवतार सैनी ने कहा कि इंडियन आटा प्लांट लगने से क्षेत्र के लोगों को बड़ा फायदा पहुंचेगा। आटा का प्लांट लगने से लोगों को रोजगार भी मिलेगा। इस मौके पर गौहर इकबाल, विधानसभा अध्यक्ष नसीम अहमद इदरीसी, वरिष्ठ सपा नेता सरफराज सिद्दीकी, नावेद मलिक, शाकिब अंसारी, मुकर्रम अल्वी, कमल यादव, फहीम अहमद, रशीद खान आदि मौजूद रहे।

# भाकियू की बैठक में एकजुटता पर जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** मौहल्ला मंगू चरखी में भारतीय किसान यूनियन संग्राम की आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि एकजुट होकर किसी भी लड़ाई को जीता जा सकता है। उन्होंने सभी से एकजुट रहने का आह्वान किया।

प्राप्त समाचार के अनुसार मौहल्ला मंगू चरखी में भारतीय किसान यूनियन संग्राम के जिला उपाध्यक्ष नईम शेख के आवास पर आयोजित बैठक में यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राव मुशर्रफ अली का फूल माला डालकर स्वागत किया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन संग्राम हमेशा गरीबों पिछड़ों, शोषितों लिए काम करने में अग्रणी भूमिका निभाता हैं। उन्होंने कहा कि सभी को एकजुट होकर काम करना होगा।

इस मौके पर मुरादाबाद मंडल अध्यक्ष शकील आलम, जिला उपाध्यक्ष मौहम्मद नईम, नगर अध्यक्ष मौहम्मद शहजाद, शराफत सभासद, हारुन अंसारी, मौहम्मद असलम, मौहम्मद अरमान, डा. शमरान, मौहम्मद दानिश, मौहम्मद मुनीर, फैज, मौहम्मद साजिद, मौहम्मद फरमान, मौहम्मद चंदा, मास्टर तौहिद, शाहनवाज, मौहम्मद हाशिम, मौहम्मद रिहान, साबिर ठेकेदार, नफीस अहमद, सादिक अहमद अली आदि ने भाग लिया।



## दिव्यांग जन जागरूकता शिविर आयोजित

**शिवाला कला।** क्षेत्र में संचालित मां गायत्री एजुकेशन सोसाइटी, फीना द्वारा नूरपुर विकास खंड के ग्राम किरतपुर में दिव्यांगजन जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। संस्था के प्रबंधक विवेक कुमार शर्मा एवं कोर्स कोआर्डिनेटर लोकेश कुमार ने ओम प्रकाश सिंह की बैठक पर एक शिविर का आयोजन किया। शिविर में गांव के दिव्यांगजन व अन्य लोगों ने प्रतिभाग किया। संस्था के प्रतिनिधि विवेक कुमार शर्मा ने बताया कि आपके पास ही सेवा में एक दिव्यांग स्कूल संचालित है, जिसमें दिव्यांग छात्रों को पढ़ाया जाता है। साथ ही समय-समय पर क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम कराए जाते हैं।

**सम्बंध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र कुलदीप व पुत्रवधू रेखा जो मेरे कहने सुनने में नहीं है उनके इसी गलत आचरण के कारण संबंध विच्छेद करते हुए अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है भविष्य का इनका मेरे व मेरे परिवार के साथ कोई संबंध नहीं रहेगा।

श्रीमती सविता विधवा पत्नी राकेश कुमार निवासी ग्राम रामदासपुर उर्फ नागल थाना नागल जिला सहारनपुर

खेल विशेष

## शाकिब टी-20 में 500 विकेट और सात हजार रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी

**नॉर्थ साउंड, वार्ता।** शाकिब अल हसन टी-20 में 500 से ज्यादा विकेट और 7000 से अधिक रन बनाने वाले टी-20 में दुनिया के पहले खिलाड़ी बन गए। शाकिब ने यह उपलब्धि पेट्रियट्स बनाम पफ़ाल्कंस के सीपीएल 2025 मुकाबले के दौरान हासिल की। शाकिब को पारी के 15वें ओवर में पहली बार आक्रमण पर लगाया गया और उन्होंने इसी ओवर में मोहम्मद रिजवान को कैच कराकर टी-20 इतिहास में 500 विकेट लेने वाले पांचवें गें. दबाज बन गए। शाकिब ने अगले ओवर में दो और विकेट लेते हुए अपने आंकड़े को 502 तक पहुंचा दिया। शाकीब ने इस मैच में दो ओवर में 11 रन देकर तीन विकेट लिए। इस उपलब्धि के साथ शाकिब टी-20 क्रिकेट में 500 या उससे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज़ों के विशिष्ट क्लब में शामिल हो गए हैं।

## राष्ट्रीय खेल दिवस आंदोलन के रूप में मनाया जायेगा: मनसुख मांडविया

**नई दिल्ली, वार्ता।** केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने सोमवार को कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस 2025 को देश भर में खेल और फिटनेस के तीन दिवसीय जन आंदोलन के रूप में मनाया जायेगा। डॉ. मांडविया ने पिछले सप्ताह इस वर्ष के राष्ट्रीय खेल दिवस 2025 को एक सच्चे जन आंदोलन में बदलने के आ]वान पर अमल करते हुए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों राजस्थान, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, तेलंगाना, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी, चंडीगढ़ और दिल्ली ने अपने संबंधित विभागों को तैयारियां शुरू करने के निर्देश जारी कर दिए।

## असम और पश्चिम बंगाल की टीमें सुब्रतो कप के फाइनल में भिड़ेंगी

**नई दिल्ली, वार्ता।** असम और पश्चिम बंगाल की अंडर-17 जूनियर लड़कियों की टीमें बुधवार को 64वें सुब्रतो कप अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में खिताब के लिए भिड़ेंगी। यहां पिंटो पार्क फुटबॉल मैदान में असम और पश्चिम बंगाल ने अपने-अपने सेमीमफाइनल मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन कर जीत दर्ज करते हुए फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। असम बनाम केरल के पहले सेमीफाइनल में असम के बेतकुची हाई स्कूल ने अपार ऊर्जा और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करते हुए लाल बहादुर शास्त्री मेमोरियल हायर सेकेंडरी स्कूल, केरल को 4-1 से हराया। असम की निलिना ब्रह्मा ने 9वें मिनट में पहला गोल किया। असम की स्टार मारी मिच ने (25वें, 35वें, 48वें मिनट) गोल किया।

# शार्वरी ने तीरंदाजी में जीता सोना

तीरंदाजी युवा चैंपियनशिप

**● शार्वरी शेंडे ने अंडर-18 रिकर्व स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर भारत का अभियान समाप्त किया**



**कनाडा, वार्ता।** शार्वरी शेंडे ने अंडर-18 महिला रिकर्व स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर विश्व तीरंदाजी युवा चैंपियनशिप 2025 में भारत का अभियान समाप्त किया। शेंडे ने रविवार को खेले गए फाइनल में कोरिया गणराज्य की तीसरी वरीयता प्राप्त किम येवोन को हराया। उन्होंने 5-5 से बराबरी पर छूटे मैच के बाद शूट-ऑफ में अपना संयम बनाए रखते हुए 10-9 से जीत हासिल की। सेमीफाइनल में उन्होंने पहले ही दक्षिण कोरिया की शीर्ष वरीयता प्राप्त किम मिनजियोंग को 7-3 से हरा दिया था। इससे पहले 16 वर्षीय तीरंदाज दीपिका कुमारी ने (2011) और कोमलिका बारी ने (2021) में इस चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। शेंडे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उच्च रैंकिंग वाली प्रतिद्वंद्वियों को चौंकाया।

इस जीत के साथ ही वह महिला अंडर-18 रिकर्व वर्ग में केवल तीसरी भारतीय विश्व चैंपियन बनीं। 16 वर्षीय भारतीय तीरंदाज ने फाइनल जीतने के बाद कहा कि क्या मैं सचमुच विश्व चैंपियन हूं। हे भगवान, यह अद्भुत था। मैं बस यही सोच रही थी कि मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करुंगी। एक तीर ही तय करेगा कि मैं विश्व चैंपियन बनूंगी या नहीं।

मेरे कोच मुझसे कह रहे थे कि आत्मविश्वास रखो, खुद पर विश्वास रखो, तुम चैंपियन बनोगे। इसी सप्ताह की शुरुआत में शेंडे ने अंडर-18 महिला रिकर्व तीरंदाजी टीम स्पर्धा में भारत को कांस्य पदक दिलाने में भी मदद की। अंतिम दिन गाथा खडके और अगस्तय सिंह ने अंडर-18 मिश्रित रिकर्व वर्ग में चीनी ताइपे को हराकर एक और कांस्य पदक जीता। इन दो पदकों के साथ विश्व तीरंदाजी युवा चैंपियनशिप 2025 में भारत के कुल पदकों की संख्या आठ हो गई है। भारत ने इस प्रतियोगिता में चार स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य जीते हैं।



मुरली श्रीशंकर



रोहित यादव

## गोआला-रावत ने जीता कैमरून इंटरनेशनल बैडमिंटन टूर्नामेंट में पुरुष युगल खिताब

**याउंडे, वार्ता।** भारत के सूरज गोआला और ध्रुव रावत की जोड़ी ने कैमरून इंटरनेशनल 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट में फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए जापान के अकीरा हनाडा और शुन सैतो को हराकर पुरुष युगल का खिताब अपने नाम किया। रविवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में भारतीय जोड़ी ने ड्रॉ में अपना दबदबा बनाए रखा और साथ में अपना पहला बीडब्ल्यूएफ इंटरनेशनल सीरीज खिताब जीतने के दौरान एक भी गेम नहीं गंवाया। फाइनल में गोआला और रावत ने जापान के अकीरा हनाडा और शुन सैतो को 34 मिनट चले मुकाबले में 21-13, 21-14 से हराया। इससे पहले भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने पहले राउंड में आसानी से जीत हासिल की। उन्होंने कैमरून के मिशेल हेनरी असेंबे और फेलिक्स मिशेल केमेने अटांगाना की जोड़ी पर 21-12, 21-6 से जीत के साथ शुरुआत की और फिर क्वार्टर फाइनल में यूएई के देव अय्यप्पन और धीरेन अय्यप्पन को 21-15, 21-10 से हराया। इसके बाद सेमीफाइनल में उन्होंने हमवतन हरि भारती भास्करन पी और भारतसंजय एस की जोड़ी को 21-14, 21-15 से हराया। अनमोल खरब महिला एकल में उपविजेता रहीं, फाइनल में इंडोनेशिया की थलिता रामाधनी विर्यावान से 21-11, 21-19 से हार गईं।

● अंतर-राज्यीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप-2025

# मुरली ने लंबी कूद व रोहित ने भाला फेंक का खिताब जीता

**● रोहित यादव ने 83.65 मी. के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, मुरली श्रीशंकर ने 8.06 मी. की छलांग लगाकर खिताब जीता**

**चेन्नई, वार्ता।** मुरली श्रीशंकर ने अंतर-राज्यीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में लंबी कूद तथा रोहित यादव ने 83.65 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा का खिताब अपने नाम किया। मुरली श्रीशंकर ने रविवार को 8.06 मीटर की छलांग लगाकर लंबी कूद का खिताब जीता। उन्होंने इस सीजन में अपनी सभी स्पर्धाओं में जीत हासिल की। हालांकि वह अगले महीने टोक्यो में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए पुरुषों की लंबी कूद के 8.27 मीटर के क्वालीफाइंग मार्क से चूक गए। एस लोकेश (7.71 मीटर) और स्वामीनाथन आर (7.70 मीटर) ने क्रमश: रजत और कांस्य पदक जीते। 8.41 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड रखने वाले श्रीशंकर ने अपने करियर में पांच बार 8-27 मीटर की छलांग लगाई है। टोक्यो 25 के लिए अधिकांश क्वालीफिकेशन लवडो चूकने के बाद, श्रीशंकर के लिए रैंकिंग के माध्यम से आगामी वैश्विक प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई करना मुश्किल हो सकता है। योग्य एथलीटों की अंतिम सूची 27 अगस्त को घोषित की जाएगी। वहीं पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में, रोहित यादव ने 83-65 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। सचिन यादव (83.20 मीटर) दूसरे और शिवम लोहाकारे (80.20 मीटर) के साथ तीसरे स्थान पर रहे। रोड टू टोक्यो 25 में 57वें स्थान पर रहे रोहित को विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने के लिए 85-50 मीटर के प्रवेश मानक को पार करना था। गत विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा के टोक्यो में जगह पक्की होने के साथ, भारत से टोक्यो में कम से कम तीन थ्रोअर उतारने की उम्मीद है। सचिन यादव (22वें) और यश वीर सिंह (30वें) वर्तमान में कट-ऑफ रैंकिंग में हैं। यश वीर सिंह ने अंतर-राज्यीय चैंपियनशिप में 76.22 मीटर की दूरी तय करके चौथा स्थान हासिल किया।

## संन्यास ले चुकी वैन नीकेर्क की द. अफ्रीकी टीम में हुई वापसी

**केपटाउन, वार्ता।** संन्यास ले चुकी दिग्गज व पूर्व कप्तान डेन वैन नीकेर्क की आगामी एकदिवसीय महिला विश्वकप से पहले द. अफ्रीका की 20 सदस्यीय टीम में वापसी हुई हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास 2023 में संन्यास ले चुकी डेन वैन नीकेर्क ने सोमवार को अपने फैसले पर यू टर्न लेते हुए अपने सोशल मीडिया अकांउट पर एक बयान में लिखा कि मुझे यह घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है कि मैंने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के फैसला को वापस ले लिया है। इस समय ने मुझे याद दिलाया है कि मैंने अपने देश का प्रतिनिधित्व करना कितना मिस किया है और मैं एक बार फिर उस अवसर को पाने के लिए अपना सबकुछ देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हूं।

# राजगीर में हमारी टीम सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी: हरमनप्रीत सिंह



**● राजगीर एक साल के भीतर ही अपने दूसरे अंतराष्ट्रीय हॉकी टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा है**

**राजगीर, वार्ता।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने सोमवार को कहा कि भारतीय टीम किसी भी टीम को हल्के में नहीं ले रही है,

टीम टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी। यहां एशिया कप 2025 के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम के बिहार के राजगीर पहुंचने पर हरमनप्रीत ने कहा कि हमने बिहार में पहले कभी नहीं खेला है और यह देखकर बहुत खुशी हो रही है कि राजगीर एक साल के भीतर ही अपने दूसरे अंतर्राष्ट्रीय हॉकी टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा है। यह खेल को समर्थन देने की सरकार की मंशा को दर्शाता है और हम पूरे टूर्नामेंट के दौरान यहां हॉकी प्रशंसकों के प्यार और समर्थन की प्रतीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने जकार्ता में आयोजित पिछले संस्करण में कांस्य पदक जीता था, जहां 15 नए खिलाड़ियों वाली एक युवा टीम ने पोडियम पर स्थान हासिल करके अपने अभियान में जज्बा दिखाया था। हालांकि, इस बार विश्व कप क्वालीफिकेशन दांव पर होने के कारण हमारी सर्वश्रेष्ठ टीम यहां अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का प्रयास करेगी। इस बीच भारतीय टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने बिहार में पहली बार खेलने पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि हम इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के लिए बिहार आकर बहुत खुश हैं। यह बहुत अच्छी बात है कि यहां अंतर्राष्ट्रीय हॉकी की मेजबानी हो रही है और हम अपने खेल से इस क्षेत्र के लोगों को प्रेरित करना चाहते हैं इस टूर्नामेंट के लिए टीम की तैयारी ठोस रही है। हमारा दृष्टिकोण पेरिस ओलंपिक जैसा ही होगा। भारत को पूल ए में जापान, चीन और कज़ाकिस्तान के साथ रखा गया है, जबकि पूल बी में मलेशिया, कोरिया, बांग्लादेश व चीनी ताइपे शामिल हैं।

# चानू व धर्मज्योति ने जीते स्वर्ण पदक



**अहमदाबाद, वार्ता।** पूर्व विश्व चैंपियन मीराबाई चानू ने महिला वर्ग और धर्मज्योति देवघरिया ने पुरुष वर्ग में सोमवार को राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप 2025 में स्वर्ण पदक जीते।

**● मीराबाई चानू को इस स्वर्ण पदक ने ग्लासगो 2026 राष्ट्रमंडल खेलों के लिए सीधे क्वालीफाई करने का मौका दिया**

यहां प्रतिस्पर्धा करते हुए मीराबाई चानू ने 193 किग्रा (84 किग्रा स्नैच प्लस 109 किग्रा क्लीन एंड जर्क) भार उठाकर पोडियम पर शीर्ष स्थान हासिल किया। इस स्वर्ण पदक ने उन्हें ग्लासगो 2026 राष्ट्रमंडल खेलों के लिए सीधे क्वालीफाई करने का भी मौका दिया। महिलाओं के 48 किग्रा वर्ग में भाग लेते हुए मीराबाई ने स्नैच में अपने दूसरे प्रयास में 84 किग्रा भार उठाया, जबकि इसी भार वर्ग में उनका पहला प्रयास असफल रहा था। इसके बाद उन्होंने अपने तीसरे प्रयास में 87 किग्रा भार उठाने का प्रयास किया, लेकिन कोई वैध भार नहीं उठा सकीं। क्लीन एंड जर्क में चानू ने 105 किग्रा भार उठाकर शुरुआत की उसके बाद अपने दूसरे प्रयास में 109 किग्रा भार उठाया और अपने अंतिम प्रयास में 113 किग्रा भार उठाने का प्रयास किया, जिसे वह पूरा नहीं कर सकीं।

भारत की सौम्या सुनील दलवी ने 177 किग्रा (76 किग्रा प्लस 101 किग्रा) भार उठाकर रजत पदक जीता, जबकि नाइजीरिया की रूथ असौक्वो न्योंग ने कुल 167 किग्रा (72 किग्रा प्लस 95 किग्रा) भार उठाकर कांस्य पदक अपने नाम किया। अंतर्राष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ के संशोधित भार वर्गों के तहत अपने पसंदीदा 49 किग्रा वर्ग को बंद कर दिए जाने के बाद चानू अब 48 किग्रा वर्ग में प्रतिस्पर्ध कर रही हैं। वहीं पुरुषों के 56 किग्रा युवा वर्ग में, भारत के धर्मज्योति देवघरिया ने 224 किग्रा (97 किग्रा स्नैच प्लस 127 किग्रा क्लीन एंड जर्क) भार उठाकर स्वर्ण पदक जीता। उनके कुल और सी एंड जे भारोत्तोलन भी युवा राष्ट्रमंडल रिकॉर्ड थे।

# फातिमा सना की अगुवाई वाली पाक टीम में अनकैप्ड ऐमन फातिमा



**● आगामी विश्व कप की तैयारी के तहत पाक की यही टीम 16 सितम्बर से द.अफ्रीका के खिलाफ घरेलू वनडे मैच खेलेगी**

**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान ने 30 सितंबर से शुरु होने वाले महिला एकदिवसीय विश्व कप के लिए फातिमा सना की अगुवाई वाली 15 सदस्यीय टीम में 20 वर्षीय युवा बल्लेबाज ऐमन फ़ातिमा को शामिल किया है। आगामी विश्वकप की तैयारी के तहत यही टीम 16 सितंबर से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन घरेलू एकदिवसीय मैच भी खेलेगी। यह पहली बार होगा जब सना किसी एकदिवसीय विश्व कप में अपनी टीम की कप्तानी करेंगी।

उन्होंने इस साल की शुरुआत में लाहौर में हुए विश्व कप क्वालिफायर में भी पाकिस्तान की कप्तानी की थी। ऐमन फातिमा ने इस महीने की शुरुआत में डबलिन में आयरलैंड के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय टी-20 में पदार्पण किया था, लेकिन उन्हें तीन मैचों में केवल दो बार बल्लेबाजी का अवसर मिला था और उन्होंने 23 और 4 रन बनाए थे। 15 सदस्यीय मुख्य टीम और पांच रिजर्व खिलाड़ी दक्षिण अफ्रीका सीरीज से पहले 29 अगस्त से शुरु होने वाले 14 दिनों के शिविर में हिस्सा लेंगे। दक्षिण अफ्रीका की टीम 12 सितंबर को लाहौर पहुंचेगी। पाकिस्तान अपने विश्वकप अभियान की शुरुआत दो अक्तूबर को बंगलादेश के खिलाफ करेगा और उसके बाद पांच अक्तूबर को भारत से भिड़ेगा। पाकिस्तान अपने सभी सात लीग मैच कोलंबो में खेलेगा और अगर वह नॉकआउट में पहुंचता है तो सेमीफाइनल भी कोलंबो में ही खेलेगा। दूसरा सेमीफाइनल नवी मुंबई में होगा। फाइनल दो नवंबर को कोलंबो या नवी मुंबई में होगा, यह इस बात पर निर्भर करेगा कि पाक नॉकआउट में पहुंचता है या नहीं।

# बोन्जी ने मेदवेदेव को हराकर किया उलटफेर

यूएस ओपन

**● फ्रांस की खिलाड़ी बोन्जी ने 5 सेटों तक चले मैच में रूसी दिग्गज मेदवेदेव को हराकर सभी को चौंका दिया**

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** फ्रांस के बेंजामिन बोन्जी ने यूएस ओपन में उलटफेर करते हुए 2021 के चैंपियन डेनियल मेदवेदेव को हराकर अगले दौर में जगह बना ली है।

रविवार देर रात खेले गए मुकाबले में फ्रांसीसी खिलाड़ी बोन्जी ने पांच सेटों तक चले मैच में रूसी दिग्गज मेदवेदेव को 6-3, 7-5, 6-7(5), 0-6, 6-4 से हराकर सभी को चौंका दिया। फ्रांसीसी खिलाड़ी बोन्जी ने कुछ हफ्ते पहले विंबलडन में भी मेदवेदेव को हराया था। उन्होंने एक बार फिर रूसी खिलाड़ी को पहले ही दौर में हराकर ग्रैंड स्लैम से बाहर कर दिया। बोन्जी ने पांच सेटों की मैराथन जीत के बाद सांस फूलने की हालत में स्वीकार करते हुए कहा कि मैंने ऐसा पहले कभी अनुभव नहीं किया था। यह परिदृश्य अद्भुत था तीसरे सेट में मैच पॉइंट, चौथे सेट में थकावट, फिर पांचवें सेट में पूरी ताकत। मेरे लिए, यह मेरी अब तक की सबसे अच्छी जीत है।

## आइवा को हराकर पाओलिनी दूसरे दौर में

**न्यूयॉक, वार्ता।** सातवीं वरीयता प्राप्त इटली की जैस्मीन पाओ. लिनी ने ऑस्ट्रेलियाई क्वालीफायर डेस्टेनी आइवा को सीधे सेटों में हराकर यूएस ओपन के दूसरे दौर में जगह बना ली हैं। लुई आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में रविवार देर रात खेले गए मुकाबले में पिछले हफ्ते सिनसिनाटी ओपन में उपविजेता रहीं पाओलिनी ने डेस्टेनी आइवा पर एक घंटे 28 मिनट में 6-2, 7-6(4) से जीत हासिल की। पाओलिनी ने शुरुआत में ही घबराहट दिखाई और 168वीं रैंकिंग वाली आइवा के खिलाफ अपना पहला सर्विस गेम गंवा दिया। 25 वर्षीय ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने दबाव में अपने मजबूत फ़ोरहैंड और आत्मविश्वास से भरे ऐस के साथ कुछ समय के लिए आशाजनक प्रदर्शन किया, लेकिन बेसलाइन पर उनके प्रदर्शन में निरंतरता की कमी ने पाओलिनी को तुरंत वापसी करने का मौका दिया।



# योजनाओं का मिले शत प्रतिशत लाभः इमरान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सांसद इमरान मसूद ने कहा कि सरकार की योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ जनपदवासियों को मिलना चाहिए। साथ ही उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिये कि संसद या राज्य विधान सभा एवं विधान मण्डल के सत्र चलने पर जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति वाली बैठकें आहूत न की जाएं।

श्री मसूद ने यह निर्देश विकास भवन सभागार में आयोजित जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति ''दिशा'' की बैठक में दिये। सभी जनप्रतिनिधियों ने अपने क्षेत्रों में भारत सरकार की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होने कहा कि विभागों को सौंपी गयी जिम्मदारियों का समय से निर्वहन सुनिश्चित किया जाए। जनहित के कार्यों में देरी और लापरवाही न बरती जाए। विकास कार्यों में पूरी पारदर्शिता से कार्य करें साथ ही सभी जनप्रतिनधियों को सरकारी कार्यों की समय से जानकारी उपलब्ध कराई जाए।

सांसद एवं दिशा के अध्यक्ष इमरान मसूद ने कहा कि जिला पंचायत, नगर निकायों में जन प्रतिनिधियों के प्रस्तावों को अवशेष 15वें वित्त एवं राज्य वित्त के स्त्रोतों से कार्य करवाए जाने हेतु शासन को प्रस्ताव भेजें जाएं। स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के दृष्टिगत बस्तियों में एंटीलार्वा का छिडकावा कराया जाए। उन्होने कहा कि समस्याओं के संबंध में लिखे गये पत्रों को भी कार्रवाई में शामिल करते हुए जनप्रतिनिधियों को अवगत कराएं। जल जीवन मिशन एवं पीडब्ल्यूडी द्वारा किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण करें। उन्होने खाताखेडी रोड़ के लिए जिलाधिकारी एवं नगर आयुक्त से समस्या का हल ढूंढने के लिए कहा। उन्होने कहा कि किसी भी कार्य के शिलान्यास एवं उद्घाटन के समय स्थानीय जनप्रतिनिधि को अनिवार्य रूप से आमंत्रित करते हुए यह भी सुनिश्चित किया जाए कि स्थानीय जनप्रतिनिधि का नाम शिलापट्ट पर अंकित हो। कुरडीखेडा से शाहजहांपुर तक मार्ग निर्माण को प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना में सम्मिलित किया जाए।

इमरान मसूद ने कहा कि संसद या राज्य विधान सभा एवं विधान मण्डल के सत्र चलने पर जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति वाली बैठकें आहूत न की जाएं। दिशा की बैठक में अधिकारी उपस्थित होने के साथ ही सही सूचना उपलब्ध कराएं। उन्होने जनप्रतिनिधियों से भी लिखित सूचना देने को कहा। पीएम आवास शहरी योजना की सूची संबंधित जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए गये। स्कूलों की सूची एवं उपलब्ध फर्नीचर की जानकारी दें। सर्व शिक्षा अभियान के तहत जनप्रतिनिधियों द्वारा स्कूलों में शौचालयों की जानकारी ली गयी। अध्यक्ष ने कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा दिशा के माध्यम से प्रपोजल दिए जाएं उनको सभी अधिकारी गंभीरता से लें। उन्होने नगर निगम को निर्देश दिए कि नगर निगम में शामिल 32 गांवों में यथाशीघ्र मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इलैक्ट्रिक बसों को शहर में चलाए जाने के संदर्भ में नगर आयुक्त ने बताया कि चार्जिंग बस स्टेशन बनकर तैयार हो गया है। यथाशीघ्र कम्पनी को रजिस्टर्ड कर शासन को पत्र भेज दिया जाएगा। मेडिकल कॉलेज में सुविधाओं के दृष्टिगत शासन को पत्र भेजने एवं सभी जनप्रतिनिधियों को सहयोग करने के निर्देश दिए। श्री मसूद ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम में बने बैडमिंटन कोर्ट में आई समस्या के सुधार के लिए जिलाधिकारी को धन्यवाद दिया तथा अवशेष बचे कार्य के लिए अपनी निधि से विधायक शाहनवाज खान ने अपनी निधि से धन आवंटित करने को कहा।

कैराना सांसद इकरा हसन ने कहा कि क्षेत्र में कुछ जगह पर बिजली की हाई वोल्टेज लाईन की ऊंचाई कम है जिसको संबंधित विभाग को त्वरित कार्य किए जाने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि माननीय अध्यक्ष द्वारा दिये गये निर्देशों का अक्षरशः पालन किया जाएगा। उन्होने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो प्रकरण पिछली बैठक के उठे है उनका संतोषजनक समाधान कराकर संबंधित जनप्रतिनिधियों को अवगत कराएं। शासन एवं भारत सरकार के शासनादेशों के अनुसार कार्य करना सुनिश्चित करें।

बैठक में कैराना सांसद मा. इकरा हसन, सदस्य विधान परिषद शाहनवाज खान, विधायक रामपुर मनिहारान देवेन्द्र निम, विधायक सहारनपुर देहात आशू मलिक, विधायक बेहटउमर अली खान, विभिन्न निर्वाचित जनप्रतिनिधि, नगर आयुक्त शिपू गिरी, मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, डीएफओ शुभम सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ प्रवीण कुमार, पीडी डीआरडीए प्रणय कृष्ण सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण एवं विधायकगणों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## बजट के बाद भी किसके दबाव में नहीं हो रहे निर्माण कार्यः उमर अली

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी के बेहट विधायक उमर अली खान ने दिशा की बैठक में कहा कि बजट मिलने के बावजूद भी निर्माण कार्यो को नहीं किया जा रहा है, जो कि जनप्रतिनिधियों के प्रति एक गलत आचरण है।

उमर अली ने बरसाती नदियों पर पुल बनाने, स्वीकृत बिजली के तारों का सुदृढीकरण कराने, सडक निर्माण कराने जैसे मुद्दों को उठाया और कहा कि बेहट से बादशाही बाग व गंदेवड से चिलकाना तक फोरलेन मार्ग स्वीकृत हो चुका है, लेकिन धनराशि आवंटन के बाद भी न जाने क्यों किसके दबाव में यहां निर्माण नहीं किया जा रहा है। उन्होंने स्वीकृत विकास कार्य शुरू न कराये जाने पर गहरी नाराजगी जताई।

## जनहित की समस्याओं समेत 32 गांव के विकास कार्य हों पूरेः आशु मलिक

**सहारनपुर।** देहात विधायक आशु मलिक ने अपने विधानसभा क्षेत्र से जुड़ी जनहित की तमाम समस्याओं समेत नगर निगम के 32 गांव जिला पंचायत पीडब्लूडी सिंचाई विभाग जल जीवन टंकियां का काम अधूरा पड़ा होने तथा सड़के क्षतिग्रस्त हो रखी है और लोगों तक पानी नहीं पहुंच रहा है। विधायक ने विद्युत विभाग स्वास्थ्य विभाग शिक्षा विभाग कृषि विभाग आदि की समस्याओं को मजबूती से उठाया। उन्होने कहा कि मेरा संकल्प है कि क्षेत्र की आवाज हर मंच तक पहुँचे और गरीब, किसान व मजदूर वर्ग की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से हो। विधायक ने देहात विधानसभा क्षेत्र के गांव में कैंसर बीमारियों की रोकथाम न करने का मुद्दा उठाते हुए कहा कि विभाग इसमे शिथिलता बरत रहा है। विभाग इसमें समुचित कार्यवाही करें।

## पूरी निष्ठा व ईमानदारी से हो कामः शाहनवाज

**सहारनपुर।** सपा एमएलसी शाहनवाज खान ने भी विकास के मुद्दों को उठाते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों का सम्मान करते हुए अधिकारी पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ काम करें, ताकि जनता को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होने जिले में विकास की कई योजनाओं का जिक्र करते हुए काह कि इन पर शीघ्र सुनिश्चित कार्यवाही की जाये।

# पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान का सपा मुखिया अखिलेश ने शॉल ओढ़ाकर किया सम्मान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी कार्यालय लखनऊ में रंग-ए-वारिस कार्यक्रम में पूर्व सांसद व वरिष्ठ समाजवादी पार्टी नेता हाजी फजलुर्रहमान को उनकी पार्टी की पालिसियों के प्रति मेहनत व लगन को देखते हुए सम्मान दिया गया।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया और उनके पार्टी की पालिसियों के प्रति उत्सुकता पर सराहना की। पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान ने कहा कि इस सम्मान के लिए वह समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का शुक्रिया अदा करते हैं। 2027 विधानसभा चुनाव को प्रत्येक नेता और कार्यकर्ता अपना खुद का चुनाव समझ कर लड़े। हम सबका एक ही उद्देश्य समाजवादी पार्टी की सरकार बनाना और अखिलेश यादव के हाथ में प्रदेश की कमान सौंपना है। पूर्व सांसद हाजी फजलूर्रहमान ने कहा कि पीडीए के नायक अखिलेश यादव ही समाज के हर वर्ग के दर्द की समझते हैं।

## किसानों के प्रति संवेदनहीन हो चुकी सरकारः फरहाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**सहारनपुर।** सपा के वरिष्ठ नेता फरहाद आलम गाड़ा ने प्रदेश सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि शाकंभरी टोडरपुर चीनी मिल द्वारा किसानों का गन्ना मूल्य भुगतान बकाया है।

उन्होंने कहा कि सरकार पूरी तरह संवेदनहीन हो चुकी है और किसानों के प्रति गंभीर नहीं है, जिसके चलते किसान आज आर्थिक व मानसिक संकट से जूझ रहे हैं। सपा नेता ने बताया कि 5 नवंबर 2024 से 3 मार्च 2025 तक मिल में पेराई सीजन चला। इस दौरान गन्ना खरीदा गया, लेकिन आज भी लगभग 30 करोड़ रुपये किसानों का बकाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार चीनी मिल मालिकों के साथ मिलकर किसानों का आर्थिक और मानसिक शोषण कर रही है। फरहाद आलम गाडा ने कहा कि 8 साल के कार्यकाल में योगी सरकार किसानों को मजबूत करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा सकी। उन्होने कहा कि भाजपा धर्म और जाति के नाम पर जनता को बांटकर सत्ता में बने रहना चाहती है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही किसानों के बकाया गन्ना मूल्य का भुगतान नहीं किया गया तो समाजवादी पार्टी किसानों की लड़ाई सड़कों पर लड़ेगी और 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को करारा जवाब दिया जाकेगा।

## पांच वारंटी पकडे

**सहारनपुर।** गंगोह कोतवाली पुलिस ने पांच वारंटी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

जनपद पुलिस द्वारा एसएसपी आशीष तिवारी के निर्देश पर वांछित व वारंटी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत गंगोह कोतवाली पुलिस ने उपनिरीक्षक देवेश कुमार, उपनिरीक्षक विरेंद्र कुमार, उपनिरीक्षक केरन सिंह के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर पांच वारंटी आरोपियों भूरा उर्फ आबिद पुत्र लियाकत निवासी ग्राम शाहपुर, भोपाल सिंह पुत्र हुकम सिंह निवासी ग्राम खालिदापुर, बिल्लू पुत्र अरशद व दिल्लू पुत्र मकसूद निवासीगण ग्राम बुड्ढाखेडा व दानिश पुत्र मुस्तफा निवासी मौहल्ला गुलाम औलिया कस्बा व थाना गंगोह को उनके मकानों से दबोच लिया। थाना प्रभारी के अनुसार दबोचे गए आरोपी अलग-अलग मामलों में न्यायालय से वारंटी थे। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

# 27 को संघ भवन में लगेगा रक्तदान शिविर




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी एसोशिएशन सम्बद्ध (राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ, भारतीय मजदूर संघ के स्वर्णिम 70 वर्ष पूर्ण होने पर अधिकारियों, कर्मचारियों एव शिक्षकों की माँग पुरानी पेन्शन बहाली के समर्थन के उपलक्ष में आगामी 27 अगस्त को सिचाई विभाग परिसर में स्थित जूनियर इंजीनियर संघ भवन में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

एसोशिएशन की इकाई अपर खण्ड पूर्वी यमुना नहर के पदधिकारियों एवं सदस्यों ने एक बैठक का आयोजन किया जिसकी अध्यक्षता रूपेश कुमार तथा संचालन मंत्री मनोज सैनी द्वारा किया गया।

बैठक को सम्बोधित करते हुए तरुण भोला ने बताया की भारतीय मजदूर संघ ने अपने स्वर्णिम 70 वर्ष पूर्ण कर लिए है तथा पिछले 35 वर्षो से भारतीय मजदूर संघ देश में मजदूरों का सबसे बड़ा संगठन बनके उभरा हैं तथा केंद्र सरकार के अनेक कर्मचारी संगठन जैसे रेलवे, बैंक आदि और राज्यो के अनेक कर्मचारी संगठनो के साथ अनेक यूनियन भारतीय मजदूर संघ से सम्बद्ध होकर राष्ट्रवादी विचारधारा के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सिचाई विभाग में कर्मचारी संगठन द्वारा पहली बार पुरानी पेन्शन बहाली के समर्थन में रक्तदान शिविर का आयोजन करके मिशाल पेश की है। इकाई मंत्री मनोज सैनी ने बताया की हमारा संगठन राष्ट्रवादी विचार धारा को मानकर राष्ट्रहित, प्रदेश हित और कर्मचारी हित को सर्वोपरि मानकर कार्य करता है। रूपेश कुमार ने बताया पुरानी पेन्शन बहाली के लिए हमारे संगठन के पदाधिकारी गण केन्द्र से लेकर राज्यों तक माँग रखते हुए आंदोलन कर रहे है। इसी क्रम में सिचाई विभाग परिसर में सभी अधिकारियो कर्मचारियों एव शिक्षकों की माँग के समर्थन में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। कर्मचारी नेता सौरभ गौतम और सरंक्षक राजेश कुमार ने कहा कि स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में जनपद के सभी शिक्षक कर्मचारी संगठनों के कार्यालयों में मिलकर संघों के पदाधिकारी एव कर्मचारियों से अपील की हे कि रक्तदान शिविर को सफल बंनाने में सहयोग प्रदान करे। बैठक में मणिक पाल, प्रदीप सैनी, भूपेंद्र कुमार, मनोज सैनी, सुंदर लाल, दीपक कुमार, अनिल कुमार आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

# मेला गुघाल का 3 करोड़ 53 लाख का बजट बोर्ड बैठक में पारित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार की अध्यक्षता में जनमंच सभागार में नगर निगम बोर्ड की हुई बैठक में मेला महाड़ी व मेला गुघाल का 3 करोड़ 53 लाख 38 हजार रुपये की अनुमानित आय तथा एक करोड़ 28 लाख 93 हजार पांच सौ रुपये का अनुमानित व्यय का बजट सर्व सम्मति से पारित किया गया।

लेखाधिकारी मनोज त्रिपाठी ने बजट प्रस्तुत किया। कार्यसमिति में पारित किये गए अनुमानित व्यय एक करोड़ 24 लाख 43 हजार पांच सौ रुपये में साढे चार लाख रुपये की और वृद्धि की गयी। यह वृद्धि मेले में सुरक्षा हेतु सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था एवं विभिन्न स्थानों पर लगाये जाने वाली बड़ी एलईडी के लिए की गयी है। कार्यकारणी में पारित बजट में सुरक्षा हेतु सीसीटीवी कैमरों के लिए साढे चार लाख रुपये की जगह बढाकर नौ लाख रुपये कर दिया गया।

सभी सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए 30 लाख रुपये, निर्माण कार्य, शौचालय, बैरिकेटिंग व पेचिंग आदि के लिए पांच लाख रुपये, मेला गुघाल में सांस्कृतिक पंडाल व मेला महाड़ी पर समस्त प्रकाश व्यवस्था के लिए



आठ लाख रुपये तथा मेला स्वच्छता के लिए 18 लाख रुपये की व्यवस्था रखी गयी है। इसके अलावा वर्ष 2025-26 के लिए गृहकर-जलकर के बिलों में वर्तमान मांग पर 30 सितंबर 2025 तक ऑनलाइन व ऑफ लाइन टैक्स जमा कराने पर महापौर द्वारा पूर्व में की गयी 15 प्रतिशत की छूट पर भी सदन द्वारा सर्व सम्मति से मुहर लगायी गयी।

विधायकों एवं पार्षदों द्वारा वार्डो में सफाई कर्मियों की उपस्थिति को लेकर उठाये गए सवाल पर डॉ. अजय कुमार ने स्वास्थय विभाग को सभी सफाई कर्मियों की मोबाइल ऐप पर डियूटी के आने व जाने के समय की लोकेशन के साथ बायोमैट्रिक उपस्थिति लगाने की व्यवस्था एक सप्ताह में कराने के निर्देश दिए।

सभी पार्षदों ने महापौर को अधिकारिक रुप से मेला चेयरमैन और तीन वाइस चेयरमैन चुनने का अधिकार भी सर्व सम्मति से दिया। कुछ पार्षदों ने गोगा जी महाराज और उनकी माता बाछल को केंद्रित कर सांस्कृति कार्यक्रमों की श्रृंखला में उसे भी शामिल करने तथा मेले का गेट भव्य बनाने का सुझाव दिया। महापौर ने कहा कि जो भी सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाए, वें गरिमापूर्ण हों और ऐसे हों कि जिन्हें लोग परिवार के साथ देख सकें।

विधायक राजीव गुंबर ने शहर के चौक फव्वारा या शहर के अन्य किसी प्रमुख चौराहे का परशुराम चौक के रुप में निर्माण कराने का प्रस्ताव रखा। जिस पर महापौर ने कहा कि वह पहले से तय है, उसके लिए चौक को चिन्हित कर निर्माण कराया जायेगा। विधायक देवेंद्र निम ने अपने विधानसभा क्षेत्र की कॉलोनियों आवास विकास, इंद्रप्रस्थ कॉलोनी, पैरामाउण्ट, मवींकला, काशीराम आदि कॉलोनियों की जल निकासी सहित अनेक समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। संचालन सहायक नगरायुक्त जेपी यादव ने किया।

इस दौरान नगर पार्षद सुधीर पंवार, संजय सैनी, गौरव कपिल, अनुज जैन, मोहर सिंह, मयंक गर्ग, राजेंद्र सिंह कोहली, अभिषेक अरोड़ा टिंकू, सुनील पंवार, कपिल धीमान, के के बत्रा, सोपिन पाल, फजलुर्रहमान, सीमा बहोत, ज्योति अग्रवाल, चौधरी वीरसैन सिद्धू, राजू सिंह, संजय गर्ग, मंसूर बदर, इसरार पप्पू, मोहम्मद आसिफ, संजीव कर्णवाल, मुकेश गक्खड़, राजकुमार शर्मा, अमित त्यागी, दिग्विजय चौहान आदि ने चर्चा में हिस्सा लिया।

## यूपी सरकार का कानून मानने के लिए बाध्य नहींः टिंकू



**सहारनपुर।** नगर निगम बोर्ड बैठक में जी आई सर्वे को लेकर भड़के पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा ने कहा जब हम शासन के विरुद्ध जाकर टैक्स में आखरी वर्ष में छूट दे सकते हैं तो हमें उत्तर प्रदेश सरकार के शासनादेश के विरुद्ध जाकर भी जी आई सर्वे को निरस्त करना चाहिए।

उन्होने कहा कि नगर की जनता हमारे लिए प्राथमिकता है। हम उत्तर प्रदेश सरकार के कानून को मानने के लिए बाध्य नहीं है। हमारा अपना बोर्ड है और हम बोर्ड के ट्रस्टी है बोर्ड हमें यह अधिकार देता है कि हम जनता हित में कुछ भी फैसला ले सकते हैं और कुछ लोगों के द्वारा यह भ्रम फैलाया जा रहा है के नगर निगम ने यह टेक्स नगर की जनता पर लगाया है जबकि यह टेक्स उत्तर प्रदेश सरकार के शासनादेश से लगा है।

## संदिग्ध युवकों को चोर समझकर पकड़ा

**खेड़ा अफगान।** खेड़ा अफगान में ग्रामीणों ने चार संदिग्ध युवकों को चोर समझकर घेरबंदी करते हुए पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

खेड़ा अफगान में सोमवार को उस समय हलचल मच गई जब ग्रामीणों ने चार संदिग्ध युवकों को जबरन पकड़कर बैठा लिया। बताया गया ग्रामीणों ने चारों को संदिग्ध अवस्था में गांव में घूमते देखा ग्रामीणों को शक हुआ कि वह गांव की रेकी कर रहे हैं और सभी चोरी की नीयत से गांव में घूम रहे हैं। ग्रामीणों ने समझदारी दिखाते हुए चारों को मौके पर ही दबोच लिया और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवकों को पूछताछ के लिए अम्बेहता चौकी ले गई। ग्रामीणों ने बताया कि कई दिन से उनके गांव के ऊपर रात के समय ड्रोन घूमता है जिसकी सूचना पुलिस को भी दी गई है जिसके बाद से ग्रामीणों में ओर दहशत बनी हुई है।

# अवैध खनन से भरे दो वाहन पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** क्षेत्र में अवैध खनन परिवहन को रोकने के लिए राजस्व विभाग एवं पुलिस टीम द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए अवैध खनन से भरे दो पकड़े हैं जिनको थाना लाकर सीज कर दिया गया है।

सोमवार को जिलाधिकारी मनीष बंसल के निर्देशानुसार एसडीएम सदर सुबोध की अगुवाई में राजस्व टीम एवं स्थानीय थाना पुलिस टीम ने अवैध खनन पर शिकंजा कसते हुए गंदेवड़ रोड पर चौकिंग के दौरान अवैध खनन से भरे दो डम्पर पकड़े हैं।

बतातें चलें कि अवैध खनन एवं परिवहन पर पूर्णतया अंकुश लगाए जाने को दृष्टिगत रखते हुए राजस्व एवं पुलिस टीम द्वारा संयुक्त रुप से लगातार कार्यवाही की जा रही है।

थाना प्रभारी निरीक्षक चन्द्रसेन सैनी ने बताया है कि पुलिस टीम द्वारा खनन वाहन चौकिंग के दौरान खनिज से भरे दो डम्परो को रोका गया जिनसे खनन सम्बन्धी पत्राचार मांगे जाने पर कोई भी वैध पत्राचार नही मिल पाया। जिसकी सूचना राजस्व एवं परिवहन विभाग को दे दी गई।

दोनो डंपरों को थाना लाया गया था जिनके विरुद्ध अग्रिम कानूनी कार्यवाही की जा रही है। जिसे लेकर हडकम्प मचा है।

## गैस लीक होने से महिला की हालत गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तीतरों।** रसोई घर में गैस लीक होने के कारण महिला गंभीर रूप से झुलस गई। गंभीर रूप से झुलसी महिला को हायर सेंटर रेफर किया गया है।

गांव झाड़वन निवासी सेठपाल की पत्नी सुदेश सुबह के समय नाश्ता बनाने के लिए रसोई घर में गई थी जैसे ही सुदेश ने रसोई घर में रखे चूल्हे को जलाने का प्रयास किया तो एलपीजी सिलेंडर से गैस का रिसाव होने के कारण रसोई घर में आग लग गई। आग की चपेट में आ जाने के कारण सुदेश गंभीर रूप से झुलस गई।महिला के शोर मचाने पर परिजन तथा ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उन्होंने आग को बुझाने का प्रयास किया। गंभीर रूप से झुलसी महिला को हायर सेंटर रेफर किया गया है।

# चेयरमैन व ईओ पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर पंचायत बेहट चेयरमैन अब्दुल रहमान उर्फ शालू कुरैशी व अधिशासी अधिकारी पर गौशाला निर्माण में भ्रष्टाचार के आरोप लगे है। मामले में मौके का निरीक्षण कर उच्च स्तरीय जांच की मांग की गयी।

बेहट के मौहल्ला सडकपार निवासी टीपू सुलतान ने जिलाधिकारी को दिये शिकायती पत्र में कहा कि पूर्वी यमुना नदी से सटी भूमि पर गौशाला का निर्माण किया जा रहा है। जलास्तर बढने के कारण जल नवनिर्मित गौशाला की दीवार तक पहुंच गया जिसके चलते कभी भी गौशाला के दीवारे गिर सकती है। नगर पंचायत चेयरमैन अब्दुल रहमान उर्फ शालू कुरैशी एवं नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी व कर्मचारियों की मिली भगत के कारण इस गौशाला का निर्माण पूर्वी यमुना नदी से मिलाकर किया जा रहा है। नदी में पानी आया तो गौशाला की बुनियादों को हिला दिया। उन्होने काह कि सरकार की इस योजना का लाभ इससे जनता को नही मिलेगा यदि नदी में पानी आयेगा तो गौशाला पूरी तरह प्रभावित होगी इसलिए उच्चाधिकारियों द्वारा मौके का निरीक्षण कर तत्वों की जांच करने के साथ ही दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाये।

## हिरनी बचाने की कथा का वर्णन

**चिलकाना।** सुलतानपुर नगर के मोहल्ला कोठीवाला में चल रही श्री गुरु रविदास साप्ताहिक अमृतमय कथा में सतगुरु रविदास महाराज द्वारा विपदा में फंसी हिरनी बचाने की सुंदर वर्णन किया गया।

रविवार रात्रि को चौथे दिन की कथा में कथावाचक सागर आनन्द ने बताया कि सतगुरु रविदास एक जंगल से गुजर रहे थे तब एक शिकारी हिरन को मारने लगता है तो हिरन उससे अपने बच्चो को दूध पिलाने की आखरी इच्छा जाहिर करती है तब शिकारी उससे जमानत मांगता है कि तेरी जमानत कौन लेगा। तब गुरु रविदास उसकी जमानत लेते है और हिरन अपने बच्चों को दूध पिलाने चली जाती तब हिरन के बच्चे उसकी आंखों में आंसू देखते है और समझ जाते है।

दूध पिलाने के बाद शिकारी हिरन को चारों दिशाओं से घेर लेता है एक दिशा में जाल, दूसरी दिशा कालिया कुत्ता, तीसरी दिशा में आग और चौथी दिशा में स्वयं धनुष से निशाना लगाने लगता है तब हिरन के बच्चे सन्त गुरु रविदास से प्रार्थना करते है कि हमारी माता को बचा लो।

तब गुरु रविदास ध्यानमंगन होकर पूर्वा हवा का रुख बदलकर पछवा करते है जिससे आग जाल में लग जाती है। कथा का शुभारंभ सुरेश तोमर, सुशील लाम्बा, निखिल व सागर ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कर किया। कथा में 80 साल के बुजुर्ग अमर सिंह व दीपक ने अपनी मधुर आवाज से भजन गाये ओर माहोल भक्तिमय कर दिया। इस अवसर पर निखिल, मा. मांगेराम, सन्दीप, रवि, राहुल, दीपक, सचिन, अशोक, अमन, मोनू, सोनू, सुमित, अतुल, अंकुश गौतम, धर्मराज आदि सहित सैंकड़ो की संख्या मे भक्तगण मौजूद रहे।

# टास्क फोर्स समिति करेंगे गठितः डा. अशोक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त शिक्षक संघ के प्रदेशाध्यक्ष डा. अशोक मलिक ने कहा कि भ्रष्ट अधिकारियों को बेनकाब करने के लिए 30 अगस्त को टास्क फोर्स समिति का गठन किया जायेगा।

डा. अशोक मलिक ने यह बात ग्राम खुर्द के एक स्कूल में आयोजित बैठक में कही। उन्होने कहा कि 30 अगस्त को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर निजी स्कूलों की समस्याओं के निस्तारण के लिए समस्या निवारण शिविर का प्रातः 10 बजे उद्घाटन किया जाएगा जिसमें पदाधिकारियों द्वारा निजी स्कूलों के सामने आ रही समस्याओं के निस्तारण के लिए समस्याएं सुनकर शिक्षा विभाग से निस्तारण कराया जाएगा। प्रदेश सचिव अमजद अली एडवोकेट एवं स्कूल प्रबंधक यशपाल सिंह ने कहा कि यू डाइस पोर्टल पर निजी स्कूलों के सामने बहुत से समस्याएं आ रही है सरकारी स्कूलों के प्रधानाचार्य के द्वारा फर्जी बच्चों के नामांकन कर रखे हैं। निजी स्कूलों के संचालकों द्वारा बार-बार अनुरोध करने के उपरांत भी बच्चों को ड्रॉपबॉक्स में नहीं डाल रहे।

इस अवसर पर अमजद अली एडवोकेट यशपाल सिंह योगेंद्र सिंह डॉक्टर तनवीर शशिकांत शर्मा वसीम अहमद अरुण कुमार नरेश कुमार अंशुल बाटला गययूर आलम डॉक्टर जावेद नूर बस्ती परवेज मास्टर अनवर श्रीमती कुसुम सिंह कंबोज अलफ मैडम अल्वी रेखा मनीष अंजना मुस्कान तान्या रजनी बिपाशा मीनाक्षी लीना राखी आदि उपस्थित रहे।

# अमेरिका को दो-टूक

लगता है कि अमेरिका से व्यापार को लेकर भारत का धैर्य भी टूटता जा रहा है। भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रूस के शहर मॉस्को से सीधे यह कहकर अमेरिका को चुनौती दे डाली है कि वह किसी के दबाव में आकर किसी के साथ भी व्यापार नहीं करेंगे और अपने स्वतंत्र निर्णय लेने की स्थिति को किसी भी हालत में नहीं छोड़ेंगे। भारतीय विदेश मंत्री ने यह बात उस समय कही जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने अपने विश्वसनीय सहयोगी सर्जियो को भारत में अमेरिका का राजदूत और दक्षिण व मध्य एशिया मामलों के लिए विशेष दूत में नामित किया है।

समझना मुश्किल है कि आखिर अमेरिकी राष्ट्रपति व्यापार को लेकर किस तरह की नीति पर चल रहे हैं। वह व्यापार को भी धमकियों के सहारे चलाना चाहते हैं। वह खुलकर दूसरे देशों के मामले में सीधे हस्तक्षेप कर रहे हैं कि वह किससे व्यापार करें और किससे नहीं। भारत के मामले में तो वह ज्यादा ही मुखर होकर बयानबाजी कर रहे हैं और सीधे भारत को चेता. वन दे रहे हैं कि अगर उसने रूस से तेल खरीदना जारी रखा, तो वह उसको सहन नहीं करेगा। अपनी इस धमकियों को अमल. ीजामा पहनाते हुए उन्होंने भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ भी लगा दिया है। हालांकि पर्दे के पीछे अभी भी बातचीत चल रही है, लेकिन भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने जिस अंदाज में अपनी बात को रखा है, उससे भी यही लगता है कि व्यापार को लेकर अमेरिका के साथ कोई सहमति बनती दिखाई नहीं दे रही है। अब तो भारत ने अमेरिका से डाक सेवा भी निलंबित कर दी है। हालांकि कई पश्चिमी देशों ने यह कदम उठाया है लेकिन भारत द्वारा उठाए गए कदम का अपना एक अलग महत्व है। असल में डोनाल्ड ट्रम्प अपनी ही धनक में किसी की सुनने के लिए तैयार नहीं हैं। भारत एक रणनीतिकार देश अमेरिका के लिए रहा है। ट्रम्प उस महत्व को ही कम करते दिखाई दे रहे हैं और पाकिस्तान को बढ़ावा देते दिखाई दे रहे हैं।

ट्रम्प का यह कहना भी हास्यास्पद है कि भारत रूस से जो व्यापार करता है विशेषकर तेल का, उससे वह भारी पैसे कमाता है। साथ ही रूस को भी आर्थिक रूप से मजबूत करता है। इस पर हमारे विदेश मंत्री ने साफ कह दिया है कि भारत किसी भी देश को इस बात के लिए मजबूर नहीं करता है कि वह भारत से तेल खरीदें, किसे खरीदना है किसे नहीं यह उनकी अपनी मर्जी। अमेरिका को समझना होगा कि रूस भारत का बेहद पुराना और परखा हुआ मित्र देश है। वह उसको एक झटके में नहीं छोड़ते। छोड़ना भी नहीं चाहिए। यह देखकर तो और भी नहीं, जिस तरह अमेरिका के राष्ट्रपति भारत के साथ मौजूदा व्यवहार कर रहे हैं, उससे उनकी विश्वसनीयता ही कम होती है आखिर सभी को अच्छी तरह मालूम है कि कोई भी संबंध भरोसे पर टिके होते हैं। अगर भरोसा ही दरक जाए, तो फिर संबंधों को पटरी पर लाना मुश्किल होता है। जहां तक बात रूस-यूक्रेन संघर्ष की है, तो इसके लिए भारत किसी भी रूप से जिम्मेदार नहीं है। बल्कि अगर निष्पक्षता के साथ कहा जाए तो यूरोप देश ही उसके लिए अधिक जिम्मेदार है और यूं भी आज की दुनिया में सभी को अपने हितों के अनुरूप आगे बढ़ने की स्वतंत्रता है।

## जेल वाली सरकार को याद कर रहे हैं लोग



आज दिल्ली वाले उनकी जेल वाली सरकार को याद कर रहे हैं, क्योंकि पिछले सात महीनों में भाजपा ने दिल्ली का बुरा हाल कर दिया है, राजनीतिक षड्यंत्र के तहत झूठे केस में फंसाकर जब केंद्र ने मुझे जेल भेजा, तो मैंने जेल से 160 दिन सरकार चलाई, कम से कम जेल वाली सरकार के वक्त बिजली नहीं जाती थी, पानी आता था, अस्पतालों और मोहल्ला क्लिनिक में फ्री दवाईयां मिलती थीं, फ्री टेस्ट होते थे, एक बारिश में दिल्ली का इतना बुरा हाल नहीं होता था, प्राइवेट स्कूलों को मनमानी और गुंडागर्दी करने की इजाजत नहीं थी, अगर किसी पर झूठा केस लगाकर उसे जेल में डाला जाए और बाद में वो दोषमुक्त हो जाए, तो उस पर झूठा केस लगाने वाले मंत्री को कितने साल की जेल होनी चाहिए।

**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व मुख्यमंत्री, दिल्ली**

# नदियों और पहाड़ों ने अपना हिस्सा लेना शुरू कर दिया है





**पवन सिंह**

हिमालय ने अपने हिसाब-किताब की फाइल खोल दी है। उसने अपना हिस्सा वापस लेना शुरू कर दिया है और दुनिया में अब तक ऐसी कोई भी वैज्ञानिक व आध्यात्मिक ताकत नहीं है, जो इसे रोक ले। हिमालय को पर्यटन और स्प्रीचुवल टूरिज्म के नाम पर रौंदने की कीमत आप सब को चुकानी होगी। इसके लिए खुद को तैयार कर लीजिए। याद रखिए नेचर यानी कि नदियों और पहाड़ों ने भी अपने नाम की रजिस्ट्री करा रखी है और उसका खसरा-खतौनी नेचर की तहसील में सुरक्षित है। अब इसी नेचर की तहसील ने अपनी जमीन का ब्यौरा निकाल लिया है।

किसी भी मानव की कल्पनाओं व धंधे के उद्देश्य से जनित। कपोल-कल्पित पात्रों चरित्रों किस्सों कहानियों में यह ताकत नहीं है, जो इसे रोक लें। अब आप को वह सारी जगह खाली करनी होगी और तथाकथित विकास का पागलपन रोकना होगा। यदि ऐसा नहीं किया तो नेचर आपको, आपके विकास सहित, हजारों फीट नीचे दफन कर देगी। कटते जंगलों ने मैदानी इलाकों का भी चेहरा बदलना शुरू कर दिया है। परिणामस्वरूप वर्षा चक्र गहरे प्रभावित हुआ है। इसकी कीमत बहुत बड़ी होगी। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जब पड़ोसी चीन अपने सबसे विस्तृत रेगिस्तान गोबा को हरित कर रहा है और पेड़ों को काटने की बजाए उन्हें प्रत्यारोपित कर रहा है, वहीं सत्ता-उद्योगपतियों-अफसरों और लकड़ी माफियाओं की चौकड़ी ने भयावह कटान व प्राकृतिक संसाधनों की लूट मचा रखी है। कोई सुनने वाला नहीं है। चारों ओर प्राकृतिक संसाधनों की डरावनी और वहशी लूट मची हुई है। लोगों को धर्म के नाम पर पागल करके प्राकृतिक नेअमतों की ऐसी अमंगलकारी लूट भारतीय इतिहास में पहले कभी नहीं हुई।

खैर, नदियां भी अपना रास्ता बनाना जानती हैं और ये संवेदनशील धरती, जिसे आपने अपने तथाकथित लालच के लिए लगभग तबाह कर डाला, अब उसकी बारी है। इसलिए वह सब देखने व सहने के लिए तैयार रहिए, जिसकी आपने कभी कल्पना नहीं की थी। आपका कोई भी कुल देवता, कोई पीर, कोई मूसा, कोई बाबा-बूबी, कोई महाराज, कोई सद्गुरु अब नहीं बचा पाएगा। सूखा, बाढ़, लैंड स्लाइडिंग, भूमि धसकना और बड़े व भयावह भूकंपों के लिए खुद को तैयार कर लीजिए।

हिमाचल प्रदेश में मंडी, कांगड़ा, कुल्लू, और चंबा को बाढ़ और भूस्खलन ने जबरदस्त नुकसान पहुंचाया है। इनमें से कुछ इलाके जैसे कान घाटी कुल्लू और सिहुंता चंबा में बादल फटने और भूस्खलन के कारण घर, सड़कें और खेती की जमीनें ध्वस्त हुई हैं। सैकड़ों लोग मारे गए हैं और यह क्रम अब साल दर साल बढ़ेगा। उत्तराखंड भी तबाही के मुहाने पर है, लेकिन संसाधनों की लूट और बड़ी-बड़ी योजनाएं बनाकर अंधी कमाई के लालच ने तबाही के नए अध्याय लिख डाले हैं।

भारतीय भू वैज्ञानिक सर्वेक्षण विभाग ने उत्तराखंड के चार जिलों टिहरी, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग और चमोली को भूस्खलन की दृष्टि से अति संवेदनशील माना है। भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण विभाग का मानना है कि चमोली जिले के चमोली सब डिवीजन, रुद्रप्रयाग जिले के रुद्रप्रयाग व ऊखीमठ सब डिवीजन, टिहरी जिले के घनसाली, नरेंद्रनगर एवं धनोल्टी सब डिवीजन और उत्तरकाशी जिले के डुण्डा एवं चिन्यालीसौड़ सब डिवीजनों में इस साल ही नहीं आने वाले वर्षों में भी भूस्खलन की भयावह घटनाएं हो सकती हैं।

पहाड़ों के धंसने की यह घटनाएं समूचे पर्वतीय क्षेत्रों में हो सकती हैं। जंगलों की बेतहाशा कटान व अन्य गतिविधियों ने मानवीय जीवन के लिए गंभीर खतरे पैदा कर दिया हैं। इनमें क्लाइमेट फैक्टर, एंथ्रोपोजेनिक एक्टिविटी, एक्सेसिव रेनफॉल, नेचुरल एक्टिविटी और एनवायरमेंटल डिग्रेडेशन जैसे कारक हैं। वर्ष, 1988 से 2024 के बीच समूचे उत्तराखंड में भूस्खलन की लगभग 15,000 से अधिक घटनाएं हुईं, जिसमें अरबों रुपये का नुकसान हुआ और सैकड़ों लोग मारे गए। वर्ष 2018 में जहां 496 भूस्खलन की घटनाएं दर्ज हैं वहीं 2019 में 291 भूस्खलन हुए। वर्ष, 2020 में 973 भूस्खलन, 2021 में 354 वर्ष, 2022 में 245 भूस्खलन, वर्ष 2023 में लगभग 1323 भूस्खलन की घटनाएं हुईं। वर्ष, 2024 में लगभग 1813 भूस्खलन की घटनाएं दर्ज हुईं। फिलहाल सरकारी आंकड़ों पर ही गौर करते हैं। इसके अनुसार 17 अगस्त, 2025 को कठुआ जिले में बादल फटने के बाद भूस्खलन हुआ, जिसमें सात लोगों की मौत हो गई। गृह मंत्रालय के अनुसार 30 जुलाई, 2025 तक, भारत में कुल हाइड्रो-मौसमी आपदाओं बाढ़ और भूस्खलन सहित में 1600 से अधिक लोगों की मृत्यु हो चुकी है। यह इतिहास में पहली बार हुआ है कि हिमालय प्रदेश में 20 अगस्त से 25 अगस्त, 2025 के बीच करीब 400 सड़कें बंद रहीं। जम्मू-कश्मीर में भी 24-25 अगस्त, 2025 को विगत 100 सालों का वर्षा का रिकॉर्ड टूटा है। कठुआ जिले में जम्मू-पठानकोट राजमार्ग पर लंगोटे मोड़ का पुल टूट गया। जिस राजस्थान में वर्षा कम हुआ करती थी वहां अब अफरा-तफरी का माहौल है। कोटा, सवाई माधोपुर, टोंक और बूंदी में बाढ़ ने कहर बरपा रखा है। हालात यह हो चले कि कोटा में वायु सेना का हेलिकाप्टर एमआइ-17 तैनात करना पड़ा। सीकर, कोटपुतली-बहरोड़, सिरोही, बूंदी, भीलवाड़ा, जयपुर, दौसा, नागौर, डीडवाना-कुचामन व टोंक में स्कूल तक बंद करने की चेता. वनी जारी करनी पड़ी। मैं पिछले कई दिनों से अपने कुछ पर्यावरणविदों व भू-विज्ञानी मित्रों से यह सवाल कर रहा हूं कि लाखों पेड़ जो हसदेव जंगल सहित अन्य जंगलों के काटे गए हैं क्या उनका दुष्प्रभाव शुरू हो चुका है? सवाल नंबर दो। यह काटे गए विशालकाय जंगल जो वर्षाजल से भरे बादलों को अपने आंचल और वनांगन में बरसाने को मजबूर कर देते थे, वहीं बादल अब पहाड़ी इलाकों की ओर ज्यादा घनीभूत तो नहीं हो रहे? हालांकि सभी ने कहा कि दुष्प्रभाव तो आरंभ हो गए हैं, लेकिन पुख्ता तौर पर अध्ययन के बाद ही स्पष्ट राय बना पाना संभव होगा।

फिलहाल हिमालई क्षेत्रों में इस साल बादल फटने की घटनाएं दोगुनी हो गई हैं। पिछले वर्ष जहां 40-50 घटनाएं दर्ज हुई थीं, वहीं इस वर्ष यह संख्या बढ़कर 80 तक पहुंच गई है। मैं अंतिम पंक्तियां लिखना तो नहीं चाहता था, लेकिन फिर भी लिख रहा हूं। आज 60-65 साल की आयु वाले तो 15-20 सालों में मर कर जा चुके होंगे लेकिन आने वाली पीढ़ी के लिए आप सब साक्षात भयावह मौत परोस कर जाएंगे। इसमें आपके बेटे, नाती-पोते-बेटी, बेटियां -बहुएं। शामिल होंगी। नेचर की डिक्शनरी में क्षमा शब्द है ही नहीं। यह पंक्तियां मैंने अपने लिए भी लिखी हैं, क्योंकि चौकड़ी जो खता कर रही है सदियां उसकी सजा पाएंगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# इस्राइलः मानवता का सबसे बड़ा दुश्मन

**इस्राईल की सैन्य कार्रवाइयों में फलस्तीन के रफाह और बेत हनून जैसे शहर बुरी तरह तबाह हो चुके हैं। इस समय केवल गजा पट्टी में ही पांच लाख से अधिक लोग भुखमरी, अभाव और मौत जैसी भयावह परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं। गजा की लगभग एक तिहाई आबादी अर्थात लगभग 6 लाख 41 हजार लोग मानवीय संकट जैसे भयानक हालात का सामना कर सकते हैं। अनुमान है कि इन विषम परिस्थितियों में जून 2026 तक पांच साल से कम उम्र के 1.32 लाख बच्चों की जान खतरे में पड़ सकती है। गजा में हमास संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार सात अक्टूबर 2023 से लेकर अब तक यहां 62,192 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि भुखमरी और कुपोषण से गजा में अब तक 271 लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें 112 बच्चे शामिल हैं।**



**तनवीर जाफरी**

बेंजामिन नेतन्याहू के नेतृत्व की इस्राईल सरकार ने अगस्त 2025 की प्रारंभ में फलस्तीन के गजा शहर पर पूर्ण नियंत्रण स्थापित करने की योजना को मंजूरी देने तथा इस्राईल की सुरक्षा कैबिनेट द्वारा गत 8 अगस्त को इस योजना को अनुमोदित करने के बाद गजा में नए सिरे से सैन्य अभियान शुरू कर दिया है।

गिडियन्स चैरियट्स II नाम की इस कार्रवाई को अंजाम देने के लिए इस्राईल ने लगभग 60,000 रिजर्व सैनिकों को बुलाया है जबकि 20,000 सैनिकों की सेवा अवधि बढ़ाई गई है। इस कार्रवाई को गजा शहर पर हमले के पहले चरण की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है। इस्राईली योजना के अनुसार इस कार्रवाई में उत्तरी गजा से हजारों फलस्तीनियों को दक्षिण की ओर विस्थापित किया जा सकता है। इसी उद्देश्य के साथ इस्राईल की सेना (आईडीएफ) गजा सिटी के बाहरी इलाकों में प्रवेश कर चुकी है। हालांकि इस्राईल सरकार द्वारा इस कार्रवाई का मकसद हमास को पूरी तरह से हथियारों से मुक्त करना, उसके नेताओं को गजा से निर्वासित करना, हमास द्वारा बंधक बनाए गए शेष लोगों को मुक्त कराना तथा गजा पट्टी को पूरी तरह से हथियार-मुक्त बनाना बताया जा रहा है, परन्तु विश्व इसे गजा पर कब्जे के इस्राईली दुष्प्रयास के रूप में देख रहा है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिक. ार प्रमुख ने इस कार्रवाई को अवैध कब्जा बताते हुए इसे तुरंत रोकने की मांग की है जबकि एमनेस्टी इंटरनेशनल ने इसे अपमानजनक बताते हुए कहा है कि यह कार्रवाई गजा पर इस्राईली सैन्य कब्जे को मजबूत करेगी। इस्राईल के सहयोगी देश अमेरिका व ब्रिटेन सहित अन्य देशों ने भी इस्राईल की इस कार्रवाई को अवैध बताते हुए इस पर गहरी चिंता जताई है परन्तु इस्राईल की नेतन्याहू सरकार पूरे विश्व की चिंताओं को नजरअंदाज करते हुए गजा पर सैन्य नियंत्रण कर अपने इस अवैध कब्जे के मिशन पर आगे बढ़ती जा रही है। इस योजना के अंतर्गत इस्राईल, गजा पर प्रमुख सुरक्षा नियंत्रण रखेगा, जिसमें सीमाओं, हवाई क्षेत्र और समुद्री पहुंच शामिल है। उधर इस्राईल की सेना में भी इस योजना पर एक राय नहीं है। आईडीएफ के ही कई वरिष्ठ अधिकारी इस योजना का विरोध कर रहे हैं। उनका मत है कि यह योजना जहां पहले से ही युद्ध से जूझ रहे आईडीएफ के सैनिकों को थकाने वाली साबित हो सकती है वहीं इससे इस्राईल अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अलग थलग भी पड़ सकता है। केवल नेतन्याहू ही इस कार्रवाई को जरूरी समझ रहे हैं। दरअसल इस्राईल में नेतन्याहू की इस घातक समझ को अतिवादियों के मध्य राजनीतिक लाभ हासिल करने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। दूसरी तरफ फिलिस्तीनियों में इस योजना को गजा पर पूरी तरह से कब्जा करने और फिलिस्तीनी राज्य की संभावना को नष्ट करने का प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। यूएन रिपोर्ट्स में इसे मानवीय आपदा बताया रहा है, क्योंकि इससे न केवल बड़ी संख्या में विस्थापन बढ़ेगा बल्कि इसमें काफी लोगों की मौत भी हो सकती है और यह गजा के बुनियादी ढांचे की तबाही भी बढ़ा सकता है। हमास ने तो तो इसे नरसंहार बताते हुए कहा है कि इससे युद्ध और भी लंबा चलेगा। जबकि फलस्तीन इसे इस्राईल की विस्तारवादी नीति के रूप में वर्णित कर रहा है जो वेस्ट बैंक में नए बस्तियों से जुड़ी हुई है। गौरतलब है कि गजा सिटी में लगभग 5 लाख से अधिक फलस्तीनी रहते हैं जो हमास के विरुद्ध की जा रही इस्राईली सैन्य कार्रवाई के परिणाम स्वरूप पहले से ही भुखमरी और विस्थापन जैसे मानवीय संकट से जूझ रहे हैं। अब तो इस इलाके में अकाल के हालात बन चुके हैं परन्तु इन्हीं हालात के बीच इस्राईल के रक्षा मंत्री इस्राईल कात्ज ने यह धमकी भी दे दी है कि यदि हमास ने हथियार छोड़ने और सभी बंधकों की रिहाई की शर्त नहीं मानी तो पूरे गजा शहर को शतबाहश कर दिया जाएगा। गजा पर सैन्य नियंत्रण को लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हो रही आलोचना और देश के भीतर ही इस योजना के भारी विरोध के बीच इस्राईल के रक्षा मंत्री द्वारा गजा शहर को तबाह कर देने जैसे गैर जिम्मेदाराना बयान देने का सीधा सा अर्थ है कि गजा को लेकर इस्राईल सरकार की मंशा ठीक नहीं है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# आम जीवन सरल बनाने में मदद कीजिए



**अशोक मधुप**



सरकारों का काम आदमी के जीवन को सरल बनाना है।तकनीक के माध्यम से उसे ऐसी सुविधाएं देना है कि वह परेशान न हो, किंतु भारत में हो इसके विपरीत रहा है। उन्हें अलग अलग काम के लिए थोड़ी थोड़ी बात के लिए परेशान किया जा रहा है। उनके जीवन को दुरूह किया जा रहा है।

आज सबसे बड़ी परेशानी हैं बैंको में जाकर खाते की केवाईसी कराने की। बैंकों की केवाईसी के नाम पर बैंक खाताधारक को परेशान किया जा रहा है। हालत यह है कि केवाईसी करानी है, इसकी उसे सूचना भी नही मिलती। उसे उसके लिए बैंक की ओर से मैसेज भी नहीं आता। मेल आनी चाहिए। किंतु ऐसा हो नहीं रहा। वैसे प्रत्येक ट्रांजेक्शन के मैसेज आते रहते हैं। केबाईसी कराना है, इसका पता तब चलता है जब खातेधारक के चौक का भुगतान रोक दिया जाता है। वह पेमेंट नहीं कर पाता। भुगतान रोकने के कारण चौक जारी करने वाले पर संबधित बैक या सस्थाएं चार सौ से आठ सौ रुपये तक का जुर्माना लगा देती है। मैंने पिछले साल ओरियंटल इंशोरेंस कंपनी को अपनी मेडिक्लेम पोलिसी के लिए चैक दिया। चैक बैंक गया तो भुगतान रुक गया।

मैं बैंक गया। बैंक प्रबंधक ने खाता देखकर कहा कि खाता आपका जारी है। चैक का भुगतान कैसे रुका पता नहीं। उनके एक स्टाफ ने देखकर बताया कि खाता बंद किया हुआ है। बैंक प्रबंधक ने कहा कि अब सब कंप्यूटराइज है। हमें पता नहीं चलता और खुद जाता है। बैंक स्टाफ के पता है या नहीं। इससे खाताधारक को क्या लेना। मेरे से तो इंशोरेंस कंपनी ने चैक डिस ओनर होने के छह सौ रूपये अतिरिक्त वसूल लिए। मुझे तो फालतू का छह सौ रूपये का दंड पड़ गया।

अभी लाकर आपरेट करने बैंक जाना पड़ा तो बैंक स्टाफ ने कहा कि इसकी केवाईसी कराईए। हमने कहा कि अभी खाते की तो कराई है। उनका कहना था कि बैंक लॉकर की भी करानी है। लाकर बैंक के खाते से जुड़ा है, यह बताने पर भी बैंक कर्मी नहीं माने। यदि आपके पास चार पांच बैंक खाते हैं तो प्रत्येक दो साल से केवाईसी कराने जरूर जाना होगा।

अभी तक बैंक खाते चालू रखने के लिए केवाईसी करानी थी। अब बिजली विभाग के मैसेज आ रहे हैं, कि अपने कनेक्शन की ईकेवाईसी कराईए। आज जहां चारों ओर धोखे का जाल फैला है। ठग आपको फंसाने में लगे हैं, ऐसे में किस मैसेज को सही माना जाए, किसे गलत यह कैसे पता चले। अभी परिवहन विभाग का मैसेज आया है कि आधार आथोराइजेशन माध्यम से अपने ड्राइविंग लाइसैंस पर अपना मोबाइल नंबर अपडेट कराइए।

समझ नहीं आ रहा कि क्या क्या कराएं। हम पर यह सब करना नहीं आता। इसका मतलब यह की रोज जनसेवा केंद्र पर जाइए। लाइन में लगिए और पैसा भी दीजिए। लगता है कि कहीं यह जनसेवा केंद्र की आय बढ़ाने के लिए तो नहीं किया जा रहा। अभी पिछले दिनों आदेश आया कि अपना आधार कार्ड प्रत्येक दस साल में अपडेट कराना है। मैं छोटे शहर में रहता हूं। यहां कि आबादी दो लाख के करीब है। पूरे शहर में आधार कार्ड अपडेट कराने का एक ही सैंटर है। मुख्य डाकघर। उसमें आधार कार्ड बनवाने वालों की सवेरे आठ बजे से लाइन लग जाती है। हम 75 साल से ऊपर के पति पत्नी कैसे उस लाइन में लगें , यह कोई सोचने और बताने वाला नहीं है। दूसरे केंद्र का दरवाजा खुलने पर इस तरह धक्का-मुक्की होती है कि हम लाइन में लगे तो हाथ-पांव तुड़ाकर जरूर अस्पताल जांएगे।

केद्र सरकार रिजर्व बैंक को आदेश करना चाहिए कि बैंक अपने यहां अतिरिक्त स्टाफ रखे। उसक कार्य सिर्फ खातेधारकों से समय लेकर उनके खातों की केवाईसी कराना हो। सरकार जिस तरह वोट बनवाती है। वोटर का वेरिफिकेशन कराती है। उसी तह से केवाईसी कराई जाए। इसके बैंक खाता धारकों को सुविधा होगी। केवाईसी कराने के लिए रखे जाने वाले युवाओं को रोजगार मिलेगा। यही काम राज्य की बिजली कंपनी कर सकती हैं। विभागीय मीटर रीडर माह में एक बार रीडिंग लेने उपभोक्ता के घर जाते हैं। वे ही उपभोक्ता से केवाईसी के पेपर लेलें। मीटर रीडर को उपभोक्ता जानते हैं उन्हें पेपर देते किसी उपभोक्ता को परेशानी भी नहीं होगी।

मीटर रीडर आफिस आकर इस कार्य में लगे स्टाफ को पेपर देकर केवाईसी कराएं। हो यह रहा है कि संबधित विभाग बैंक बिजली अपना कार्य उपभोक्ता पर डाल उसके जीवन को कठिन बना रहे हैं, जबकि उन्हें अपने ग्राहकों को सुविधाएं देनी चाहिए थीं। ऐसा ही आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए व्यवस्था की जानी चाहिए। हां इसके लिए उपभोक्ता से थोड़ा बहुत चार्ज लिया जा सकता है। अभी एक मैसेज आया कि आपका इन्कमटैक्स का रिटर्न स्वीकार कर लिया गया है। मैंने अभी रिटर्न भरा नहीं, सो यह मैसेज बेटे को भेज दिया कि शायद उसने रिटर्न भरा हो। उसका जबाब आया कि पापा इस मैसेज के लिंक पर क्लिक मत करना। यह गलत लगता है।

आज सबसे बड़ी समस्या है कि सही और गलत का कैसे तै हो। किसी न किसी तरह धोखे में लेकर रोज हजारों व्यक्ति रोज ठगे जा रहे हैं। इससे कैसे बचा जाए? ऐसे हालात में जीवन दुरूह होता जा रहा है। केंद्र और राज्य सरकारों को आम आदमी का जीवन को सरल बनाने के लिए काम करना चाहिए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये लेखक के निजी विचार हैं)

# इंसानियत के नाते बाढ़ का दिया अलर्टः भारत

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाक से बातचीत बंद थी, जम्मू की तवी नदी में अचानक आई बाढ़



**पाक मीडिया रिपोर्ट्स में दावाः भारत ने सिंधु जल संधि के तहत बाढ़ की जानकारी दी**

**नई दिल्ली।** भारत ने जम्मू- कश्मीर की तवी नदी में बाढ़ के हालात को देखते हुए मानवीय आधार पर पाकिस्तान को इसकी जानकारी दी है। भारतीय विदेश मंत्रालय के मुताबिक, यह कदम पूरी तरह से मानवीय सहायता के मकसद से उठाया गया है। इस्लामाबाद में भारतीय हाई कमीशन ने पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय को बाढ़ की जानकारी दी है। यह पहला मौका है जब इस तरह की जानकारी हाई कमीशन के जरिए साझा की गई। आमतौर पर, सिंधु जल संधि के तहत बाढ़ से जुड़ी चेतावनी दोनों देशों के वाटर कमिश्नर के बीच शेयर की जाती थी।

इसी साल मई में भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद से दोनों देशों में बातचीत लगभग बंद है। आज पाकिस्तान की मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि भारत ने सिंधु जल संधि के तहत पाकिस्तान को संभावित बाढ़ की जानक. ारी दी है। जियो न्यूज और द न्यूज इंटरनेशनल ने सूत्रों के हवाले से बताया कि भारत ने 24 अगस्त की सुबह जम्मू की तवी नदी में बाढ़ की आशंका को लेकर इस्लामाबाद को आगाह किया। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने 1960 में पाकिस्तान के साथ हुई सिंधु जल संधि को स्थगित कर दिया था। इसके तहत सिंधु वाटर सिस्टम की 3 पूर्वी नदियों का पानी भारत इस्तेमाल कर सकता है और बाकी 3 पश्चिमी नदियों के पानी पर पाकिस्तान को अधिक. ार दिया गया था। सिंधु नदी प्रणाली में कुल 6 नदियां हैं- सिंधु, झेलम, चिनाब, रावी, ब्यास और सतलुज। इनके किनारे का इलाका करीब 11.2 लाख वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। इसमें 47 प्रतिशत जमीन पाकिस्तान, 39 प्रतिशत जमीन भारत, 8 प्रतिशत जमीन चीन और 6 प्रतिशत जमीन अफगानिस्तान में है। इन सभी देशों के करीब 30 करोड़ लोग इन इलाकों में रहते हैं। 1947 में भारत और पाकिस्तान के बंटवारे के पहले से ही भारत के पंजाब और पाकिस्तान के सिंध प्रांत के बीच नदियों के पानी के बंटवारे का झगड़ा शुरू हो गया था। 1947 में भारत और पाक के इंजीनियरों के बीच 'स्टैंडस्टिल समझौता' हुआ। इसके तहत दो मुख्य नहरों से पाकिस्तान को पानी मिलता रहा। ये समझौता 31 मार्च 1948 तक चला। 1 अप्रैल 1948 को जब समझौता लागू नहीं रहा तो भारत ने दोनों नहरों का पानी रोक दिया। इससे पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की 17 लाख एकड़ जमीन पर खेती बर्बाद हो गई।

## रूस से तेल खरीदता रहेगा भारत

**भारतीय राजदूत ने कहाः जहां सस्ता तेल मिलेगा, वहीं से लेंगे, ट्रम्प के टैरिफ को बेबुनियाद बताया**

**मास्को।** रूस में भारत के राजदूत विनय कुमार ने कहा है कि भारत रूस से तेल खरीदना जारी रखेगा। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी टीएएसएस को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि भारतीय कंपनियां तेल वहीं से खरीदेंगी जहां उन्हें सबसे अच्छा सौदा मिलेगा।

उन्होंने भारत पर अमेरिका के 50 प्रतिशत टैरिफ को बेबुनियाद बताया। विनय कुमार ने कहा कि ट्रम्प ने रूसी तेल खरीदने की वजह से भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाया है, जो 27 अगस्त से लागू हो जाएगा। इससे पहले ट्रम्प जुलाई में भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगा चुके हैं, जिससे आने वाले दिनों में भारतीय सामान के आयात पर अमेरिका में 50 प्रतिशत टैरिफ देना होगा। भारत में रूसी डिप्लोमेट रोमन बाबुश्किन ने 20 अगस्त को बताया था कि भारत को रूस के कच्चे तेल पर करीब 5 प्रतिशत की छूट मिल रही है।

भारत, चीन के बाद रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार है। यूक्रेन युद्ध से पहले भारत रूस से सिर्फ 0.2 प्रतिशत (68 हजार बैरल प्रतिदिन) तेल इम्पोर्ट करता था। मई 2023 तक यह बढ़कर 45 प्रतिशत (20 लाख बैरल प्रतिदिन) हो गया, जबकि 2025 में जनवरी से जुलाई तक भारत हर दिन रूस से 17.8 लाख बैरल तेल खरीद रहा है। पिछले दो साल से भारत हर साल 130 अरब डालर (11.33 लाख करोड़ रुपये) से ज्यादा का रूसी तेल खरीद रहा है। ट्रम्प के ट्रेड एडवाइजर ने भारत पर मुनाफाखोरी का आरोप लगाया था। इससे पहले ट्रम्प के ट्रेड एडवाइजर पीटर नवारो ने भारत पर रूस से तेल खरीदकर मुनाफाखोरी का आरोप लगाया था।



नोएडा। एक कार्यक्रम में ग्रुप फोटो के लिए पोज देती मिस टीन इंटरनेशनल 2025 की प्रतिभागी।

## पाकिस्तान 1971 के जनसंहार के लिए माफी मांगेः बांग्लादेश

**ढाका।** बांग्लादेश ने पाकिस्तान से 1971 में हुए जनसंहार के लिए माफी मांगने को कहा है। दरअसल, पाक उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार बांग्लादेश दौरे पर गए थे। यहां उन्होंने कहा था कि बांग्लादेश के साथ 1971 का विवाद हल हो चुका है। हालांकि, बांग्लादेश ने पाकिस्तान के दावे को खारिज कर दिया। विदेश मामलों के सलाहकार तौहीद हुसैन ने साफ कहा कि पुराने मुद्दों को सुलझाकर ही दोनों देशों के बीच मजबूत रिश्ते बनाए जा सकते हैं। दरअसल, 1971 की जंग में पाकिस्तानी सेना पर हजारों बांग्लादेशी महिलाओं के साथ रेप, हत्या और आगजनी का आरोप लगा था। इसे लेकर इशाक डार ने कहा कि पाकिस्तान 2 बार बांग्लादेश से माफी मांग चुका है। डार ने बांग्लादेश से संबंध बेहतर करने के लिए इस्लाम की दुहाई भी दी। उन्होंने पत्रकारों के एक सवाल के जवाब में कहाः इस्लाम भी हमें अपने दिलों को पाक (शुद्ध) करने के लिए कहता है। इशाक डार 23 और 24 अगस्त को बांग्लादेश की दो दिवसीय यात्रा पर थे। उन्होंने ढाका में बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस और विदेश सलाहकार से मुलाकात की।

## संक्षिप्त समाचार

### हूतियों ने पहली बार इज़रायल पर क्लस्टर मिसाइल से हमला किया

**तेल अवीव।** यमन के हूतियों ने इस सप्ताह पहली बार इजरायल पर क्लस्टर वारहेड वाली बैलिस्टिक मिसाइल दागी। इजरायली संवाददाता समिति कान ने बताया कि शुक्रवार रात इज़राइल पर दागी गई मिसाइल हवा में ही टूट गई। कान की रिपोर्ट के अनुसार, इज़रायली वायु रक्षा प्रणालियां इस प्रकार की मिसाइलों को रोकने में सक्षम हैं। हूती मिसाइल को रोकने के मामले की जांच की जा रही है। विदित हो कि उत्तरी यमन और यमन के लाल सागर तट के अधिकांश हिस्से पर नियंत्रण रखने वाले हूतियों ने 2023 के अंत में फलस्तीन के समर्थन की घोषणा की थी।

### यूक्रेनी ड्रोन हमलों से रूसी परमाणु संयंत्र में लगी आग

**मॉस्को।** यूक्रेन के ड्रोन हमलों से रूस के एक परमाणु संयंत्र और अन्य ऊर्जा संयंत्रों में आग लग गई। स्थानीय अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। क्षेत्रीय परिचालन मुख्यालय ने बताया कि कल तड़के एक यूक्रेनी ड्रोन का मलबा कुर्स्क परमाणु ऊर्जा संयंत्र के एक ट्रांसफार्मर पर गिरा, जिससे आग लग गई और संयंत्र को क्षति पहुंची है। इसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, साथ ही बताया गया कि आग पर काबू पा लिया गया है। संयंत्र तथा आसपास के क्षेत्र में विकिरण का स्तर अपरिवर्तित बना हुआ है।

### रूस के पुलकोवो हवाई अड्डे से 10 उड़ानें की रद्द

**मास्को।** रूस के उत्तर-पश्चिमी शहर सेंट पीटर्सबर्ग स्थित पुलकोवो अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे ने हवाई क्षेत्र प्रतिबंधों के कारण 90 उड़ानें रद्द कीं और कई अन्य विमानों ने देरी से उड़ान भरी या फिर उनके मार्ग में परिवर्तिन किया गया। हवाई अड्डा प्राधिकरण ने रविवार को यह जानकारी दी। प्राधिकरण ने एक बयान में कहा कि हवाई अड्डे पर लगभग 20 घंटे तक प्रतिबंधों के बीच परिचालन हुआ।

### अफगानिस्तान सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत, चार घायल

**काबुल।** उत्तरी अफगानिस्तान के बदख्शां प्रांत में एक सड़क दुर्घटना में तीन यात्रियों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। प्रांतीय पुलिस प्रवक्ता एहसानुल्लाह कामगर ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना रविवार दोपहर को कोहिस्तान ज़िले के पुल-ए-शोर्पे इलाके में हुई।

## किसानों को व्यापार युद्ध की कीमत नहीं चुकानी चाहिएः चीन

**दोनों देशों के उद्योग संघों, कृषि उद्यमों और विद्वानों ने भाग लिया**

**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका में चीनी राजदूत ज़ी फेंग ने हाल ही में कहा कि दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण कृषि उत्पादक और उपभोक्ता होने के नाते, चीन और संयुक्त राज्य अमेरिका की कृषि में अपनी-अपनी खूबियां हैं और वे एक-दूसरे के पूरक हो सकते हैं।

ज़ी फेंग ने वाशिंगटन डी-सी- में अमेरिका-चीन सोयाबीन उद्योग साझेदारों के स्वागत समारोह में यह टिप्पणी करते हुए कहा कि चीन और अमेरिका मिलकर वैश्विक खाद्यान्न का लगभग 40 प्रतिशत उत्पादन करते हैं और कुल खाद्यान्न का एक-चौथाई उपभोग करते हैं। चीन को श्रम-प्रधान कृषि उत्पादों में तुलनात्मक लाभ प्राप्त है, जबकि अमेरिका मशीनीकृत, बड़े पैमाने पर उत्पादन के माध्यम से भूमि-प्रधान कृषि वस्तुओं में विशेषज्ञता रखता है, इस कार्यक्रम का आयोजन अमेरिकी सोयाबीन निर्यात परिषद और खाद्य पदार्थों, देशी उत्पादों और पशु उप-उत्पादों के आयात और निर्यात के लिए चीन चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था, जिसमें दोनों देशों के उद्योग संघों, कृषि उद्यमों और विद्वानों ने भाग लिया। जी ने कहा कि कृषि आदान-प्रदान और सहयोग ने न केवल दोनों देशों के उपभोक्ताओं के लिए अधिक विकल्प उपलब्ध कराए हैं, बल्कि अमेरिकी किसानों की जेब में भी अधिक पैसा डाला है।

## एससीओ में शामिल होने के लिए कई देशों की रुचि बढ़ीः चीन

**मास्को।** रूस में चीनी राज. दूत झांग हानहुई ने कहा है कि कि शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) का भविष्य में विस्तार हो सकता है क्योंकि अधिक से अधिक देश इसमें शामिल होने में रुचि दिखा रहे हैं। झांग ने समाचार एजेंसी स्पूतनिक को दिए साक्षात्कार में कहा कि वर्तमान में, अधिक से अधिक देश इस संगठन में शामिल होने या इसके साथ सहयोग मजबूत करने में रुचि दिखा रहे हैं। यह एससीओ अवधारणा के बारे में उनकी गहरी समझ और इसके विकास की संभावनाओं में उनके विश्वास की पूरी तरह पुष्टि करता है। उन्होंने कहा कि एससीओ का विस्तार, इस संगठन की समग्र शक्ति और क्षेत्रीय प्रभाव को मजबूत करता है लेकिन यह कभी भी एक उद्देश्यपूर्ण कार्य नहीं होकर विकास का एक स्वाभाविक परिणाम रहा है।

# भारत-फिजी के बीच सात समझौतों पर हस्ताक्षर

## भारत और फिजी की आकांक्षाएं एक ही नाव पर सवार, दोनों देशों के बीच बातचीत के बाद बोले मोदी



**पीएम मोदी व उनके फिजी समकक्ष राबुका के बीच वार्ता के बाद भारत और फिजी ने सात समझौतों पर हस्ताक्षर किए**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फिजी के प्रधानमंत्री सिटिवेनी लिगामामादा राबुका, हैदराबाद हाउस में भारत और फिजी के बीच हुए समझौतों के आदान-प्रदान के साक्षी बने। प्रधानमंत्री मोदी और उनके फिजी समकक्ष राबुका के बीच वार्ता के बाद भारत और फिजी ने सात समझौतों पर हस्ताक्षर किए। फिजी के प्रधानमंत्री सिटिवेनी लिगामामादा राबुका प्रधानमंत्री मोदी की बुधवार को एक संयुक्त प्रेस वार्ता हुई।

इस दौरान पीएम मोदी ने जलवायु परिवर्तन को फिजी के लिए खतरा बताते हुए कहा कि हम आपदा प्रतिक्रिया से निपटने में उसकी मदद करेंगे। पीएम मोदी ने कहा कि भारत और फिजी भले ही महासागरों से बंटे हुए हों, लेकिन हमारी आकांक्षाएं एक ही नाव पर सवार हैं। इस दौरान फिजी के नेता भी उनके साथ थे। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि 33 वर्षों के बाद, 2014 में, किसी भारतीय प्रधानमंत्री ने फिजी का दौरा किया। मुझे बहुत खुशी और गर्व है कि यह मेरा सौभाग्य था। उस समय, हमने फारेन फार इंडिया पैसिफिक आइलैंड कोऑपरेशन-एफआईपीआईसी का गठन किया था। इस पहल ने न केवल भारत-फिजी संबंधों को बल्कि पूरे प्रशांत क्षेत्र के साथ हमारे संबंधों को भी मजबूत किया। प्रधानमंत्री राबुका की इस यात्रा के साथ, हम अपने संबंधों में एक नया अध्याय जोड़ रहे हैं। भारत और फिजी ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फिजी के समकक्ष सितवेनी लिगामामादा राबुका के साथ व्यापक वार्ता के बाद अपने रक्षा संबंधों को विस्तार देने के लिए एक व्यापक कार्य योजना तैयार की। पीएम मोदी ने कहा कि भारत और फिजी भले ही महासागरों की दूरी पर हों, लेकिन हमारी आकांक्षाएं एक ही नाव पर सवार हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि भारत और फिजी एक स्वतंत्र, समावेशी, खुले, सुरक्षित और समृद्ध भारत-प्रशांत का समर्थन करते हैं। राबुका तीन दिवसीय यात्रा पर दिल्ली पहुंचे। दक्षिण प्रशांत क्षेत्र के प्रधानमंत्री के रूप में यह उनकी पहली भारत यात्रा है। समुद्री सुरक्षा के क्षेत्र में फ़िजी भारत के लिए एक महत्वपूर्ण राष्ट्र है। प्रशांत क्षेत्र में अपनी रणनीतिक पकड़ बढ़ाने के चीन के अथक प्रयासों की पृष्ठभूमि में, भारत फ़िजी के साथ अपने रक्षा संबंधों को बढ़ाने पर विचार कर रहा है। मोदी और राबुका के बीच वार्ता के बाद, दोनों पक्षों ने विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को व्यापक बनाने के लिए सात समझौतों पर हस्ताक्षर किए।



# दुनिया के सबसे ताकतवर रॉकेट स्टारशिप का 10वां टेस्ट टला

## ग्राउंड सिस्टम में खराबी पता चली, अब कल सुबह 3 बजे होगी लॉन्चिंग

**इससे पहले ये टेस्ट 29 जून को होना था, लेकिन स्टैटिक फायर टेस्ट के दौरान स्टारशिप में ब्लास्ट हो गया था**

**टेक्सास।** दुनिया के सबसे ताकतवर राकेट स्टारशिप का 10वां टेस्ट ग्राउंड सिस्टम में आई खराबी के कारण टाल दिया गया है।

ग्राउंड सिस्टम में खराबी का मतलब है कि राकेट लान्च करने के लिए जमीन पर मौजूद उपकरणों, मशीनों या सिस्टम में कोई तकनीकी समस्या आ गई है। इसे आज यानी, 25 अगस्त को बोका चिका से सुबह 5 बजे लान्च किया जाना था। अब भारतीय समय के अनुसार मंगलवार सुबह 5 बजे इसे लान्च किया जाएगा। इससे पहले ये टेस्ट 29 जून को होना था, लेकिन स्टैटिक फायर टेस्ट के दौरान स्टारशिप में ब्लास्ट हो गया था।

इस टेस्ट में राकेट को जमीन पर रखकर उसके इंजन को चालू किया जाता है, ताकि लान्च से पहले सब कुछ ठीक हो, ये चेक किया जा सके। टेस्ट के दौरान राकेट के ऊपरी हिस्से में अचानक विस्फोट शुरू हुआ। देखते ही देखते पूरा राकेट आग के गोले में बदल गया था। दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी इलान मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने इस राकेट को बनाया है। स्टारशिप स्पेसक्राफ्ट (ऊपरी हिस्सा) और सुपर हैवी बूस्टर (निचला हिस्सा) को कलेक्टिवली 'स्टारशिप' कहा जाता है। इस व्हीकल की ऊंचाई 403 फीट है। ये पूरी तरह से रीयूजेबल है। राकेट के ऊपरी हिस्से में, जहां फ्यूल टैंक होते हैं, अचानक विस्फोट शुरू हुआ। देखते ही देखते पूरा राकेट आग के गोले में बदल गया। स्टारशिप के ऊपरी हिस्से की इंडियन ओशन कंट्रोल्ड वाटर-लैंडिंग कराई जाएगी। वहीं सुपर हेवी बूस्टर को लान्च साइट पर वापस नहीं लाया जाएगा। इसकी अमेरिका की खाड़ी में वाटर लैंडिंग कराई जाएगी। ऐसा जरूरी डेटा जुटाने के लिए क्या जाएगा। स्टेज सेपरेशन के बाद बूस्टर एक कंट्रोल्ड दिशा में फ्लिप करेगा और फिर बूस्टबैक बर्न शुरू करेगा। इसमें कम प्रोपेलेंट रिजर्व रखने की जरूरत होती है, जिससे चढ़ाई के दौरान ज्यादा प्रोपेलेंट इस्तेमाल हो सकता है और आर्बिट में ज्यादा पेलोड ले जाया जा सकता है।

## सना पर इजरायली हवाई हमलों में मरने वालों की संख्या छह हुई

**काहिरा।** यमन की राजधानी सना पर सोमवार को हुए इज़रायली हवाई हमलों में मरने वालों की संख्या बढ़कर छह हो गई है और 86 लोग घायल हुए हैं। यमन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। हूथी स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता अनीस अल-असबाही ने सोशल मीडिया पर कहा कि अंतिम आंकड़ों के अनुसार, इजरायली आक्रमण में मरने वालों की संख्या बढ़कर छह हो गई है और 86 लोग घायल हुए हैं। यमनी सूत्र ने समाचार एजेंसी स्पूतनिक को बताया कि इज़रायल ने यमनी राजधानी और उसके बाहरी इलाकों पर रविवार को हवाई हमले किए थे। इन हवाई हमलों में सना में राष्ट्रपति भवन के पास एक सैन्य शिविर, एक बिजली संयंत्र और एक तेल कंपनी के प्रतिष्ठान को निशाना बनाया गया।

## चीनी टेलीग्राम चैनल पर महिलाओं की प्राइवेट तस्वीरें लीक

**चैनल पर एक लाख से ज्यादा मेंबर्स, स्कैंडल के खिलाफ कैंपेन को सरकार ने दबाया**

**बीजिंग।** चीन में महिलाओं की प्राइवेसी से जुड़ा बड़ा स्कैंडल सामने आया है। टेलीग्राम पर चल रहे एक सीक्रेट चैनल मास्क पार्क ट्रीहोल फोरम में हजारों महिलाओं की इंटिमेट फोटो और वीडियो शेयर किए जा रहे थे।

सीएनएन की खबर के मुता. बिक, चैनल के 1 लाख से ज्यादा सब्सक्राइबर थे। चीन में सिर्फ वीपीएन के जरिए चैनल को एक्सेस किया जा सकता था। पीड़ितों में शामिल महिला एमएसडी (20) ने बताया- उनके एक्स-बॉयफ्रेंड ने उनकी निजी तस्वीरें लीक कर दीं। एमएसडी के मुताबिक-उसे इसकी जानकारी तब मिली जब एक अनजान शख्स ने सबूत भेजकर बताया कि उसकी (एमएसडी) सोशल मीडिया डिटेल्स और वीडियो इस चैनल पर घूम रहे हैं। जब उसने एक्स-बॉयफ्रेंड से पूछा तो उसने 3 लोगों को तस्वीरें भेजने की बात मानी, लेकिन असल में लीक कहीं ज्यादा बड़ा था। पीड़ित ने कहा कि यह घिनौना है...जैसे हमें बार-बार वर्बल रेप किया जा रहा हो, हैरानी की बात है कि ये लोग अपनी ही फैमिली के बारे में भी फैंटेसी कर रहे हैं। इस चैनल पर महिलाओं की तस्वीरों के साथ-साथ नाबा. लिगों, अपराधियों की रिश्तेदार महिलाओं की भी तस्वीरें डाली गई थीं एमएसडी ने कहा कि पिछले महीने सोशल मीडिया पर इस बात खुलासा किया था। तब मामले ने तूल पकड़ा।

## गाजा में हॉस्पिटल पर इजरायल का मिसाइल हमला, 15 की मौत

**गाजा।** गाजा के हेल्थ मंत्रालय के मुताबिक, सोमवार को दक्षिणी गाजा में नासर हास्पिटल की चौथी मंजिल पर इजरायली मिसाइल हमले में 15 लोगों की मौत हो गई, जिनमें तीन पत्रकार शामिल हैं। मरने वालों में अल जजीरा और रायटर्स के पत्रकार थे। हेल्थ मंत्रालय ने बताया कि यह हमला एक 'डबल-टैप' हमला था, जिसमें लगातार दो मिसाइल हमले हुए। इससे रेस्क्यू का काम और ज्यादा खतरनाक हो गया। इजरायली सेना ने इस हमले पर अभी तक कोई बयान नहीं दिया है। हालांकि, इजरायल ने पहले अस्पतालों पर हमलों को यह कहकर जायज ठहराया है कि वहां हमास के आतंकवादी कमांड और कंट्रोल सेंटर चला रहे थे। कमेटी टू प्रोटेक्ट जर्नलिस्ट्स (सीपीजे) के मुताबिक, इजरायल-हमास संघर्ष अब तक कुल 192 पत्रकार मारे गए हैं। जबकि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में 200 से ज्यादा पत्रकारों के मारे जाने की कही गई है। इस जंग के मुकाबले अब तक रूस-यूक्रेन वार में सिर्फ 18 पत्रकारों की मौत हुई है।



अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com